# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला

# SOCIOLOGY

## Set-1 TO 10

**SET-I**
**SOCIOLOGY**
**A- Soc (opt)**

समयः 3 घंटा 15 मिनट । पूर्णांक-100

**(Time 3 Hours 15 Minutes)** **( Marks 100)**

परीक्षार्थी के लिए निदेंश-

**Instructions to the candidate-**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   **Candidate are requested to give their answers in their own words as for as possible.**

2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   **Figures in the right hand margin indicate full marks.**

3. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

   **Write groups number and questions number with every answers.**

4. सामान्य निर्देश्य-

   इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड 'अ', 'ब' और 'श' हैं। सभी खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य है।

खण्ड अः खण्ड-अ के सभी 40 प्रश्नों के उत्तर दें।

खण्ड बः खण्ड-ब में दिये गये सभी 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन अंक है।

खण्ड सः खण्ड-स में दिये गये सभी 5 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए छः अंक है।

**4. General Instruction-**

**The paper consists of three group i.e. A, B and C. All questions of all group compulsory.**

**Group A : All the 40 question are to be answered in group A. Each question carries 1 mark.**

**Group B : Answer all the 10 questions in group B. Each question carries 3 marks.**

**Group C : Answer all the five question in group C. Each question carries 6 marks.**

## खण्ड-अ
## ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )
## Group- A
## (Objective Type Questions)

**सभी विकल्प का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए।**

**Answer each question by selecting the correct choice.**

1. ''समाज सामाजिक संबंधों का जाल है'', किसने कहा ?

   (क) स्पेन्सर (ख) मेकाइवर एवं पेज

   (ग) पारसन्स (घ) कोई नहीं

   Who said, "Society is the network of social relationships".

   (a) Spencer (b) Maciver & Page

   (c) Parsons (d) None.

2. संस्कृतिकरण की अवधारणा किसने दी ?

   (क) कार्ल मार्क्स (ख) ऑगस्ट कौंत

   (ग) वार्ड (घ) श्रीनिवास

   Who gave the concept of sanskritization?

   (a) Karl Marx (b) Auguste Comte

   (c) Ward (d) Shriniwas.

3. समाजशास्त्र के पिता के रूप में जाने जाते हैं ?

   (क) स्पेन्सर (ख) जॉनसन

   (ग) मैक्स वेबर (घ) ऑगस्ट कौंत

   Who is known as father of Sociology ?

   (a) Spencer (b) Jonson

   (c) Max Weber (d) Auguste Comte.

4. संथाल आन्दोलन के नेता कौन थे ?

   (क) बिरसा मुंडा (ख) जात्रा भगत

   (ग) सि¼ो-कानो (घ) कोई नहीं

   Who was the leader of Santhal movement ?

   (a) Birsa Munda (b) Jatra Bhagat

   (c) Sidho-Kano (d) None.

5. राजनीति को 'शक्ति का विज्ञान' किसने कहा ?

(क) मैक्स वेबर (ख) कार्ल मार्क्स

(ग) महात्मा गा¡धी (घ) जवाहरलाल नेहरू

Who said, "Politics is a science of power".

(a) Max Weber (b) Karl Marx

(c) Mahatma Gandhi (d) Jawahar Lal Nehru.

6. ''कास्ट एण्ड क्लास इन इंडिया'', पुस्तक किसने लिखी ?

(क) आई.पी. देसाई (ख) ए.आर. देसाई

(ग) बी.आर. चौहान (घ) जी.एस. घुर्ये

'Caste and class in India' Book is written by ?

(a) I.P. Desai (b) A.R. Desai

(c) B.R. Chauhan (d) G.S. Ghurye.

7. किसने समाजशास्त्र को समाज के विज्ञान के रूप में वर्णनकिया है?

(क) वार्ड (ख) पारसन्स

(ग) मिलर (घ) कोई नहीं

Who described Sociology as a science of society?

(a) Ward (b) Parsons

(c) Millar (d) None.

8. प्रशान्त घाटी किस राज्य में अवस्थित है?

(क) केरल (ख) बिहार

(ग) आन्ध्र प्रदेश (घ) उत्तर प्रदेश

In which state silent valley is situated.

(a) Kerala (b) Bihar

(c) Andhra Pradesh (d) Uttar Pradesh.

9. सुन्दरलाल बहुगुणा संबंधित हैं-

(क) जनजाति आन्दोलन (ख) संथाल आन्दोलन

(ग) चिपको आंदोलन (घ) किसान आन्दोलन

Sundarlal Bahuguna is related with-

(a) Tribal movement (b) Santhal movement

(c) Chipko movement (d) Peasant movement.

10. किस वर्ष 'द सर्वेण्ट्स ऑफ इण्डिया सोसाइटी' की स्थापना हुई ?

(क) 1900 (ख) 1905

(ग) 1919 (घ) 1930

In which year 'The Servants of India Society' was established ?

(a) 1900 (b) 1905

(c) 1919 (d) 1930.

11. भारतीय अर्थव्यवस्था का मॉडल किस प्रकार का है ?

(क) समाजवादी (ख) पूंजीवादी

(ग) साम्यवादी (घ) कोई नहीं

What is the model of Indian system of economy ?

(a) Socialistic (b) Capitalistic

(c) Communistic (d) None.

12. संविधान का कौन-सा अनुच्छेद प्राथमिक शिक्षा से संबंधित है ?

(क) अनुच्छेद-5 (ख) अनुच्छेद-17

(ग) अनुच्छेद-18 (घ) अनुच्छेद-45

Which article is related with primary education?

(a) Article-5 (b) Article-17

(c) Article-18 (d) Article-45.

13. द्वितीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष कौन थे ?

(क) राममनोहर लोहिया (ख) बी.पी. मंडल

(ग) मुंगेरी लाल (घ) कोई नहीं

Who was the chairman of second backward commission ?

(a) Ram Manohar Lohiya (b) B.P. Mandal

(c) Mungeri Lal (d) None.

14. किस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष घोषित किया गया ?

(क) 1971 (ख) 1975

(ग) 1977 (घ) 1980

In which year International women year is declared by U.N.O.?

(a) 1971 (b) 1975

(c) 1977 (d) 1980

15. निम्न में से कौन भारत के नवीन राज्य है?

(क) झारखण्ड (ख) उत्तर प्रदेश

(ग) तेलंगाना (घ) आंध्र प्रदेश

Which among the following is the new State of India ?

(a) Jharkhand (b) Uttar Pradesh

(c) Telangana (d) Andhra Pradesh.

16. बिहार में सरकारी नौकरी में पिछड़े वर्गों के लिए कितना प्रतिशत स्थान आरक्षित हैं ?

(क) 12% (ख) 15%

(ग) 20% (घ) 25%

What percentage of seats are reserved for backward classes in government job in Bihar ?

(a) 12% (b) 15%

(c) 20% (d) 25%.

17. भारत में लोकसभा चुनाव की घोषणा कौन करता है ?

(क) सरकार (ख) राष्ट्रपति

(ग) निर्वाचन आयोग (घ) प्रधानमंत्री

Who announces Lok Sabha election in India ?

(a) Government (b) President

(c) Election Commission (d) Primeminister.

18. हरित-क्रांति संबंधित है-

(क) चीनी उत्पादन (ख) सब्जी उत्पादन

(ग) ऊर्जा उत्पादन (घ) खाद्यान्न उत्पादन

Green revolution is relatedwith-

(a) Sugar production (b) Vegetable prodction

(c) Energy production (d) Food production.

19. जाति व्यवस्था का ब्रह्मवादी सि¼ांत किसने दिया ?

(क) नेसफील्ड (ख) ब्लन्ट

(ग) जी.एस. घुर्ये (घ) कोई नहीं

Who gave Brahmanic theory of caste system ?

(a) Nesfield (b) Blunt

(c) G.S. Ghurye (d) None.

20. 'प्रार्थना समाज' के संस्थापक कौन थे ?

(क) महात्मा गांधी (ख) राजाराम मोहन राय

(ग) दयानन्द सरस्वती (घ) महादेव गोविन्द रानाडे

Who was the founder of Prarthana Samaj ?

(a) Mahatma Gandhi (b) Raja Ram Mohan Roy

(c) Dayanand Sarswati (d) Mahadeo Govind Ranade.

21. निम्न में से कौन ग्रामीण समुदाय की विशेषता नहीं है ?

(क) कृषि (ख) धर्म

(ग) व्यक्तिवादिता (घ) निम्न जनसंख्या घनत्व

Which out of these is not the feature of rural community ?

(a) Agriculture (b) Religion

(c) Individality (d) Low desnity of population.

22. विनोबा भावे किस आन्दोलन से जुड़े हैं?

(क) किसान आन्दोलन (ख) भूदान आन्दोलन

(ग) छात्र आंदोलन (घ) दलित आंदोलन

Vinoba Bhave is associated with which movement ?

(a) Peasant (b) Bhudan

(c) Student (d) Dalit.

23. निम्न में से कौन एक जाति नहीं है ?

(क) वैश्य (ख) राजपूत

(ग) कहार (घ) मल्लाह

Which one of the following is not a caste ?

(a) Vaishya (b) Rajput

(c) Kahar (d) Mallah.

24. उपनिवेशवाद का संबंध है-

(क) राष्ट्ª वाद (ख) आतंकवाद

(ग) जातिवाद (घ) पू¡ जीवाद

Colonialism is related with -

(a) Nationalism (b) Terrorism

(c) Castism (d) Capitalism.

25. भारतीय राष्ट्ªीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष कौन थी ?

(क) एनी बेसेन्ट (ख) इंदिरा गा¡ धी

(ग) सोनिया गा¡ धी (घ) कोई नहीं

Who was the firstwomen chairman of Indian National Congress ?

(a) Annie Besent (b) Indira Gandhi

(c) Sonia Gandhi (d) None.

26.भारत में सामाजिक स्तरीकरण का मुख्य आधार क्या है ?

(क) वर्ग (ख) वर्ण

(ग) जाति (घ) धर्म

What is the main basis of social stratification in India ?

(a) Class (b) Varna

(c) Caste (d) Religion.

27. निम्न में कौन राज्य उच्च जनसंख्या घनत्व वाला है ?

(क) बिहार (ख) अरुणाचल प्रदेश

(ग) असम (घ) झारखंड

Which of the following state is high desnity of population ?

(a) Bihar (b) Arunachal Pradesh

(c) Assam (d) Jharkhand.

28. किस वर्ष 73वा¡ संविधान संशोधन अधिनियम पारित हुआ ?

(क) 1990 (ख) 1992

(ग) 1995 (घ) 2000

In which year 73th constitution amandment act was Passed ?

(a) 1990 (b) 1992

(c) 1985 (d) 2000.

29. धर्म का तात्पर्य क्या है ?

(क) प्रकृति में विश्वास (ख) नदियों में विश्वास

(ग) पराप्राकृतिक शक्तियों में विश्वास (घ) कोई नहीं

What is the meaning of religion ?

(a) Belief in nature (b) Belief in rivers

(c) Belief in supernatural power (d) None.

30. पर्यावरण दिवस के रूप में किस दिन को मनाया जाता है ?

(क) 5 जून (ख) 10 जून

(ग) 11 जुलाई (घ) 1 दिसम्बर

Which day is celebrated as environment day ?

(a) 5 June (b) 10 June

(c) 11 July (d) 1 December

31. प्रभूजति की अवधारणा को निम्न में से किस समाजशास्त्री ने परिभाषित किया है ?

(क) योगेन्द्र सिंह (ख) के. एल. शर्मा

(ग) श्रीनिवास (घ) बी.आर. चौहान

Which sociologist out of the following defined the concept of dominant caste ?

(a) Yogendra Singh (b) K.L.Sharma

(c) Sriniwas (d) B.R.Candan.

32. निम्न में कौन जनजातीय धर्म का स्वरूप है ?

(क) ब्रह्मवाद (ख) टोटमवाद

(ग) दोनों (घ) कोई नहीं

Which of the following is a form of religion in tribe ?

(a) Brahminism (b) Totamism

(c) Both (d) None.

33. निम्न में से कौन पश्चिमीकरण का कारक है ?

(क) रेडियो (ख) टेलीविजजन

(ग) समाचार पत्र (घ) सभी

Which of the following is/are the factor/factors of westernization ?

(a) Radio (b) Television

(c) Newsspaper (d) All

34. परिवार एक उदाहरण है-

(क) प्राथमिक समूह (ख) द्वितीयक समूह

(ग) दोनों (घ) कोई नहीं

Family is an example of-

(a) Primary group (b) Secondary group

(c) Both (d) None.

35. 'करो या मरो' का नारा संबंधित है-

(क) महात्मा गा¡धी (ख) सुभाषचन्द्र बोस

(ग) राजेन्द्र प्रसाद (घ) सभी

The slogan 'Do or die' related with-

(a) Mahatma Gandhi (b) Subhash Chandra Bose

(c) Rjendra Prasad (d) All.

36. निम्न में से कौन एक राज्य हैं ?

(क) बिहार (ख) नई दिल्ली

(ग) भारत (घ) सभी

Which of the following is a state ?

(a) Bihar (b) New Delhi

(c) India (d) All.

37. किसने कहा ''नगरीयता एक जीवन पद्धति है'' ?

(क) सोरोकिन (ख) जॉनसन

(ग) मेकाइवर (घ) कोई नहीं

Who said," Urbanism is a way of life" ?

(a) Sorokin (b) Jonson

(c) Maciver (d) None.

38. बलवंत राय मेहता समिति संबंधित है-

(क) जनजातीय आन्दोलन (ख) दलित आन्दोलन

(ग) पंचायती राज (घ) किसान आन्दोलन

Balwant Roy Mehta samiti is associated with -

(a) Tribal movement (b) Dalit movement

(c) Panchyati Raj (d) Peasant movement.

39. प्राथमिक शिक्षा संबंधित है-

(क) मौलिक अधिकार (ख) मौलिक कर्तव्य

(ग) राज के नीति-निर्देशक तत्व (घ) सभी

Primary education is related with-

(a) Fundamental right (b) Fundamental duty

(c) Directive principle (d) All.

40. राज्य के कितने तत्व है?

(क) 2 (ख) 3

(ग) 4 (घ) 5

How many are elements of the state?

(a) 2 (b) 3

(c) 4 (d) 5

## खण्ड–ब

## Group- B

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

**Short answer type questions**

**प्रश्न संख्या 1 से 10 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 1 to 10 are short answer typequestion. Each question carries 3 marks.**

1. प्रश्नः–संस्कृति क्या है ?

   What is culture ?

2. प्रश्नः– जाति से आप क्या समझते हैं ?

   What do you mean by caste ?

3. प्रश्नः– संयुक्त परिवार के अर्थ की चर्चा करें।

   Discuss the meaning of joint family.

4. प्रश्नः–पश्चिमीकरण को परिभाषित करें।

   Define westernization.

5. प्रश्नः– जनजाति की मुख्य विशेषताओं का वर्णन करें।

   Explain main features of tribe.

6. प्रश्नः– पर्यावरण की अवधारणा की चर्चा करें।

   Discuss the concept of environment.

7. प्रश्नः–ग्रामीण समुदाय क्या है ?

   What is rural community ?

8. प्रश्नः–भूमंडलीकरण से आप क्या समझते हैं ?

   What do you mean by globalization ?

9. प्रश्नः–जनसंचार के साधनों की चर्चा करें।

   Discuss the means of mass media.

10. प्रश्नः–महिला सशक्तिकरण से आप क्या समझते हैं ?

    What do you mean by women impowerment ?

**खण्ड-स**

**Group- C**

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

**Long answer type questions**

**प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 06 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 11 to 15 are long answer type questions. Each questions carries 06 marks.**

11. प्रश्नः- मौलिक कर्त्तव्यों की चर्चा करें।

    Discuss the fundament duties.

12. प्रश्नः-पंचायतीराज व्यवस्था के गुण-दोषों का वर्णन करें।

    Explain merits and demerits of panchati raj system.

13. प्रश्नः- क्षेत्रवाद से आप क्या समझते हैं?

    What do you mean by regionalism?

14. प्रश्नः- ग्रामीण समुदाय तथा नगरीय समुदाय के बीच अतंर का वर्णन करें।

    Explain diferences between rural and urban community.

15. प्रश्नः- परियोजना कार्य के चरणों का वर्णन करें।

    Explain the steps of project work.

**खण्ड-अ**

**( उत्तरमाला )**

**Group- A**
**Answer Sheet**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1)-ख | (2)-घ | (3)-घ | (4)-ग | (5)-क | (6)-घ |
| (7)-क | (8)-क | (9)-ग | (10)-ख | (11)-घ | (12)-घ |
| (13)-ख | (14)-ख | (15)-ग | (16)-क | (17)-ग | (18)-घ |
| (19)-घ | (20)-घ | (21)-ग | (22)-ख | (23)-क | (24)-घ |
| (25)-क | (26)-ग | (27)-क | (28)-ग | (29)-ग | (30)-क |
| (31)-ग | (32)-ख | (33)-घ | (34)-क | (35)-क | (36)-ग |
| (37)-घ | (38)-ग | (39)-घ | (40)-ग | | |

**खण्ड-ब**

**( उत्तरमाला )**

**उत्तर 1:-** संस्कृति समाजशास्त्र की एक महत्वपूर्ण अवधारणा है। साधारण बोलचाल में इस शब्द का प्रयोग भिन्न-भिन्न अर्थों में किया जाता है। समाजशास्त्र में इसके वैज्ञानिक अर्थ है। साधारण तौर पर यह कहा जा सकता है कि मनुष्य ने अपनी सारी अवश्यकताओं की पूर्ति सामाजिक प्राणी के रूप में अस्तित्व बनाए रखने के लिए भूतकाल से वर्तमान काल तक जिन भौतिक या अभौतिक साधानों को निर्मित और विकसित किया है, वे ही संस्कृति है। मानव शास्त्री टायलर के शब्दों में, ''संस्कृति वह जटिल समग्र है, जिसके अतंर्गत ज्ञान, विश्वास, कला, नैतिक, प्रथा एवं सभी प्रकार की क्षमताए¡ एवं आदतें शामिल है, जिन्हें मनुष्य समाज में अपनी सदस्यता की हैसियत से हासिल करता है।'' इस अर्थ में कहा जा सकता है कि संस्कृति समाज की जीवन विधि है और इस रूप में यह आवश्यक परिवर्तन एवं परिमार्जन के बाद पीढ़ी-दर पीढ़ी हस्तान्तरित होती रहती है।

**उत्तर 2:-**जाति भारतीय समाज की एक महत्पूर्ण विशेषता है। यह भारतीय समाज को विश्व के अन्य समाजों में अलग पहचान प्रस्तुत करती है। वास्तव में यह भारतीय समाज में सामाजिक स्तरीकरण का एक प्रमुख आधार है। प्रोफेसर मजूमदार एवं मदान के अनुसार, जाति एक बन्द वर्ग है। इसका तात्पर्य यह है कि जो व्यक्ति जिस जाति में जन्म लेता है, उसे जीवन भर उसी जाति का सदस्य बनकर रहना पड़ता है। भारतीय समाजशास्त्री जी.एस. घुर्ये ने स्पष्ट करते हुए कहा है कि जाति को परिभाषित करना एक कठिन कार्य है। उन्होंने जाति-व्यवस्था के संरचनात्मक एवं संस्थात्मक पहलूओं को शामिल करते हए इसकी महत्वपूर्ण विशेषताओं की विवेचना की है। जैसे संस्तरण, जन्म आधारित सदस्यता, अन्त:विवाही होना आदि।

**उत्तर 3:-** संयुक्त परिवार परिवार का एक प्रकार है। यह भारतीय ग्रामीण समाज की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। कृषि आधारित भारतीय ग्रामीण समाज संयुक्त परिवार को पोषित करता है। विद्वानों ने संरचनात्मक एवं प्रकार्यत्मक विशेषताओं के आधार पर संयुक्त परिवार को परिभाषित करने का प्रयास किया है। इरावती कार्वे के अनुसार,'' संयुक्त परिवार ऐसे व्यक्यिों का समूह है जो एक ही घर में रहते हैं एक ही स्थान पर बना भोजन करते हैं। सामान्य सम्पत्ति से संबंधित हैं। सामान्य पूजा में भाग लेते हैं और किसी-न-किसी प्रकार रक्त सम्बन्ध द्वारा आपस में बंधे होते हैं। उन्होंने तीन पीढ़ी के लोगों को संयुक्त परिवार में शामिल किया है। वर्त्तमान समय में विभिन्न कारणों से इसके संरचना एवं प्रकार्य में परिवर्तन दिखाई पड़ने लगा है क्योंकि संयुक्त परिवार को पोषित करने वाली परिस्थितियों में भी

परिवर्तन हुआ है। बावजूद इसके यह कहना कि भारत में संयुक्त परिवार के अस्तित्व पर संकट है, वैज्ञानिक नहीं है। परिस्थिति में परिवर्त्तन से इसमें परिवर्तन दिखाई पड़ता है।

**उत्तर 4:-** भारत में सामाजिक परिवर्त्तन का एक प्रमुख कारक पश्चिमीकरण है। इसका तात्पर्य ब्रिटिश काल में भारत में होने वाले सामाजिक परिवर्त्तन से है। एम० एन० श्रीनिवास ने पश्चिमीकरण को परिभाषित करते हुए लिखा है, ''150 वर्षों के अंग्रेजी राज के फलस्वरूप भारतीय सामाज एवं संस्कृति में होने वाले परिवर्त्तनों के लिए अन्यत्र मैंने पश्चिमीकरण शब्द का प्रयोग किया है और यह शब्द औद्योगिक संस्थाए¡ , विचारधारा और मूल्य आदि विभिन्न स्तरों पर होने वाले परिवर्त्तनों को आत्मसात् करता है।'' इसके अन्तर्गत पश्चिमी संस्कृति की अच्छाइयों, आधुनिक एवं प्रगतिशील विचारों से प्रभावित होने के साथ-साथ उस संस्कृति के प्रलोभनों, विकृतियों एवं बुराइयों के सम्पर्क में आना भी शामिल होते हैं।

**उत्तर 5:-** जनजाति एक ऐसा क्षेत्रीय समूह है जिसके सदस्य एक विशेष संस्कृति भाषा धर्म तथा जीवन स्तर को प्रदर्शित करते हैं तथा सामाजिक एवं राजनीतिक आधार पर एक आत्म-निर्भर जीवन व्यतीत करते है। जनजाति की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार है-(1) परिवारों का समूह (2) क्षेत्रीय समूह (3) समान भाषा (4) सामान्य संस्कृति (5) सुरक्षात्मक संगठन (6) अन्तर्विवाही समूह (7) आर्थिक आत्म-निर्भरता (8) एक रानजीतिक इकाई। वर्तमान समय में संस्कृतिकरण, पश्चिमीकरण, आधुनिकीकरण, नगरीकरण आदि कारणों से जनजाति की विशेषताओं में संरचनात्मक एवं प्रकार्यात्मक रूप से परिवर्त्तन देखने को मिल रहा है। यह जनजाति की विशेषताओं में ह्रास को स्पष्ट करता है।

**उत्तर 6:-** पर्यावरण शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है- परि तथा आवरण। 'परि' का अर्थ है चारों ओर जबकि 'आवरण' का अर्थ होता है ढ¡के हुए। इससे स्पष्ट होता है कि पर्यावरण का तात्पर्य उन सभी प्राकृतिक और समाजिक दशाओं से हैं, जो एक प्राणी के जीवन को चारों ओर से ढ¡के अथवा घेरे रहती है। जल, वायु, भूमि की बनावट, तापमान, वस्तुए¡ , खनिज पदार्थ, आर्द्रता, विभिन्न

जीव-जन्तु,

ध्वनि, उद्योग-धंधे एवं उपयोग में लायी जाने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुए¡ और हमारा सम्पूर्ण सामाजिक जीवन आदि वह दशाएं हैं, जिनसे मानव का जीवन चारों ओर से घिरा होता है। इस प्रकार इन सभी दशाओं की सम्पूर्णता को हम मानव का पर्यावरण कहते हैं। गिस्बर्ट के अनुसार, ''पर्यावरण का तात्पर्य प्रत्येक उस दशा से है जो किसी तथ्य (वस्तु अथवा मनुष्य) को चारों ओर से घेरे रहती है तथा उसे प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है।

**उत्तर 7:-** ग्रामीण समुदाय समुदाय का एक प्रकार है। यह भारतीय सामाजिक संरचना के निर्माण का सबसे बुनियादी आधार है। ग्रामीण समुदाय ग्रामीण पर्यावरण में स्थित व्यक्तियों का एक ऐसा समूह है,

जो प्रत्यक्ष रूप से प्रकृति पर निर्भर होता है। प्रकृति की सहायता से आजीविका उपार्जित करता है। प्राथमिक संबंधों को अपने लिए आवश्यक मानता है एवं साधारणतया एक दृढ़ सामुदायिकता की भावना के द्वारा बंधा होता है। रेडफील्ड महोदय ने ग्रामीण समुदाय को 'कृषक समाज' के नाम से सम्बोधित किया है। ग्रामीण समुदाय की मुख्य विशेषताओं में छोटा आकार, कृषि मुख्य व्यवसाय, प्रकृति की समीपता, सादा जीवन, प्राथमिक संबंध, समरूपता, गतिशीलता में कमी आदि शाामिल है। वर्त्तमान समय में ग्रामीण समुदाय की विशेषताओं में काफी परिवर्तन दिखाई पड़ता है। वास्तव में, मेकाइवर के शब्दों में, ग्रामीण समुदाय जीवन की एक विशेष विधि है।

**उत्तर 8:-** भूमंडलीकरण सामाजिक परिवर्त्तन की एक नवीन प्रक्रिया है, इसके अन्तर्गत नई प्रौधोगिकी के विकास के कारण सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आर्थिक रूप से वैश्विक स्तर पर एकीकरण हो रहा है। यह उत्तर आधुनिकता की उन्नत दशा को रेखांकित करता है। अधिकांश विद्वानों के अनुसार भूमंडलीकरण का तात्यपर्य विश्व की अर्थ व्यवस्था में एकीकरण की प्रक्रिया से है। भूमंडलीकरण की अवधारणा को कुछ विशेषताओं के आधार पर समझा जा सकता है, जिसमें सार्वभौमीकरण, तकनीकी योग्यता और कुशलता, सजातीयता, समीपता, एकीकरण आदि शामिल है। इन्हीं विशेषताओं के कारण मेक्बूहान के शब्दों में, '' पूरा विश्व आज एक विश्व गा¡ व का रूप लेने लगा है।''

**उत्तर 9:** जन संचार का तात्पर्य विभिन्न तरीकों द्वारा सूचनाओं के आदान-प्रदान से है। विल्सन महोदय ने जन संचार को परिभाषित करते हुए लिखा है, ''जन संचार एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा एक या कुछ विचारों को अनेक साधनों के द्वारा पूरे समुदाय तक पहु¡ चाया जाता है। जन संचार के साधनों को तीन मुख्य भागों में बा¡ टा जाता है''-मुद्रित संचार, विद्युत संचार तथा दृश्य-श्रव्य संचार। समाचार पत्र तथा पत्रिकाए¡ मुद्रित संचार के, टेलीविजन, फैक्स, कम्पूटर इन्टरनेट विद्युत संचार के तथा टेलीविजन, चलचित्र आदि दृश्य-श्रव्य संचार के साधन के रूप में स्थापित है। इन साधनों के द्वारा बहुत दूर-दूर के लोगों के बीच विचारों तथा संदेशों का आदान-प्रदान किया जाता है।

**उत्तर 10:-** महिलाा सशक्तिकरण का तात्पर्य महिला द्वारा स्वयं के निर्पाय से है। महिलाओं के साथ हर तरह के भेदभाव को समाप्त करने हेतु संयुक्त राष्ट[a] संघ द्वारा प्रथम महत्वपूर्ण प्रयास 1975 ई० में प्रारंभ हुआ। संयुक्त राष्ट[a] संघ के दिशा-निर्देशों का पालन विश्व के अधिकतर देशों में किया जा रहा है। भारत सरकार ने 2001 में राष्ट[a]ीय महिला सशक्तिकरण की नीति जारी की। इस वर्ष

को महिला सशक्तिकरण वर्ष घोषित किया। भारत में विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों के द्वारा महिलओं

के सामजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विकास की आधारशिला रखी गई है। विभिन्न योजनाओं के द्वारा सरकार द्वारा इस उद्देश्य को प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में आज भी अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है।

**खण्ड-स**

**( उत्तरमाला )**

**उत्तर 11:-** भारत के मूल संविधान में मौलिक कर्त्तव्य की चर्चा नहीं की गई है। स्वर्ण सिंह समिति के सिफारिश पर 42वें संविधान संशोधन, 1976 द्वारा इसे संविधान में शामिल किया गया है। वर्त्तमान समय में मौलिक कर्त्तव्य की संख्या 11 है जो, निम्नलिखित है:-(1)संविधान का पालन करें, संविधान के आदर्शों, संविधानिक संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्र गान का सम्मान करें। (2)स्वतंत्रता संग्राम को प्रेरित करने वाले उच्चादर्शों को हृदय में बसायें तथा उनका पालन करें (3) भारत की संप्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा को तथा उसे अक्षुण्ण बनाए रखें (4) देश की रक्षा करें तथा आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्र की सेवा करें। (5)सम्पूर्ण भारतीय निवासियों में समरसता और भ्रातृत्व की भावना निर्मित करें जो भाषा, धर्म, जाति, मूलवंश, प्रदेश तथा वर्ग पर आधारित सभी भेदभावों से परे हो। (6) अपनी संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझते हुए उसकी रक्षा करें। (7)संपूर्ण भारत को पर्यावरणीय स्वच्छता प्रदान करें। इसके लिए आवश्यक है कि प्राकृतिक पर्यावरण को सुधारें, उसे संरक्षण दें तथा प्राणिमात्र के प्रति दया का भाव रखें। (8) जीवन के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाएं, मानववाद को बढ़ावा दें और ज्ञान की प्राप्ति तथा खोज की भावना का विकास करें। (9)सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करें तथा हिंसा का परित्याग करें। (10) वैयक्तिक तथा सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर सतत् प्रयास करें, ताकि देश का विकास हो। (11) 6-14 वर्ष की आयु के बच्चे को माता-पिता या अभिभावक / संरक्षक को अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने का अवसर उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

**उत्तर 12:-** भारत पंचायतीराज व्यवस्था को लोकतांत्रिक विकेन्द्रकरण के एक प्रमुख आधार के रूप में देखा जाता है। इसके गुण और दोषों को इस प्रकार स्पष्ट किया जा सकता है:-

**गुण:-** 1) 73वें संविधान संशोधन द्वारा पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा दिया जा चुका है।

2) इसके नियमित रूप से चुनाव सम्पन्न कराए जा रहे हैं।

3) समाज के कमजोर वर्गों के लिए विशेष प्रतिनिधित्व की व्यवस्था की गई है।

4) महिला को 50% आरक्षण देकर उन्हें सशक्त किया जा रहा है।

5) समाज/प्रशासन में जवाबदेही की भावना बढ़ी है।

6) राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने में मदद मिली है।

**दोष:**- 1) पर्याप्त आर्थिक संसाधनों का अभाव है।

2) ग्राम स्तर पर गुटबाजी को बढ़ावा मिला है।

3) जवाबदेही को विकसित करने के लिए प्रभाव प्रणाली का विकास नहीं हुआ है।

4) सामाजिक न्याय की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है।

5) समाज की अर्थिक प्रगति में पंचायतों का योगदान काफी कम रहा है।

6) अनूसूचित जाति, जनजाति, महिलाओं को आरक्षण दिए जाने के बावजूद अपेक्षित सशक्तिकरण नहीं हो पाया है।

**उत्तर 13:**-क्षेत्रवाद का तात्पर्य एक विशेष क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों की उस भावना से है जिजसके अंतर्गत वे अपनी एक विशेष भाषा, सामान्य संस्कृति, इतिहास, व्यवहार प्रतिमानों के आधार पर उस क्षेत्र से विशेष अपनत्व महसूस करते हैं। क्षेत्रवाद की समस्या विश्व के अधिकांश समाजों में पाई जाती है। इसके प्रमुख कारणों को इस प्रकार समझा जा सकता है:-

1) रजनीतिक कारक:- यह क्षेत्रवाद का सबसे बड़ा कारक है। अपने स्वार्थ की पूर्ति हेतु स्थनीय नेता क्षेत्रवाद की भावना को बढ़ाते हैं।

2) भाषायी भिन्नताए¡ :-भाषायी भिन्नताओं से भी क्षेत्रवाद को बढ़ावा मिलता है। आज उत्तर भारत के विरू¼ दक्षिण भारत में जो क्षेत्रवाद उभरकर सामने आया है, इसका कारण तमिल, तेलुगु तथा कन्नड़ भाषायें हैं। भाषायी पृथकता के आधार पर होने वाले उग्र प्रदर्शन क्षेत्रवाद की समस्या को स्पष्ट करते हैं।

3) सांस्कृतिक भिन्ताएं:- भिन्न-भिन्न सांस्कृतिक समूह अपने आपको एक पृथक् सांस्कृतिक समुदाय के रूप में देखने लगते हैं। प्रत्येक अपने को श्रेष्ठ मानने लगते हैं। इस भिन्नता से अलग-अलग क्षेत्रों में राजनीतिक दलों का विकास हुआ है, जो क्षेत्रवाद को बढाने में सहायक होते हैं।

4) भौगोलिक कारक:-भौगोलिक भिन्नता से समाज कई क्षेत्रों में ब¡ट जाता है। सभी क्षेत्रों के लोग अपनी भौगालिक दशाओं को दूसरे क्षेत्रों से अधिक अच्छा समझते हैं। यह मनोदशा क्षेत्रवाद को बढ़ावा देता है।

5) आर्थिक असमानता:- क्षेत्रवाद को बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। पिछड़े क्षेत्रों में उद्योग की स्थापना की मांग आर्थिक स्वार्थ के आधार पर की जाती है। ऐसा प्रचारित किया जाता है कि क्षेत्रवाद से ही आर्थिक असमानता को दूर किया जा सकता है।

6) ऐतिहासिक कारक:- क्षेत्रवाद को बढ़ाने में ऐतिहासिक दशाए¡ भी उत्तरदायी होती है। अतीत के प्रति लगाव के कारण कुछ क्षेत्र के लोग अपना पृथक् अस्तित्व बनाए रखना चाहते हैं।

**उत्तर 14:**- समुदाय का तात्पर्य ऐसे मानव समूह से है, जो एक निश्चित भू-भाग में निवास करता है। ग्रामीण समुदाय तथा नगरीय समुदाय समुदाय के दो प्रकार हैं। दोनों समुदायों की विशेषताए¡

एक-दूसरे से विपरीत प्रकृति की होती है। इन्हीं विशेषताओं के आधार पर ग्रमीण समुदाय और नगरीय समुदाय के बीच अंतर को स्पष्ट किया जाता है, जो इस प्रकार है:-

1) ग्रामीण समुदाय में जीविका का साधन कृषि कार्य होते हैं जबकि नगरीय समुदाय में गैर-कृषि कार्य की प्रधानता होती है।

2) ग्रामीण समुदाय आकार में छोटा होता है अर्थात यहा¡ जनसंख्या कम होती है। नगरीय समुदाय में नगरीकरण तथा स्वाभाविक जनसंख्या वृ¼ के कारण इसका आकार धीरे-धीरे बढ़ता जाता है।

3) ग्रामीण समुदाय में जनसंख्या घनत्व काफी कम होता है। यहा¡ एक साथ रहने की प्रवृति प्राय: कम पाई जाती है। जहा¡ कृषि कार्य होते हैं, वहा¡ बस जाते हैं। नगरीय समुदाय में जमीन की कमी के कारण एक साथ रहने की प्रवृति पाई जाती है। स्वभाविक रूप से जनसंख्या घनत्व अधिक हो जाता है।

4) एक ग्रामीण समुदाय के सभी लोगों की जीवन प¼ति में समानता पाई जाती है। विभिन्न धर्मों, जातियों तथा आर्थिक क्रिया-कलापों के कारण नगरीय समुदाय के लोगों में असमानता पाई जाती है।

5) ग्रामीण समुदाय में परिवार की स्थिति और जाति सामाजिक स्तरीकरण को निर्धारित करता है। नगरीय समुदाय में वर्ग व्यवस्था स्तरीकरण को निर्धारित करता है।

6) ग्रामीण समुदाय में लोगों के बीच अन्त:क्रिया अनौपचारिक होती है। नगरीय समुदाय में औपचारिक अन्त:क्रिया पाई जाती है।

7) गामीण समुदाय प्रकृति की गोद में बसा होता है। नगरीय समुदाय में कृत्रिम वातावरण पाया जाता है।

8) ग्रामीण समुदाय में गतिशीलता तुलनात्मक रूप से कम पाई जाती है। नगरीय समुदाय में गतिशीलता अधिक पाई जाती है।

**उत्तर 15**:- परियेजना कार्य को सर्वेक्षण की एक सरल रूपरेखा कहा जा सकता है। जब किसी विषय एवं समस्या का अध्ययन करने के लिए जब कोई परियोजना बनायी जाती है तब हमें बहुत व्यवस्थित ढंग से अपने कार्य को पूरा करना होता है। परियोजना कार्य का क्रम जितना व्यवस्थित होता है, वह परियोजना काफी उपयोगी बन जाती है। परियोजना के विभिन्न चरणों को इस प्रकार स्पष्ट किया जाता है:-

**1) विषय का चुनाव**:- विषय या समस्या का चुनाव परियोजना कार्य का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। उपलब्ध प्रविधियों को ध्यान में रखते हुए विषय का चुनाव किया जाता है।

**2) अध्ययन के क्षेत्र का निर्धारण**:- परियोजना कार्य हेतु अध्ययन क्षेत्र काफी छोटा होता है ताकि कम समय में परियोजना कार्य को पूरा किया जा सके।

3) **सूचनाओं का चुनावः**- सूचनओं का चुनाव सावधानी पूर्वक किया जाता है। विभिन्न विशेषताओं वाले लोगों से सूचनाएं प्राप्त करने से अध्ययन के निष्कर्षों को वैज्ञानिक बनाया जा सकता है।

4) **अध्ययन की प्रविधियों का निर्धारणः**- समय, संसाधन के अनुरूप अध्ययन की प्रविधियों का चयन किया जाता है। प्रश्नावली, अनुसूची, वैयक्तिक अध्ययन तथा अवलोकन में से किसी एक प्रविधि का प्रयोग किया जाता है।

5) **अवधारणाओं का स्पष्टीकरणः**- इसके अभाव में तथ्य संकलन में कठिनाई होती है। इसलिए अवधारणाओं का स्पष्टीकरण परियोजना का एक महत्वपूर्ण चरणा है।

6) **तथ्यों का संकलनः**- तथ्यों का संकलन उसी रूप में प्राप्त किया जाता है जिस रूप में वे तथ्य वास्तविक रूप से विद्यमान होते हैं।

7) **तथ्यों का वर्गीकरणः**- समान प्रकृति के तत्वों का एक साथ वर्गीकरण किया जाता है। इसके अभाव में तथ्यों की विवेचना वैज्ञानिक रूप से नहीं की जाती है।

8) **तथ्यों की विवेचनाः**- इसके आधार पर विषय अथवा समस्या के वास्तविक स्थिति का पता चलता है। इसी से पता चलता है कि कोई समस्या कितनी गंभीर है तथा लोगों का उसके प्रति दृष्टिकोण क्या है।

9) **रिपोर्ट को प्रस्तुत करनाः**- परियोजना-कार्य का यह अंतिम चरण है। रिपोर्ट से ही संबंधित समस्या के विभिन्न कारणों तथा परिणामों से लोगों को परिचित कराया जाता है। रिपोर्ट के प्रस्तुतीकरण के साथ ही परियोजना कार्य को समाप्त माना जाता है।

**SET-II**
**SOCIOLOGY**
**A- Soc (opt)**

समय: 3 घंटा 15 मिनट । पूर्णांक-100

**(Time 3 Hours 15 Minutes)** **( Marks 100)**

परीक्षार्थी के लिए निदेंश-

**Instructions to the candidate-**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   **Candidate are requested to give their answers in their own words as for as possible.**

2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   **Figures in the right hand margin indicate full marks.**

3. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

   **Write groups number and questions number with every answers.**

4. सामान्य निर्देश्य-

इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड 'अ', 'ब' और 'श' हैं। सभी खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य है।

खण्ड अ: खण्ड-अ के सभी 40 प्रश्नों के उत्तर दें।

खण्ड ब: खण्ड-ब में दिये गये सभी 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन अंक है।

खण्ड स: खण्ड-स में दिये गये सभी 5 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए छः अंक है।

**4. General Instruction-**

**The paper consists of three group i.e. A, B and C. All questions of all group compulsory.**

**Group A : All the 40 question are to be answered in group A. Each question carries 1 mark.**

**Group B : Answer all the 10 questions in group B. Each question carries 3 marks.**

**Group C : Answer all the five question in group C. Each question carries 6 marks.**

**खण्ड-अ**

**( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )**

**Group- A**

**(Objective Type Questions)**

**सभी विकल्प का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए।**

**Answer each question by selecting the correct choice.**

1. किसने समाजशास्त्र को सामाजिक समूह का विज्ञान कहा है ?

   (क) ऑगस्ट कौंत (ख) वार्ड

   (ग) मैक्स वेबर (घ) जॉनसन

   Who said, "Sociology is the science of social group" ?

   (a) Auguste Comte (b) Ward

   (c) Max Weber (d) Jonson.

2. निम्न में से कौन भारत का सबसे बड़ा धार्मिक समूह है ?

   (क) मुस्लिम (ख) सिक्ख

   (ग) इसाई (घ) सभी

   Which one of the following is the biggest religious group in India.

   (a) Muslim (b) Sikh

   (c) Christian (d) All.

3. सावरमती आश्रम के संस्थापक कौन थे ?

   (क) महात्मा गा¡धी (ख) विवेकानन्द

   (ग) स्वामी दयानन्द (घ) राजाराम मोहन राय

   Who was the founder of Sawarmati Ashram?

   (a) Mahatma Gandhi (b) Vivekanand

   (c) Swami Dayanand (d) Raja Ram Mohan Roy.

4. भारत में नई शिक्षा नीति कब घोषित हुई ?

   (क) 1980 (ख) 1982

   (ग) 1986 (घ) 1990

   When did new education Policy launch ?

   (a) 1980 (b) 1982

   (c) 1986 (d) 1990.

5. 'डाण्डी यात्रा' संबंधित है-

(क) राजेन्द्र प्रसाद (ख) महात्म गा¡ धी

(ग) सुभाषचन्द्र (घ) कोई नहीं

Dandi Yatra is related with-

(a) Rajendra Prasad (b) Mahatma Gandhi

(c) Subhash Chandra (d) None.

6. जाति व्यवस्था का प्रजातीय सि¼ांत किसने दिया ?

(क) जी.एस. घुर्ये (ख) ब्लन्ट

(ग) गांधी जी (घ) कोई नहीं

Who gave racial thory of caste system ?

(a) G.S. Ghurye (b) Blunt

(c) Gandhijee (d) None.

7. भारत गणतंत्र कब बना ?

(क) 14 अगस्त 1947 (ख) 15 अगस्त 1948

(ग) 26 जनवरी 1950 (घ) 15 अगस्त 1950

When did India become republic ?

(a) 14 August 1947 (b) 15 Aug. 1948

(c) 26 Jan. 1950 (d) 15 Aug. 1950.

8. निम्न में से कौन हरित क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है ?

(क) महात्मा गांधी (ख) गुरुदत्त स्वामी

(ग) नॉर्मन बारलॉग (घ) कोई नहीं

Who among the following is known as father of green revolution ?

(a) Mahatma Gandhi (b) Gurudatt Swami

(c) Norman Borlog (d) None.

9. संविधान का कौन-सा अनुच्छेद मूल कर्त्तव्य से संबंधित है ?

(क) अनुच्छेद-5 (ख) अनुच्छेद-25

(ग) अनुच्छेद-30 (घ) अनुच्छेद-51 (क)

Which article is related with fundamental duties ?

(a) Article-5 (b) Article-25

(c) Article-30 (d) Article-51 (A)

10. कौन हरित क्रांति का उत्प्रेरक नहीं है ?

(क) संकरित बीज (ख) सिंचाई

(ग) उर्वरक (घ) वर्षा

Which one of the following is not catalyst of green revolution ?

(a) Hybrid Seeds (b) Irrigation

(c) Fertilizer (d) Rain

11. निम्न में से कौन समुदाय है ?

(क) नगर (ख) विद्यालय

(ग) धर्म (घ) राजनीतिक दल

Which one of the following is a community ?

(a) Urban (b) School

(c) Religion (d) Political Party .

12. शारदा एक्ट कब पारित किया गया ?

(क) 1921 (ख) 1929

(ग) 1942 (घ) 1947

When did Sharda Act Pass ?

(a) 1921 (b) 1929

(c) 1942 (d) 1947.

13. आत्म सम्मान आन्दोलन से संबंधित है ?

(क) रामास्वामी नायकर (ख) मोहन दास

(ग) तिलक (घ) कोई नहीं

Who is related with self respect movement ?

(a) Ramaswami Naykar (b) Mohan Das

(c) Tilak (d) None.

14. कृषि के लिए कौन परिवार अनुकूल है ?

(क) संयुक्त परिवार (ख) विस्तारित परिवार

(ग) एकल परिवार (घ) सभी

Which one of the family is favourable for agricultutre ?

(a) Joint Family (b) Extended Family

(c) Single Family (d) All.

15. आर्य समाज की स्थापना कब हुई ?

(क) 1857 (ख) 1875

(ग) 1885 (घ) 1890

When did Arya Samaj establish ?

(a) 1857 (b) 1875

(c) 1885 (d) 1890

16. भूमंडलीकरण संबंधित है-

(क) उदारीकरण (ख) निजीकरण

(ग) दोनों (घ) कोई नहीं

Globlization is related with-

(a) Liberlization (b) Privatization

(c) Both (d) None.

17. ग्रामीण-नगरीय सातत्य की अवधारणा किसने दी है ?

(क) ए.आर. देसाई (ख) सोरोकिन

(ग) रेडफील्ड (घ) श्यामाचरण दुबे

Who has given the concept of rural-urban continuum ?

(a) A.R. Desai (b) Sorokin

(c) Redfield (d) Shyamacharan Dubey

18. निम्न में से कौन सामाजिक नियंत्रण का एजेंसी है ?

(क) परिवार (ख) धर्म

(ग) परंपरा (घ) सभी

Which one of the following is an agency of scoial control ?

(a) Family (b) Religion

(c) Tradition (d) All.

19. बहुदेववाद किस धर्म की विशेषता है ?

(क) हिन्दू (ख) मुस्लिम

(ग) सिक्ख (घ) जैन

Which religion has the characteristics of polytheism ?

(a) Hindu (b) Muslim

(c) Sikh (d) Jain.

20. किसने श्रम-विभाजन की अवधारणा प्रस्तुत किया है ?

(क) मैक्स वेबर (ख) दुर्खीम

(ग) सोरोकिन (घ) कार्ल मार्क्स

Who produced the concept "Division of labour" ?

(a) Max Weber (b) Durkheim

(c) Sorokin (d) Karl Max.

21. निम्न में से सामाजिक परिवर्तन का कारक कौन है ?

(क) शिक्षा (ख) प्रौद्योगिकी

(ग) नगरीकरण (घ) सभी

Which one of the following factor is responsible of scoial change ?

(a) Education (b) Technology

(c) Urbanization (d) All.

22. नातेदारी संबंधित है-

(क) जन्म (ख) विवाह

(ग) दोनों (घ) कोई नहीं

Kinship is related with-

(a) Birth (b) Marriage

(c) Both (d) None.

23. किस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई ?

(क) 1925 (ख) 1930

(ग) 1940 (घ) 1945

In which year U.N.O. was established ?

(a) 1925 (b) 1930

(c) 1940 (d) 1945.

24. पंचायतीराज व्यवस्था है-

(क) सत्ता का विकेन्द्रीकरण (ख) सत्ता का केन्द्रीकरण

(ग) दोनों (घ) कोई नहीं

Panchyatiraj system is-

(a) Decentralization of power (b) Centralizationof Power

(c) Both (d) None.

25. भारत में जनाधिक्य के मूल कारण क्या हैं ?

(क) शिक्षा (ख) प्रौद्योगिकी

(ग) सामाजिक-आर्थिक कारक (घ) सभी

What is the main cause of overpopulation in India ?

(a) Education (b) Technology

(c) Socio-cultural factor (d) All.

26. छूआछूत को संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत प्रतिबंधित किया गया है ?

(क) अनुच्छेद-15 (ख) अनुच्छेद-16

(ग) अनुच्छेद-17 (घ) अनुच्छेद-18

Untouchability has been Prohibited under which article of Indianconstitution ?

(a) Article-15 (b) Article-16

(c) Article-17 (d) Article-18.

27. कौन राष्ट्रीय एकीकरण में बाधक है ?

(क) क्षेत्रवाद (ख) सम्प्रदायवाद

(ग) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

Which is the hardle of national integration ?

(a) Regionalism (b) Communilism

(c) Both (d) None.

28. सत्यशोधक समाज की स्थापना किसने की ?

(क) दयानन्द (ख) तिलक

(ग) ज्योतिबा फुले (घ) अम्बेदकर

Who established 'Satya Shodhak Samaj' ?

(a) Dayanand (b) Tilak

(c) Jyotiba Phoole (d) Ambedkar.

29. नायर जनजाति संबंधित है-

(क) बिहार (ख) झारखंड

(ग) गोवा (घ) केरल

Nayartribe related with-

(a) Bihar (b) Jharkhand

(c) Goa (d) Kerala.

30. निम्न में से कौन श्रमिक संगठन है ?

(क) बी.एम.एस. (ख) बी.एस.पी.

(ग) एस. पी. (घ) जे.डी.यू.

Which one of the following is a labour organisation ?

(a) B.M.S. (b) B.S.P.

(c) S.P. (d) J.D.U.

31. जनांकिकी का क्या अर्थ है ?

(क) पर्यावरण का अध्ययन (ख) गॉव का अध्ययन

(ग) जमीन का अध्ययन (घ) जनसंख्या का अध्ययन

What is meaning of demography ?

(a) Study of environment (b) Study of village

(c) Study of land (d) Study of population.

32. संस्था क्या है ?

(क) समूह (ख) भीड़

(ग) समिति (घ) नियमों का समूह

What is an institution ?

(a) Group (b) Crowd

(c) Association (d) Set of rules

33. झारखण्ड मुक्तिमोर्चा किस आन्दोलन से संबंधित है ?

(क) दलित आन्दोलन (ख) जनजाति आन्दोलन

(ग) किसान आन्दोलन (घ) छात्र आन्दोलन

Jharkhand Mukti Morcha is related with which movment ?

(a) Dalit movement (b) Tribal movement

(c) Peasant movement (d) Student movement

34. बाजार क्या है ?

(क) समूह (ख) भीड़

(ग) दबाव समूह (घ) संस्था

What is a market ?

(a) Group (b) Crowd

(c) Pressure group (d) Institution.

35. किसान आन्दोलन का जनक कौन है ?

(क) दयानन्द सरस्वती (ख) सहजानन्द सरस्वती

(ग) महात्मा गा¡धी (घ) पटेल

Who is the father of peasant movement ?

(a) Dyanand Saraswati (b) Sahjanand Saraswati

(c) Mahatma Gandhi (d) Patel.

36. भारतीय इतिहास में 'काला युग' किसे कहा जाता है ?

(क) वैदिक काल (ख) मघ्यम काल

(ग) ब्रिटिश काल (घ) कोई नहीं

Which of the following is known as Black era in Indian history ?

(a) Vedic Period (b) Middle Period

(c) British Period (d) None.

37. हिन्दू विवाह अधिनियम कब पारित हुआ ?

(क) 1952 (ख) 1955

(ग) 1960 (घ) 1965

When did Hindu Marriage Act Pass ?

(a) 1952 (b) 1955

(c) 1960 (d) 1965

38. कम्प्यूटर संबंधित है-

(क) आधुनिकीकरण (ख) संस्कृतिकरण

(ग) दोनों (घ) कोई नहीं

Computer is related with -

(a) Modernization (b) Sanskritization

(c) Both (d) None.

39. प्रभुजाति की अवधारणा किसने दी है ?

(क) श्रीनिवास (ख) पी. एन. प्रभू

(ग) मजूमदार (घ) कोई नहीं

Who has given a concept of dominat caste ?

(a) Striniwas (b) P.N. Parbhu

(c) Majmudar (d) None.

40. कौन खुली व्यावस्था है ?

(क) वर्ण (ख) वर्ग

(ग) दोनों (घ) कोई नहीं

Which is an open system ?

(a) Varna (b) Class

(c) Both (d) None.

## खण्ड-ब

## Group- B

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

**Short answer type questions**

**प्रश्न संख्या 1 से 10 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 1 to 10 are short answer typequestion. Each question carries 3 marks.**

1. प्रश्नः- राष्ट्रवाद से आप क्या समझते हैं ?

   What do you mean by nationalism ?

2. प्रश्नः- समुदाय का अर्थ स्पष्ट करें ।

   Explain the meaning of community.

3. प्रश्नः- मध्यम वर्ग किसे कहते हैं ?

   What is middle class ?

4. **प्रश्नः-** जनजातीय समुदाय का वर्णन करें।

   Explain the tribal community.

5. **प्रश्नः-** वर्ण और जाति में अंतर की चर्चा करें।

   Discuss difference between varna and caste.

6. प्रश्नः- जाति-व्यवस्था की सांस्कृतिक विशेषताओं का वर्णन करें।

   Explain cultural characteristics of caste system .

7. **प्रश्नः-** संस्कृतिकरण से आप क्या समझते हैं ?

   What do you mean by sanskritization?

8. प्रश्नः-औद्योगीकरण क्या है ?

   What is industrialization ?

9. प्रश्नः-लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का क्या अर्थ है ?

   What is the meaning of democratic decentralziation ?

10. प्रश्नः-पर्यावरण विनाश पर टिप्पणी लिखें।

    Write a note on environmental degradation.

**खण्ड–स**

**Group- C**

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

**Long answer type questions**

**प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 06 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 11 to 15 are long answer type questions. Each questions carries 06 marks.**

11. प्रश्नः– वर्त्तमान भारत में राज्य के लोकतांत्रिक आधारों की चर्चा करें ।

    Discuss the democratic bases of State in India.

12. प्रश्नः–भारत में औपनिवेशिक शासन के कारणों का वर्णन करें ।

    Explain the causes of colonial rule in India.

13. प्रश्नः– भूमि सुधार के उद्देश्यों को स्पष्ट करें

    Explain the objectives of land reforms.

14. प्रश्नः– भारत में नगरीय समस्याओं की चर्चा करें ।

    Discuss urban problems in India.

15. प्रश्नः– अल्पसंख्यक किसे कहते हैं ? अल्पसंख्यक के संवैधानिक अधिकारों का उल्लेख करें।

    What is minority ? Discuss the constitutional rights of minority.

**खण्ड-अ**

**( उत्तरमाला )**

**Group- A**

**Answer Sheet**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1)-घ | (2)-क | (3)-क | (4)-ग | (5)-ख | (6)-घ |
| (7)-ग | (8)-ग | (9)-घ | (10)-घ | (11)-क | (12)-ख |
| (13)-क | (14)-क | (15)-ख | (16)-ग | (17)-ग | (18)-घ |
| (19)-क | (20)-ख | (21)-घ | (22)-ग | (23)-घ | (24)-क |
| (25)-घ | (26)-ग | (27)-ग | (28)-ग | (29)-घ | (30)-क |
| (31)-घ | (32)-घ | (33)-ख | (34)-घ | (35)-ख | (36)-ख |
| (37)-ख | (38)-क | (39)-क | (40)-ग | | |

## खण्ड-ब

### ( उत्तरमाला )

**उत्तर 1. :-**राष्ट्र के प्रति भावनात्मक लगाव ही राष्ट्रवाद कहलाता है। यह चिन्तन की एक ऐसी दशा है, जिसमें राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी जाती हैं। इस स्थिति में व्यक्तिगत हित गौण हो जाता है। व्यक्ति अपने धर्म, जाति या क्षेत्र की भावनाओं से ऊपर उठकर राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च निष्ठा रखते हैं। प्रोफेसर जिमर्न ने इसे स्पष्ट करते हुए कहा है, ''राष्ट्रवाद अथवा राष्ट्रीयता एक मानसिक दशा है। यह अनुभव करने विचार करने और जीवन व्यतीत करने का ऐसा ढंग है, जिसका सन्दर्भ राष्ट्र होता है।'' राष्ट्रवाद से लोगों की यह भावना दृढ़ बनती है कि राष्ट्र की समस्या उनकी अपनी समस्या है तथा एक-दूसरे का साथ देकर ही राष्ट्र को मजबूत बनाया जा सकता है। इसका तात्पर्य यह है कि राष्ट्रवाद ही वह आधार है जो किसी राष्ट्र को संगठित करता है।

**उत्तर 2. :-** समाजशास्त्र में 'समुदाय' शब्द का विशेष अर्थ में प्रयोग होता है। समुदाय एक वृहत मानव समूह है जो एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में निवास करता है। यह एक मूर्त्त संगठन है। इसका निर्माण अचानक नहीं होता है। एक लम्बी अवधि के बाद इसका विकास अपने-आप होता है। समुदाय के सभी सदस्य एक सामान्य जीवन व्यतीत करते हैं। उनके सभी सामाजिक सम्बन्ध एक समुदाय में पाए जाते हैं। जैसे-ग्रामीण समुदाय। किंग्सले डेविस के अनुसार, ''समुदाय सबसे छोटा क्षेत्रीय समूह है, जिसके अन्तर्गत सामाजिक जीवन के सभी पहलुओं का समावेश होता है।'' बोगार्डस ने स्पष्ट लिखा है कि समुदाय में कुछ मात्रा में 'हम की भावना' पायी जाती है। इस तरह कहा जा सकता है कि - (i) समुदाय एक समूह है। (ii) यह एक निश्चित भू-भाग पर बसा होता है। (iii) इनके बीच 'हम की भावना' होती है। (iv) इनकी एक सामान्य संस्कृति होती है। (v) इसके अन्तर्गत जीवन के समस्त पहलुओं का संगठन होता है।

**उत्तर 3. :-** सामाजिक स्तरीकरण का दूसरा आधार वर्ग-व्यवस्था है। मध्यम वर्ग आर्थिक आधार पर वर्ग-व्यवस्था का एक प्रकार है। इसके अंतर्गत व्यापारियों, बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, वेतनभोगी, कर्मचारियों, सामान्य अधिकारियों, मध्यम स्तर के किसानों को शामिल किया जाता है जो अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए समुचित आय प्राप्त कर लेते हैं। आय के अनुसार ही अपनी आवश्यकताओं को बढ़ाना या कम करना इस वर्ग की विशेषता रही है। मध्यम वर्ग को दो वर्गों में विभाजित किया जाता है - (i) सम्पन्न मध्यम वर्ग। तथा (ii) साधारण मध्यम वर्ग। सम्पन्न मध्यम वर्ग डॉक्टर, इंजीनियर, बड़े व्यापारी आदि हैं जबकि साधारण मध्यम वर्ग में साधारण दुकानदार, खुदरा व्यापारी आदि आते हैं। साधारण मध्यम वर्ग की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति काफी सामान्य होती है।

**उत्तर 4. :-** जनजातीय समुदाय लोगों का एक ऐसा समूह है जो एक निश्चित भू-भाग में निवास करता है। एक जनजातीय समुदाय के सभी सदस्य एक विशेष संस्कृति, भाषा, धर्म तथा जीवन स्तर को प्रदर्शित करते हैं तथा सामाजिक एवं राजनीतिक आधार पर एक आत्मनिर्भर जीवन व्यतीत करता है। डी.एन. मजूमदार ने इसे स्पष्ट करते हुए लिखा है-''जनजाति समुदाय कुछ परिवारों के समूह का संकलन है, जिसे एक सामान्य नाम के द्वारा पहचाना जाता है, जिसके सदस्य एक सामान्य भू-भाग में रहते हैं, सामान्य भाषा बोलते हैं, विवाह और व्यवसाय में कुछ निषेधों का पालन करते हैं और संगठित रूप में अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करते हैं। भारत में विभिन्न प्रकार के जनजातीय समुदाय पाए जाते हैं। ये समुदाय अपनी भिन्न-भिन्न संस्कृति के कारण एक-दूसरे से अलग पहचान रखते हैं। जैसे-संथाल, मुंडा, भील, नायर ।

**उत्तर 5. :-** भारतीय सामाजिक व्यवस्था में वर्ण और जाति का महत्वपूर्ण स्थान है। साधारणतया वर्ण तथा जाति शब्दों का प्रयोग समान अर्थों में ही किया जाता है। वास्तविकता यह है कि वर्ण व्यवस्था एक वृहत् व्यवस्था है जिसके द्वारा सम्पूर्ण समाज को कार्यात्मक रूप से चार बड़े समूहों में विभाजित किया गया था, जबकि जाति-व्यवस्था एक ऐसा संगठन है जिसका निर्माण हजारों जातियों के संस्तरण द्वारा हुआ है। मजूमदार एवं मदान के शब्दों में, ''जाति एक बन्द वर्ग है।'' इस अर्थ में एक जाति को दूसरी जाति की सदस्यता प्राप्त नहीं हो सकती है। जबकि वर्ण कर्म पर आधारित व्यवस्था थी। ऋग्वैदिक काल में ब्रह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र नामक चार वर्णों द्वारा समाज विभाजित था। उस काल में कोई भी व्यक्ति योग्यता प्राप्त कर अपने वर्ण में परिवर्तन कर सकता था। इस अर्थ में वर्ण एक खुली व्यवस्था थी। कालान्तर में वर्ण व्यवस्था जाति व्यवस्था के रूप में परिवर्तित हो गई।

**उत्तर 6. :-**जाति-व्यवस्था भारतीय समाज की एक मुख्य विशेषता है। अलग-अलग दृष्टिकोण से विद्वानों ने इसे समझने का प्रयास किया है। भारतीय समाजशास्त्री डॉ० जी.एस. घुर्ये महोदय ने जाति-व्यवस्था को परिभाषा में बांधने के बजाय इसकी सांस्कृतिक विशेषताओं की चर्चा की है। उनके अनुसार जाति-व्यवस्था को छः विशेषताओं के आधार पर समझा जा सकता है। ये विशेषताए¡ इस प्रकार हैं-(i) समाज का खण्डात्मक विभाजन, (ii) संस्तरण, (iii) खान-पान और सामाजिक सहवास पर प्रतिबन्ध, (iv) नागरिक तथा धार्मिक निर्योग्यताएं और विशेषाधिकार, (v) व्यवसाय के स्वतंत्र चुनाव पर नियंत्रणा, (vi) विवाह पर प्रतिबंध। वर्त्तमान समय में जाति-व्यवस्था की इन विशेषताओं में काफी अन्तर आया है। अन्तर्विवाही विशेषता जाति व्यवस्था में अभी भी स्थापित है। वैसे दूसरी जाति में विवाह पर प्रतिबंध अब काफी कमजोर हो चुका है। यह जाति-व्यवस्था की परिवर्त्तनशीलता को स्पष्ट करता है।

**उत्तर 7. :-** एम.एन. श्रीनिवास द्वारा प्रस्तुत 'संस्कृतिकरण' की अवधारणा एक महत्वपूर्ण अवधारणा है। इस अवधारणा के द्वारा श्रीनिवास महोदय ने भारतीय समाज में होने वाले परिवर्त्तन को स्पष्ट किया है। इसे परिभाषित करते हुए उन्होंने बताया कि संस्कृतिकरण एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत निम्न हिन्दू जाति के लोग या कोई जनजाति अथवा कोई अन्य समूह किसी उच्च और प्राय: द्विज जाति की दिशा में अपने रीति-रिवाज, कर्मकांड और जीवन प¼ति को बदलता है। प्रारंभ में इस परिवर्त्तन को ब्राह्मणीकरण कहा था। बाद में इसे परिवर्तित करते हुए 'संस्कृतिकरण' शब्द को उपयुक्त माना। वास्तव में भारतीय समाज में यह प्रक्रिया सरल नहीं रही है। इन प्रक्रिया के दौरान विवाद भी उत्पन्न हुआ है। इस तरह कहा जा सकता है कि श्रीनिवास महादेय ने संस्कृतिकरण प्रक्रिया को सामाजिक परिवर्त्तन के आन्तरिक कारक के रूप में विश्लेषित किया है।

**उत्तर 8. :-**औद्योगीकरण सामाजिक परिवर्त्तन का एक महत्वपूर्ण कारक हैं। सामाजिक संरचना में परिवर्त्तन पैदा करने के लिए औद्योगीकरण को एक मुख्य प्रक्रिया के रूप में देखा जाता है। औद्योगीकरण का संबंध उस नवीन प्रौद्योगिकी से है, जिसका उद्‌देश्य मानव समाज का भौतिक विकास करना है। बिलबर्ट मूरे के शब्दों में, ''औद्योगीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा आर्थिक रूप से उपयोगी वस्तुओं का अधिक-से-अधिक उत्पादन करके लोगों की योग्यता और सेवाओं को सर्वोत्तम उपयोगी बनाया जाता है।'' इस प्रकार स्पष्ट होता है कि मूल रूप से औद्योगीकरण आर्थिक विकास की एक प्रक्रिया है। आर्थिक विकास का प्रभाव सामाजिक-सांस्कृतिक परिस्थितियों पर भी पड़ता है। इस अर्थ में इसे सामाजिक प्रक्रिया के रूप में भी स्पष्ट किया जाता है।

**उत्तर 9. :-** विकेन्द्रीकरण का अर्थ शक्तियों के विभाजन से है। यह विभाजन निचले स्तर के इकाईयों तक होता है। दूसरे अर्थ में कहा जा सकता है कि संस्थाओं और संगठनों में निर्णय लेने के अधिकार में निम्न वर्गों की सहभागिता ही विकेन्द्रीकरण कहलाता है। यह सहभागिता लोकतंत्र के मूल सि¼ांत पर आधारित है। इस अर्थ में इसे लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण कहा जाता है। भारतीय संविधान के 73वा¡ तथा 74वा¡ संविधान संशोधन विधेयक लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का नवीन उदाहरण है। पंचायतीराज व्यवस्था के तहत पंचायत से जिला परिषद तक को अपने विकास के लिए निर्णय का अधिकार दिया गया है। भारत जैसे विशाल एवं विविधता वाले देश में योजना एवं प्रशासन के लिए विकेन्द्रीकरण की अत्यधिक आवश्यकता है। लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के सकारात्मक परिणाम भी भारतीय समाज में देखने को मिल रहा है। साामजिक रूप से वंचित वर्गों के उत्थान में इसकी महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

**उत्तर 10.:-**वैश्विक स्तर पर असीमित विकास के कारण पर्यावरण विनाश एक जटिल समस्या के रूप में सामने आया है। ऐसा कोई विकास कार्यक्रम और परियोजना नहीं है, जिनका प्रभाव पर्यावरण पर नहीं पड़ता है। औद्योगीकरण, नगरीकरण, भौतिकवादी प्रकृति एवं बाजारवाद के कारण भी पर्यावरण

विनाश की स्थिति उत्पन्न हुई है। पर्यावरण विनाश सिर्फ स्थानीय समस्या नहीं है बल्कि एक सार्वभौमिक समस्या है। मानव और पर्यावरण एक–दूसरे को प्रभावित करते हैं। समाजशास्त्री कर्ट लेविन ने कहा है कि मनुष्य तथा पर्यावरण में अन्त:क्रिया की स्थिति उत्पन्न होती है। वर्त्तमान समय में पर्यावरण विनाश की समस्या को निपटने हेतु टिकाऊ विकास की नीति को अपनाने की आवश्यकता है।

## खण्ड-स

## ( उत्तरमाला )

**उत्तर 11.:-** एक राजनीतिक संस्था के रूप में भारतीय संविधान द्वारा राज्य के जिन लोकतांत्रिक आधारों को स्पष्ट किया गया है, वे निम्नलिखित हैं:-

**(i)** **सम्प्रभुता:-** सम्प्रभुता का अर्थ राज्य की एक ऐसी सत्ता से है, जो किसी भी दूसरे राज्य से पूरी तरह स्वतंत्र होती है। बिना बाहरी हस्तक्षेप के राज्य स्वयं निर्णय लेता है। स्वतंत्रता के बाद से सम्प्रभुता भारत की आधारभूत विशेषता है।

**(ii)** **संसदीय लोकतंत्र:-** भारत में अप्रत्यक्ष लोकतंत्र को अपनाया गया है। यहा¡ संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था है। राज्य का संचालन अथवा शासन का काम जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा होता है। प्रतिनिधियों का चुनाव प्रत्येक पा¡च वर्ष पर होता है।

**(iii)** **संघीय संरचना:-** संघीय संरचना वह व्यवस्था है, जिसमें सरकार का गठन दो स्तरों पर होता है-केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारें। भारत में यह व्यवस्था सफलतापूर्वक कार्य कर रही है।

**(iv)** **लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण:-** पंचायती राज व्यवस्था के रूप में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण भारत की प्रमुख राजनीतिक संस्था है। 73वा¡ तथा 74वा¡ संविधान संशोधन के द्वारा पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है।

**(v)** **धर्मनिरपेक्षता:-** भारतीय संविधान की प्रस्तावना में ही धर्मनिरपेक्षता को एक मुख्य आधार घोषित किया गया है। धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य सभी धर्मों के प्रति समानता की भावना से है। भारत का अपना कोई धर्म नहीं है। भारत में सभी धर्मों को संरक्षण प्राप्त है।

**(vi)** **न्याय, स्वतंत्रता तथा समानता:-** भारत की राजव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार न्याय, स्वतंत्रता तथा समानता है। विभिन्न प्रावधानों के द्वारा भारत के सभी नागरिकों के लिए व्यवस्था लागू है।

**(vii)** **बहु-दलीय प्रणाली:-** भारतीय लोकतंत्र में बहु-दलीय प्रणाली को अपनाया गया है। सरकार का निर्माण करने, सरकार के निर्णयों को प्रभावित करने और जनता में राजनीतिक दलों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। वर्तमान समय में सरकार निर्माण में गठबंधन की भूमिका बढ़ती जा रही है।

**उत्तर 12.:-** भारत में ईस्टइंडिया कंपनी व्यापार के उद्देश्य से आया था। भारत की कमजोर सामाजिक, राजनीतिक तथा आर्थिक स्थिति के कारण यहा¡ ब्रिटेन का औपनिवेशिक शासन हो गया। भारत में औपनिवेशिक शासन के कारणों को इस प्रकार स्पष्ट किया जा सकता है:-

**(i)** अठारहवीं शताब्दी के मध्य में मुगल शासन के कमजोर स्थिति से राजनीतिक अस्थिरता काफी बढ़ गई। विभिन्न राजाओं के बीच यु¼ आरंभ हो गये। राजाओं के विलासितापूर्ण जीवन से भारत की राजनीति में विदेशियों की रूचि धीरे-धीरे बढ़ने लगी।

**(ii)** भारत का क्षेत्रफल बहुत बड़ा होने के साथ ही अलग-अलग क्षेत्रों की संस्कृतियों में काफी भिन्नता थी। इसके फलस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों के बीच किसी तरह का सामंजस्य और सन्तुलन स्थापित नहीं हो सका।

**(iii)** देश में बड़े-बड़े जागीरदारों और राजाओं के अधिकारियों की शक्ति इतनी बढ़ गई कि उन्होंने जनसाधारण का बुरी तरह शोषण करना आरंभ कर दिया।

**(iv)** आवागमन तथा संचार की सुविधाओं के अभाव में यहा¡ के निवासी अपने क्षेत्र तक सीमित रहे। उन्हें अपने निकट के क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं का भी पता नहीं चल पाता था।

इसी दिशा में सरकार द्वारा कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सन् 2001 को महिला सशक्तिकरण वर्ष के रूप में घोषित किया गया। महिलाओं को रोजगार और आर्थिक सहायता प्रदान करने की दिशा में, 1987 में 'महिला विकास निगम' 1993 में 'राष्ट्ªीय महिला कोष' 2001 में स्वयंसि¼ा आदि योजनाए¡ शुरू की गई। उसी तरह मातृत्व और

शिशु–स्वास्थ्य के लिए 'जननी सुरक्षा योजना, वृ¼ महिलाओं के लिए 'वृ¼वस्था पेंशन योजना आदि कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

**उत्तर 5. :–** जिन कार्यक्रमों के द्वारा कृषि उत्पादन में तेजी से वृf¼ हुई, वे निम्नांकित है–

i. सर्वप्रथम, अधिक उपज देनेवाली फसल–कार्यक्रम लागू किए गए। इसके लिए कृषि विश्वविद्यालयों और दूसरे संस्थानों में शोध करके ऐसे संकर बीज तैयार किए गए जिनसे कृषि उत्पादन में वृf¼ की जा सके। फसलों में धान, ज्वार, गेहू¡ , बाजरा और मक्का के उत्पादन पर विशेष जोर दिया गया। जिसमें सबसे अधिक सफलता गेहू¡ के उत्पादन में मिली।

ii. कार्यक्रम के दूसरे चरण (1967–68) में बहुफसल कार्यक्रम पर जोर दिया गया। इसमें रसायनिक खाद और सिंचाई के साधनों का भी उपयोग किया गया। इसी का परिणाम है कि आज वर्ष में एक ही खेत में तीन फसलें आसानी से तैयार हो जाती है तथा प्रति एकड़ पैदावार में भी वृf¼ हुई।

iii. भारतीय कृषि की एक सबसे बड़ी समस्या इसका सिंचाई के लिए मौनसून पर आधारित होना है। खेती वर्षा पर निर्भर न रहे, इसके लिए बड़ी और छोटी सिंचाई की योजनाए¡ बनाई गई। बा¡ध बनाकर बड़े–बड़े नहरों का निर्माण किया गया, वर्षा जल को एकत्रित करने के लिए सरोवर और जनलाशयों का निर्माण हुआ। लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत ट्यूबवेल लगाए गए, कुओं की व्यवस्था की गई।

**उत्तर 6.:–** दबाव समूह शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम 1928 में 'पीटर ओडीगार्ड' ने अपनी पुस्तक 'दबाव की राजनीति' में प्रयुक्त किया। उनके अनुसार, ''एक हित–समूह व्यक्तियों का वह औपचारिक संगठन है जो एक या अनेक सामान्य हितों या उद्देश्यों में सहभागी होता है तथा जिससे सदस्य सरकार की नीतियों, कुछ विशिष्ट घटनाक्रमों, सरकार के निर्माण और प्रशासन को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं। इन कार्यों के द्वारा वे अपनी हितों की रक्षा करते हैं तथा उन्हें बढ़ाते हैं।''

उपर्युक्त परिभाषा से स्पष्ट है कि जब कोई छोटा या बड़ा समूह अपने स्वार्थों या हितों को पूरा करने के लिए संगठित रूप धारण करता है तो उसे हित समूह (Interestgroup) कहा जाता है। जब ये ही हित समूह अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सरकार पर दबाव डालते हैं या अपने सदस्यों के हितों के अनुरूप कानून के निर्माण और संशोधनों के लिए जन–प्रतिनिधियों को प्रभावित करते हैं जब उसे दबाव समूह कहा जाता है।

iv. दबाव समूहों के कार्य तथा व्यवहार राज्य और सरकार के ढा¡चे, दलीय व्यवस्था और राजनीतिक दशाओं के आधार पर निर्धारित होते हैं।

**उत्तर 7. :-** विकेन्द्रीकरण का तात्पर्य राज्य की शक्ति के ऐसे ब¡टवारे से है जिससे राज्य के द्वारा लिए जाने वाले निर्णय में प्रत्येक वर्ग की हिस्सेदारी हो। इसका अर्थ यह है कि जब राजनीतिक, आर्थिक और प्रशासनिक कार्यों के लिए ग्रामीण से लेकर केन्द्र-सरकार के स्तर तक अधिकारों का एक न्यायपूर्ण ब¡टवारा होता है, तब इसी दशा को हम लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण कहते हैं।

भारतीय जनसंख्या की तीन मुख्य विशेषताए¡ हैं। पहली, यहा¡ सामाजिक, धार्मिक, भाषायी, क्षेत्रीय और सांस्कृतिक विभिन्नता के कारण अत्यधिक जटिलता है। दूसरा, भारत की जनसंख्या का बहुसंख्यक वर्ग उन दुर्बल लोगों से संबंधित है जिन्हें परम्परागत रूप से राजनीति या शासन में भाग लेने का कोई अधिकार नहीं था। विकेन्द्रीकरण के द्वारा ही समाज के कमजोर और वंचित सामाजिक समूहों की शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। तीसरा, भारत की जनसंख्या विशाल है, इसीलिए स्थानीय समस्याओं को दूर करने के लिए स्थानीय लोगों की भागीदारी हो यह लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के द्वारा ही संभव है।

इसका सबसे अच्छा उदाहरण 1959 में 'बलवंत राय मेहता' की अध्यक्षता में एक तीन स्तरों वाली पंचायती राज व्यवस्था कार्यक्रम को लागू करना है। भारत की संघीय शासन-व्यवस्था भी लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के सि¼ांत पर ही आधारित है। लेकिन जहा¡ संघीय व्यवस्था में शक्ति का ब¡टवारा केन्द्र और राज्य तक ही है, वहीं पंचायती राज व्यवस्था में शक्ति का विकेन्द्रीकरण स्थानीय स्तर तक किया गया है।

**उत्तर 8. :-** नगरीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके अन्तर्गत बहुत से ग्रामीण क्षेत्र नगरीय क्षेत्रों में परिवर्तित होने लगते हैं तथा गा¡वों में भी नगर की विशेषताओं का प्रभाव बढ़ने लगता है।

भारतीय समाज में अनेक नागरिक सुविधाओं के विकास के फलस्वरूप नगरों में जनसंख्या का दबाव बढ़ने से आवास की समस्या बढ़ी। बड़े-बड़े नगरों में घनी आबादी और मलिन बस्तियों के बढ़ने से, स्वास्थ्य, बिजली, पानी की सुविधाओं का अभाव हो गया।

नगरीकरण से प्रदूषण में बढ़ोतरी हुई जिससे तरह-तरह की बीमारिया¡ बढ़ने लगी। शोर, भागदौड़ की जिंदगी और अकेलेपन के कारण मानसिक समस्याए¡ बढ़ने लगी। जनसंख्या की तुलना में रोजगार के अभाव में बेरोजगारी बढ़ी, फलस्वरूप अपराधों में भी वृ¼ि हो गई। द्वितीयक संस्थाओं के बढ़ते प्रभाव के कारण सामाजिक नियन्त्रण भी कमजोर हो गया। इससे नैतिक पतन होने लगा। आवास और व्यवसाय की कमी से अतिक्रमण की

समस्या ने गंभीर रूप ले लिया। पश्चिमीकरण के अंधानुकरण से व्यक्तिगत और पारिवारिक विघटन की समस्या भी पैदा हुई है। इसी कारण अब नगर नियोजन पर सरकार द्वारा अधिक ध्यान दिया जाने लगा है।

**उत्तर 9. :-** नातेदारी व्यवस्था विभिन्न व्यक्तियों को सामाजिक निकटता के आधार पर अनेक श्रेणियों में विभाजित करती हैं-

i. प्राथमिक नातेदारी -जिन व्यक्तियों के बीच रक्त या विवाह का प्रत्यक्ष संबंध होता है, वे एक-दूसरे के प्राथमिक नातेदार कहलाते हैं। जैसे- पिता-पुत्र, पिता-पुत्री, माता-पुत्र, माता-पुत्री आदि।

ii. द्वितीयक नातेदार - जो व्यक्ति हमारे प्राथमिक नातेदार के प्राथमिक संबंधी होते हैं, उन्हें द्वितीयक नातेदार कहते हैं। जैसे- पिता हमारे प्राथमिक नातेदार है और पिता के भाई, हमारे द्वितीयक नातेदार हैं।

iii. तृतीयक नातेदार - द्वितीयक नातेदारों के प्राथमिक संबंधियों को हम अपना तृतीयक नातेदार कहते हैं। सभी फुफेरे, मौसेरे, ममेरे तथा चचेरे भाई-बहन एक दूसरे के तृतीयक नातेदार होंगे।

**उत्तर 10. :-** बॉटोमोर ने समाजशास्त्र को क्रांति की संतान की संज्ञा दी है। इसे स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि समाजशास्त्र एक ऐसा विषय है जिसका जन्म फ्रांस की क्रांति और इंग्लैंड की औद्योगिक क्रांति के फलस्वरूप हुआ। पुनर्जागरण का समय जब मानव स्वतंत्रता और मानवाधिकार खतरे में पड़ गया था, फ्रांस की क्रांति और औद्योगिक क्रांति के फलस्वरूप जनसाधारण का सामाजिक चेतना समाज के कुलीन वर्गों की गुलाम बन गई थी, तब इन्हीं दशाओं के विरोध में एक नयी सामाजिक व्यवस्था को लागू करने के उद्देश्य से सामाजिक चिंतन आरंभ हुआ। इसी वैज्ञानिक चिंतन से विकसित होने वाले ज्ञान को हम समाजशास्त्र कहते हैं।

## खण्ड–स

## ( उत्तरमाला )

**उत्तर 11. :–** उपनिवेशवाद के अंतर्गत ब्रिटिश सरकार ने जिन नीतियों को शुरू किया उसके सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव देखने को मिले। जो निम्नांकित है–

i. अधिक–से–अधिक आर्थिक शोषण की नीति के कारण यहा¡ सन् 1973 में जमींदारी प्रथा लागू की गई। जमींदारों द्वारा अधिकतम लाभ के उद्देश्य से किसानों से मनमाना लगान वसूला जाने लगा। फलस्वरूप किसान कर्ज के बोक्ष के दब गए, कृषि पर आधारित पूरी भारतीय व्यवस्था चरमरा गई।

ii. औद्योगिक क्रांति के प्रभाव के कारण इंग्लैड में मशीनों से तैयार माल की खपत भारतीय बाजार में जबरन की जाने लगी। इससे परिणामस्वरूप लघु और कुटीर उद्योग पर आधारित ग्रामीण व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई।

iii. जाति पंचायत या ग्राम पंचायत के स्थान पर एक समान न्यायिक व्यवस्था लागू की गई। जिसने भारतीय सामाजिक संरचना को पूरी तरह से बदल दिया।

iv. उपनिवेशवाद के कारण जो आधुनिक शिक्षा व्यवस्था लागू हुई, उसके कारण भारत में राष्ट्रवाद की भावना का उदय हुआ। छुआ–छूत की भावना, जातिगत–भेद, अशिक्षा और अन्य सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए समाज–सुधार आंदोलन शुरू किए गए।

v. ब्रिटिश शासन द्वारा किए जा रहे शोषण पर आधारित शासन के फलस्वरूप भारत में स्वतंत्रता आंदोलन की जो शुरूआत हुई, उसने हिन्दू–मुस्लिम एकता को एक नई दिशा दी।

vi. नगरीकरण और औद्योगिकरण के प्रभाव के फलस्वरूप में भारत में संचार और आवागमन के साधनों का विकास हुआ। अब गा¡वों का नगरों से सम्पर्क सुविधाजनक हो गया।

इस प्रकार से देखा जाए तो उपनिवेशवाद के प्रभाव के कारण एक नई भारतीय सामाजिक व्यवस्था की स्थापना हुई।

**उत्तर 12. :-** माल्थस ने सबसे पहले 1798 ई० में जनसंख्या संबंधी दृष्टिकोण को अपने एक निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किया। उनके द्वारा प्रस्तुत जनसंख्या-सि¼ांत की प्रमुख मान्यताए¡ निम्नांकित हैं-

(क) जनसंख्या का आजीविका के साधनों से एक प्रत्यक्ष संबंध है।

(ख) खाद्यान्न उत्पादन में उत्पति का ह्रास नियम लागू होता है।

(ग) मनुष्य में संतान को जन्म देने की बहुत अधिक क्षमता है।

(घ) भरण-पोषण के साधनों की तुलना में जनसंख्या-वृ¼ की दर अधिक तेज होती है।

(ड़)जनसंख्या वृ¼ पर या तो मानवीय प्रयत्नों से रोक लगाया जा सकता है, अथवा प्रकृति स्वयं नियंत्रण लगती है।

उपर्युक्त मान्यताओं के आधार पर माल्थस के सि¼ांत के निष्कर्ष इस प्रकार है:-

i. जनसंख्या वृ¼ की दर - माल्थस का मानना था कि जनसंख्या जीवन-निर्वाह के साधनों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ती है। माल्थस के अनुसार, जनसंख्या ज्यामितिक अनुपात अर्थात 1 : 2 : 4 : 8 : 16 : 32 की दर से बढ़ती है।

ii. खाद्य - सामग्री की वृ¼ की दर - इसके विपरीत खाद्य सामग्री अर्थात् जीवन-निर्वाह की वृ¼ दर अत्यंत धीमी होती है। यह वृ¼ अंकगणितीय अनुपात अर्थात् 1 : 2 : 3 : 4 : 5 : 6 आदि से होती है।

iii. जनसंख्या तथा खाद्य सामग्री में असंतुलन - खाद्य-सामग्री की तुलना में जनसंख्या वृ¼ की तीव्र दर के कारण दोनों में असंतुलन उत्पन्न हो जाता है।

इस असंतुलन को दूर करने के लिए माल्थस ने कुछ सुझाव भी दिए है-

i. कृत्रिम या प्रतिबन्धक अवरोध - उनका मानना है कि हम जनसंख्या पर कृत्रिम ढंग से रोक लगा सकते है जिसमें नैतिक संयम और गर्भनिरोध साधनों के प्रयोग को उन्होंने नैतिक उपाय के रूप में शामिल किया है।

ii. प्राकृतिक अथवा नैसर्गिक अवरोध - यदि कृत्रिम या प्रतिबन्धक अवरोध नहीं अपनाया गया तो प्रकृति स्वयं बाढ़, भूकम्प, महामारी, अकाल आदि के रूप में इस पर नियंत्रण लगाती है।

यह कुचक्र लगातार चलता रहता है जिसे 'माल्थूसियन चक्र' कहा जाता है।

**उत्तर 13. :-** मजूमदार तथा मदान ने अपनी पुस्तक ''सामाजिक मानवशास्त्र' में यह स्पष्ट किया कि आज जनजातियों की अधिकांश समस्याओं का संबंध पर संस्कृतिग्रहण की प्रक्रिया से है। पर संस्कृतिग्रहण वह दशा है जिसमें ईसाई मिशनरियों या बाहरी समूहों के प्रभाव से

जनजातिया¡ अपनी मूल सांस्कृतिक विशेषताओं को छोड़कर अपने से भिन्न सांस्कृतिक समूहों की विशेषताओं को ग्रहण करने लगती है।

परसंस्कृतिगग्रहण या नवाचार ने जनजातियों में अनेक समस्याए¡ पैदा कर दीं-

i. परसंस्कृतिक-ग्रहण के कारण जनजातियों का परम्परागत सामाजिक संगठन कमजोर पड़ने लगा।

ii. बाहरी समूह के प्रभाव के फलस्वरूप उन्होंने अपने परम्परागत धार्मिक विश्वासों और मूल भाषा का परित्याग कर दिया।

iii. हिन्दू संस्कृति के प्रभाव के अनेक जनजातियों में सामाजिक असमानता विकसित होने लगी। बाल-विवाह, दहेज-प्रथा आदि का प्रचलन बढ़ने से स्त्रियों की परम्परागत शक्ति में कमी होने लगी जिससे पारिवारिक विघटन की समस्या बढ़ने लगी।

iv. बाहरी समूहों के द्वारा आर्थिक शोषण होने से जनजातियों की प्रकृति पर निर्भरता भी खत्म हो गई। जनजातियों की कृषि भूमि पर बलपूर्वक अधिकार किया जाने लगा।

v. आर्थिक अधिकारों से वंचित कर दिए जाने की स्थिति में उन्हें मजबूर होकर नगरों की ओर जाना पड़ा। नगरीय समस्याओं के कारण उन्हें मजदूरी मिलना भी मुश्किल हो गया, जिससे उनमें बेरोजगारी की समस्या गंभीर हो गई।

vi. जनजातियों की संस्कृति उनके स्थानीय अनुभव और आवश्यकताओं से संबंधित रही है। जादू या धार्मिक विश्वासों से उन्हें मानसिक संरक्षण मिलता था, लेकिन नए धर्म ने उनकी इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं किया। इससे वे अपने-आप को ज्यादा असुरक्षित महसूस करने लगे।

इस प्रकार, स्पष्ट है कि अधिकांश जनजातीय समस्याए¡ परसंस्कृतिग्रहण का ही परिणाम हैं।

**उत्तर 14. :-** स्वतंत्रता के बाद भारत को एक समताकारी कल्याण राज्य घोषित किया गया और अनेक दूसरी तरह की विषमताओं को दूर करने के साथ स्त्री-पुरुष की समानता के लिए अनेक प्रयत्न किए गए-

i. सर्वप्रथम 1954 में विशेष विवाह अधिनियम हुआ जिसके अन्तर्गत एक-दूसरे से भिन्न धर्म वाले व्यस्क स्त्री-पुरूष को विवाह करने की कानूनी अनुमति दी गई है।

ii. हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के द्वारा स्त्रियों को न्यायालय द्वारा विवाह-विच्छेद का अधिकार देने के साथ पति से भरण-पोषण की राशि प्राप्त करने की सुविधा दी गई है।

iii. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 में स्त्री को पत्नी, माता, पुत्री के रूप में सम्पति में हिस्सेदारी दी गई है।

iv. सन् 1956 में ही स्त्रियों द्वारा संतान न होने की दशा में गोद लेने तथा अपने नाबालिग संतान का संरक्षक बनने का अधिकार दिया गया है।

v. 1961 में दहेज निरोधक कानून बनाकर उनपर हो रहे अत्याचारों को कम करने का प्रयास किया गया।

vi. सन् 1976 में स्त्रियों को पुरुषों के समान वेतन और मजदूरी प्राप्त करने का अधिकार दिया गया।

vii. 1992 में 'केन्द्रीय पंचायत राज्य अधिनियम' पारित किया गया जिसमें महिलाओं के लिए इसकी सभी संस्थाओं में एक-तिहाई स्थान सुरक्षित कर दिए गए।

viii. घरेलू हिंसा महिलाओं का संरक्षण कानून 2005 पारित किया गया। जिसमें शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न, भरण-पोषण की सुविधा न देना आदि से स्त्रियों को सुरक्षा प्रदान किया गया है।

**उत्तर 15. :-** राजनीतिक दल और दबाव समूह में निम्नलिखित अंतर है-

i. राजनीतिक दल एक राजनैतिक विचारधारा और कार्यक्रम पर आधारित संगठन होता है। दबाव समूह की कोई राजनैतिक विचारधारा नहीं होती है।

ii. राजनीतिक दल अधिक व्यापक और विस्तृत संगठन है जो देश के सभी मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करने का प्रयास करता हैं। लेकिन दबाव समूह विशेष वर्ग से संबंधित होने के कारण एक छोटा संगठन है।

iii. राजनीतिक दल का मुख्य उद्देश्य सत्ता की प्राप्ति है। जबकि दबाव समूह केवल अपने हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से सरकार को प्रभावित करने का प्रयास करते है, सत्ता प्राप्त करना इनका उद्देश्य नहीं है।

iv. एक व्यक्ति एक समय में केवल एक ही राजनीतिक दल का सदस्य हो सकता है। लेकिन एक ही समय में एक से अधिक दबाव समूहों का सदस्य बना रहा जा सकता है।

v. राजनीतिक दल राजनीतिक में प्रत्यक्ष रूप से भाग लेते हैं अपना उम्मीदवार चुनते है, निर्वाचन में भाग लेते हैं। जबकि दबाव समूह अप्रत्यक्ष रूप से राजनीति को प्रभावित करते हैं।

vi. राजनीतिक दल औपचारिक होते हैं। जबकि दबाव समूह औपचारिक और अनौपचारिक दोनों प्रकार के हो सकते हैं।

**SET-V**
**SOCIOLOGY**
**A- Soc (opt)**

समय: 3 घंटा 15 मिनट । पूर्णांक-100

**(Time 3 Hours 15 Minutes) ( Marks 100)**

परीक्षार्थी के लिए निर्देश-

**Instructions to the candidate-**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   **Candidate are requested to give their answers in their own words as for as possible.**

2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   **Figures in the right hand margin indicate full marks.**

3. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

   **Write groups number and questions number with every answers.**

4. सामान्य निर्देश्य-

   इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड 'अ', 'ब' और 'श' हैं। सभी खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य है।

खण्ड अः खण्ड-अ के सभी 40 प्रश्नों के उत्तर दें।

खण्ड बः खण्ड-ब में दिये गये सभी 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन अंक है।

खण्ड सः खण्ड-स में दिये गये सभी 5 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए छः अंक है।

**4. General Instruction-**

**The paper consists of three group i.e. A, B and C. All questions of all group compulsory.**

**Group A : All the 40 question are to be answered in group A. Each question carries 1 mark.**

**Group B : Answer all the 10 questions in group B. Each question carries 3 marks.**

**Group C : Answer all the five question in group C. Each question carries 6 marks.**

## खण्ड-अ
## ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )
## Group- A
## (Objective Type Questions)

**सभी विकल्प का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए।**

**Answer each question by selecting the correct choice.**

1. उपनिवेशवाद किस सोच का प्रतिफल है ?

(क) समाजवाद (ख) मानवतावाद

(ग) अन्तर्राष्ट्रीयतावाद (घ) साम्राज्यवाद

Colonialism is the result of which mindset ?

(a) Socialism (b) Humanism

(c) Internationalism (d) Imperialism

2. सन् 2011 की जनगणना के समय भारत की कुल जनसंख्या क्या है ?

(क) 98 करोड़ (ख) 108 करोड़

(ग) 115 करोड़ (घ) 121 करोड़

What is the total population of India on the basis of census 2011 ?

(a) 98 Cr. (b) 108 Cr.

(c) 115 Cr. (d) 121 Cr.

3. किसने कहा, ''जाति एक बंद वर्ग है'' ?

(क) मजूमदार और मदान (ख) रिजले

(ग) जी.एस. घुर्ये (घ) के. एल. शर्मा

Who said "caste is a closed" class ?

(a) Majumdar and Madan (b) Risley

(c) G.S. Ghurey (d) K.L. Sharma

4. 'ग्रामीण नगरीय सातत्य' की अवधारणा किसने दी है ?

(क) एस. सी. दूबे (ख) सोरोकिन

(ग) रेड फील्ड (घ) काम्ट

Who has given the concept of 'Rural-Urban continuity' ?

(a) S.C. Dubey (b) Sorokin

(c) Red Field (d) Comte

5. 'चाचा' नातेदारी की किस श्रेणी के अंतर्गत आता है ?

(क) प्राथमिक (ख) द्वितीयक

(ग) तृतीयक (घ) इनमें से कोई नहीं

Uncle comes under which category of Kinship ?

(a) Primary (b) Secondary

(c) Third (d) None of these

6. भारतीय समाज में सामाजिक स्तरीकरण की बुनियाद क्या है ?

(क) सम्पत्ति (ख) जाति

(ग) परिवार (घ) धर्म

What is the basis of social stratification in Indian Society ?

(a) Properly (b) Caste

(c) Family (d) Religion

7. भारत का सबसे बड़ा जनजातीय समूह कौन है ?

(क) संथाल (ख) मुंडा

(ग) भील (घ) गोंड

Which is the largest tribal group af India ?

(a) Santhal (b) Munda

(c) Bhil (d) Gond

8. किस वर्ष महिला समृ¼ योजना प्रारंभ किया गया ?

(क) 1991 (ख) 1993

(ग) 1990 (घ) 2000

In which year "Mahila Samridhi Yojna' was started ?

(a) 1991 (b) 1993

(c) 1990 (d) 2000

9. निम्न में से कौन 'पिछड़े वर्ग आयोग' के प्रथम अध्यक्ष थे ?

(क) मुंगेरीलाल (ख) काका कालेकर

(ग) कर्पूरी ठाकुर (घ) बी.पी. मंडल

From the following who is the first Chairman of 'backward class' ?

(a) Mungerilal (b) Kaka Kalelkar

(c) Karpoori thakur (d) B.P. Mandal

10. भारतीय संविधान में 'अनुच्छेद 334' का संबंध किससे हैं ?

(क) शिक्षा का अधिकार (ख) मौलिक कर्तव्य

(ग) अपराध (घ) अनुसूचित जाति / जनजाति हेतु आरक्षण

In Indian constitution Article 334 is related with ?

(a) Right of Education (b) Fundamental Duties

(c) Crime (d) Reservation for shedule caste / Tribe

11. भारत सरकार ने सर्वप्रथम अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना किस वर्ष की ?

(क) 1978 (ख) 1972

(ग) 1988 (घ) 1999

In which year Indian Government established first minority commission ?

(a) 1978 (b) 1972

(c) 1988 (d) 1999

12. राष्ट्रवाद का अर्थ ?

(क) सामान्य सामाजिक पृष्ठभूमि (ख) सामान्य जाति पृष्ठभूमि

(ग) सामान्य भौगोलिक पृष्ठभूमि (घ) उपर्युक्त में कोई नहीं

Nationalism means ?

(a) Common social background (b) Common caste background

(c) Common geographical background (d) None of above.

13. प्रजातंत्र की विशेषता है-

(क) कानून की दृष्टि में समातना (ख) सार्वभौमिक मताधिकार

(ग) प्रेस की स्वतंत्रता (घ) इनमें से सभी

The characterstics of Democracy is-

(a) Equality before law (b) Universal Franchise

(c) Freedom of Press (d) All of these

14. किसने समाजशास्त्र को 'क्रांति की संतान' कहा है ?

(क) लार्नर (ख) बॉटोमोर

(ग) मार्क्स (घ) दुर्खीम

Who said, "Sociology is the child of revolution" ?

(a) Lerner (b) Bottomore

(c) Marx (d) Durkhaim

15. भारत में निम्न में से किस राज्य में नगरीकरण की मात्रा सर्वाधिक है ?

(क) बिहार (ख) पश्चिम बंगाल

(ग) झारखण्ड (घ) मध्य प्रदेश

In India in which state urbanization affectted more ?

(a) Bihar (b) West Bengal

(c) Jharkhand (d) Madhya Pradesh

16. 'नगरीयता एक जीवन प¼ति है' यह किसने कहा ?

(क) बर्गेल (ख) विर्थ

(ग) रॉस (घ) कारपेन्टर

Who said. 'Urbanism is a way of life" ?
(a) Burgel (b) Wirth
(c) Ross (d) Carpernter

17. 'पश्चिमीकरण' की अवधारणा किसने दी ?
(क) एम. एन. श्रीनिवास (ख) एम. आर. देसाई
(ग) एस. सी. दुबे (घ) जी. एस. घुरिये

Who has given the concept of "Westernization" ?
(a) M. N. Sriniwas (b) A. R. Desai
(c) S. C. Dubey (d) G.S. Ghurey

18. जनता पार्टी का गठन कब हुआ ?
(क) 1949 (ख) 1950
(ग) 1966 (घ) 1977

In which year Janta Party established ?
(a) 1949 (b) 1950
(c) 1966 (d) 1977

19. इनमें से ग्राम-पंचायत की कौन सी एक शाखा है ?
(क) ग्राम सभा (ख) ग्राम कचहरी
(ग) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

which of the following is the branch of the Gram-Panchayat ?
(a) Gram Sabha (b) Gram Kachahri
(c) Both (d) None of these

20. संस्कृतिककरण की अवधारणा किसने दी ?
(क) एस. सी. दुबे (ख) योगेन्द्र सिंह
(ग) एम. एन. श्रीनिवास (घ) के. एल. शर्मा

Who has given the concept of Sankritization ?
(a) S. C. Dubey (b) Yogendra Singh
(c) M. N. Srinawas (d) K. L. Sharma

21. जमींदारी उन्मूलन अधिनियम किस वर्ष पारित हुआ ?
(क) 1951 (ख) 1955
(ग) 1948 (घ) 1961

In which year Zamindari Abolition Act. Passed ?
(a) 1951 (b) 1955
(c) 1948 (d) 1961

22. निम्न में से प्रजातंत्र का चौथा स्तंभ-

(क) जनसंचार (ख) संसद्

(ग) मंत्रिपरिषद् (घ) न्यायपालिका व्यवस्था

Which of the following is the fourth pillar of Democracy-

(a) Mass media (b) Parliament

(c) Cabinet (d) Judiciary systeme

23. इनमें से किसका संबंध बाजार प्रणाली से है ?

(क) प्रतिस्पर्धा (ख) श्रम विभाजन

(ग) संविदा (घ) इनमें से सभी

Which of the following is related with market system ?

(a) Competition (b) Division of Labour

(c) Contract (d) All of these.

24. घोटुल किस जनजाति में पाया जाता है ?

(क) गोंड (ख) संथाल

(ग) मुण्डा (घ) भील

Ghotul is found in which tribe ?

(a) Gond (b) Santhal

(c) Munda (d) Bhil

25. ताना-भगत आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था ?

(क) जतरा भगत (ख) बिरसा मुण्डा

(ग) सिधो-कान्हों (घ) करिया मुण्डा

Who had led the Tana-Bhagat movement ?

(a) Jatra Bhagat (b) Birsa Munda

(c) Sidho, Kanho (d) Karia Munda

26. नई राष्ट्ªीय जनसंख्या नीति कब घोषित हुई ?

(क) 1999 (ख) 2000

(ग) 2001 (घ) 2002

When the New National Population Policy was announced ?

(a) 1999 (b) 2000

(c) 2001 (d) 2002

27. दहेज निरोधक अधिनियम कब लागू हुआ ?

(क) 1995 (ख) 1956

(ग) 1959 (घ) 1961

When was the Dowry prohibition act enacted ?

(a) 1995 (b) 1956

(c) 1959 (d) 1961

28. भारत में राजनैतिक दलों को मान्यता कौन देता है ?

(क) राष्ट्रपति (ख) उच्चतम न्यायालय

(ग) संसद (घ) चुनाव आयोग

Who gives the recognition to the political parties in India ?

(a) President (b) Supreme court

(c) Parliament (d) Election commission

29. भारतीय इतिहास के किस काल को भारतीय स्त्री जाति का 'अंधकार युग' कहा जाता है ?

(क) ऋग्वैदिक काल (ख) उत्तर वैदिक काल

(ग) मध्यकाल (घ) ब्रिटिश काल

Which period in Indian History is known as the "Black Era" for women in India ?

(a) Rig Vedic Period (b) Later Vedic period

(c) Medieval period (d) British period

30. कृषक समाज की अवधारणा किसने दी है ?

(क) राबर्ट रेडफील्ड (ख) मेकाइवर और पेज

(ग) लेविस कोजर (घ) मर्टन

The concept of peasant society has been given by ?

(a) Robert Redfield (b) Maciver and page

(c) Levis Kozer (d) Merton

31. चिपको आंदोलन संबंधित है ?

(क) पशुओं की रक्षा (ख) जल की रक्षा

(ग) वृक्षों की रक्षा (घ) खजिनों की रक्षा

Chipko movment is related with ?

(a) Protection of animals (b) Protection of water

(c) Protection of tree (d) Protection of minerals

32. पंचायती राज के कितने स्तर हैं ?

(क) 1 (ख) 2

(ग) 3 (घ) 4

How many stages are of Panchyati Raj ?

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 4

33. जाति के बाहर विवाह की इजाजत जाति व्यवस्था नहीं देती है ?

(क) सत्य (ख) असत्य

(ग) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

Caste system doesnot allow to marriage out of caste ?

(a) True (b) Flase

(c) Both (d) None of these

34. भारत के किस राज्य में शिक्षा का दर सबसे निम्न है?

(क) केरल (ख) बंगाल

(ग) उत्तर प्रदेश (घ) बिहार

Which state of following has lower literacy ?

(a) Kerala (b) Bengal

(c) Uttar Pradesh (d) Bihar

35. असहयोग आंदोलन कब शुरु हुआ ?

(क) 1920 (ख) 1922

(ग) 1930 (घ) 1925

When was the non co-operation movement started ?

(a) 1920 (b) 1922

(c) 1930 (d) 1925

36. इनमें से किसे सामाजिक परिवर्तन के साधन के रूप में माना गया है ?

(क) राज्य के नीति निर्देशक तत्व (ख) मौलिक अधिकार

(ग) मौलिक कर्त्तव्य (घ) सभी

Which of the following is known as an instruments of social change ?

(a) Directive principle (b) Fundamental right

(c) Fundamental duities (d) All.

37. अन्यथा सक्षम का संबंध है-

(क) अनुसूचित जाति (ख) अनुसूचित जनजाति

(ग) विकलांग (घ) इनमें से कोई नहीं

Differntly abled is related with-

(a) Scheduled Caste (b) Sheduled tribe

(c) Handicapped (d) None.

38. भारत में नातेदारी की कितनी श्रेणिया¡ है ?

(क) एक (ख) दो

(ग) तीन (घ) इनमें से कोई नहीं

How many categories of Kinship in India ?

(a) One (b) Two

(c) Three (d) None.

39. भारत में जनसंख्या वृ[*]¼ के कारण निम्न में से कौन हैं ?

(क) बाल विवाह (ख) शिक्षा का अभाव

(ग) गरीबी (घ) इनमें से सभी

Which of the folllowing is the causes of population growth in India ?

(a) Child Marraige (b) Lack of education

(c) Poverty (d) All of these.

40. निम्न में से कौन परिवार के प्रकार्य हैं ?

(क) सामाजीकरण (ख) सामाजिक सुरक्षा

(ग) अनौपचारिक सामाजिक नियंत्रण (घ) इनमें से सभी

Which of the following is the function of Family ?

(a) Socialization (b) Social protection

(c) Informal Social Control (d) All of these.

**खण्ड-ब**

**Group- B**

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

**Short answer type questions**

**प्रश्न संख्या 1 से 10 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 1 to 10 are short answer typequestion. Each question carries 3 marks.**

1. राष्ट्रवाद क्या है ?

   What is nationalism ?

2. नव-उपनिवेशवाद का क्या अर्थ है ?

   What is the meaning of Neo-colonialism ?

3. जनांकिकी का सामाजिक जीवन के बीच क्या संबंध है ?

   What is the relation between demographic and social life ?

4. ग्रामीण और नगरीय समाज के बीच अन्तर स्पष्ट करें।

   What is the difference between Rural and Urban society-

5. संयुक्त परिवार की प्रमुख विशेषताओं की चर्चा कीजिए।

   Discuss the main characteristics of joint family.

6. भारत में जाति व्यवस्था किस प्रकार से बन्द स्तरीकरण का प्रतिनिधित्व करती हैं ?

   How does caste systeme represents closed stratification in India ?

7. पण्यीकरण क्या है ?

   What is commoditization ?

8. चिपकों आंदोलन क्या है?

   What is Chipko movement ?

9. सूचनारंजन या इंफोटेनमेंट से क्या समझते हैं ?

   What do you mean by Infotenment ?

10. भारतीय समाज में धर्म-निरपेक्षता की आवश्यकता पर चर्चा कीजिए।

    Discuss the importance of secularism in Indian Society.

**खण्ड–स**

**Group- C**

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

**Long answer type questions**

**प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 06 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 11 to 15 are long answer type questions. Each questions carries 06 marks.**

11. आधुनिकीकरण की परिभाषा दें। आधुनिकीकरण ने भारतीय सामाजिक संरचना को किस प्रकार प्रभावित किया ?

    Define Modernization. How did modernization affect the Indian Social Structure ?

12. जाति–व्यवस्था की उत्पति के विभिन्न सि¼ान्तों की चर्चा करें।

    Discuss the different theories of the origin of caste systeme.

13. संयुक्त परिवार के विभिन्न प्रकारों की चर्चा करें।

    Discuss the different types of joint family.

14. सूचना के अधिकार अधिनियम क्या है? वर्णन करें।

    What is right to information Act.? Explain it.

15. बहुलवादी और असमान समाज मे राज्य की भूमिका की चर्चा कीजिए।

    Discuss the role of the state in plural and unequal society.

**खण्ड–अ**

**( उत्तरमाला )**

**Group- A**

**Answer Sheet**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1)–घ | (2)–घ | (3)–क | (4)–ग | (5)–ख | (6)–ख |
| (7)–ग | (8)–ख | (9)–ख | (10)–घ | (11)–क | (12)–घ |
| (13)–घ | (14)–ख | (15)–ख | (16)–ख | (17)–क | (18)–घ |
| (19)–ग | (20)–ग | (21)–क | (22)–क | (23)–घ | (24)–क |
| (25)–क | (26)–ख | (27)–घ | (28)–घ | (29)–ग | (30)–क |
| (31)–ग | (32)–ग | (33)–क | (34)–घ | (35)–क | (36)–घ |
| (37)–ग | (38)–ग | (39)–घ | (40)–घ | | |

## खण्ड-ब

### ( उत्तरमाला )

**उत्तर 1.:-** राष्ट्रवाद एक ऐसी भावना है जिसमें किसी राष्ट्र से संबंधित लोगों की संस्कृति, रहन-सहन, खान-पान आदि के स्तर पर चाहे जितनी भी भिन्नता हो, लेकिन यदि वे इस बारे में जागरूक हैं कि सबका हित एक ही राष्ट्र से जुड़ा है तो इस दशा को हम राष्ट्र वाद करहे हैं।

राष्ट्रवाद से लोगों की यह भावना दृढ़ होती है कि राष्ट की समस्या उनकी अपनी समस्या है, परिणामस्परूप वे व्यक्तिगत स्वार्थ को छोड़कर राष्ट्रीय हित को अधिक महत्व देने लगते है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि राष्ट्रवाद किसी राष्ट्र को संगठित बनाये रखने की दिशा में मुख्य आधार है।

**उत्तर 2.:-** लोकतंत्र तथा स्वतंत्र प्रभुसत्ता के इस युग में कोई भी देश दूसरे पर प्रत्यक्ष अधिकार नहीं कर सकता। नव-उपनिवेशवाद शक्ति के विस्तार का वह तरीका है जिसमें विकसित और शक्तिशाली देश अपनी आर्थिक और सैन्य शक्ति के द्वारा कमजोर देश को अपनी शर्तें मानने के लिए बाध्य कर रहे हैं। इसी दशा को नव-उपनिवेशवाद (Neo-colonialism) कहते हैं।

वर्तमान समय में भूमंडलीकरण के नाम पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों का बढ़ता हुआ आर्थिक प्रभाव, आतंकवाद या मानवाधिकार के नाम पर चली जाने कूटनीतिक चालें, वैश्वीकरण और उदारीकरण के द्वारा अपने बाजारों का विस्तार करना भी नव-उपनिवेशवाद का ही उदाहरण है।

**उत्तर 3.:-** हम जानते है कि जनांकिकी मानव जनसंख्या का वैज्ञानिक अध्ययन करता है जिसमें मुख्य रूप से जनसंख्या के आकार, उसकी संरचना और विकास का विश्लेषण किया जाता है।

इसी संबंध में समाजशास्त्रियों का विचार है कि सामाजिक जीवन की विशेषताओं के आधार पर ही जनांकिकी की प्रकृति का निर्धारण होता है। उदाहरण के लिए, जब भारत में कृषि जीविका-निर्वाह का मुख्य आधार था, तब संयुक्त परिवार का प्रचलन था। जैसे-जैसे औद्योगिकरण और नगरीकरण बढ़ता गया संयुक्त परिवार भी एकल परिवार का रूप धारण करने लगा। इसी प्रकार बहुविवाह की जगह एक विवाह की प्रथा से जनसंख्या का आकार घटने लगा है।

शिक्षा एक सामाजिक संस्था है। समाज में शिक्षा के बढ़ते प्रभाव के फलस्वरूप जन्मदर में कमी होती है, साथ ही जीवन-अवधि बढ़ने से जनसंख्या में वृ¼ लोगों की संख्या बढ़ने लगती है। नगर-नियोजन, स्थान परिवर्तन जैसी सामाजिक दशाए¡ भी जनसंख्या की विशेषताओं को प्रभावित करती है।

**उत्तर 4. :-** विभिन्न विद्वानों ने जिन आधारों पर ग्रामीण और नगरीय समुदाय के अन्तर को स्पष्ट किया है, उन्हें संक्षेप में इस प्रकार समझा जा सकता है-

i. जनसंख्या का आकार- ग्रामीण समुदाय आकार में अपेक्षाकृत होता है, जबकि नगरीकरण में वृ¼ होने के कारण नगरीय समुदाय का आकार बढ़ता जाता है।

ii. जनसंख्या का घनत्व -साधारणतया ग्रामीण समुदाय में जनसंख्या का घनत्व काफी कम होता है, जबकि नगरीय समुदाय का जनसंख्या का घनत्व अधिक होता है

iii. सामाजिक संरचना - ग्रामीण समुदाय के सामाजिक संरचना के निर्माण में परिवार, नातेदारी, जाति, धार्मिक विश्वास, सामाजिक मूल्यों और आर्थिक साधनों का अधिक महत्व होता है, जबकि नगरीय समुदाय में सामाजिक संरचना का निर्धारण इसका निर्माण करनेवाले विभिन्न वर्गों की स्वार्थों द्वारा होता है।

iv. सामाजिक स्तरीकरण -ग्रामीण समुदाय में सामाजिक स्तरीकरण का आधार परिवार, जाति होता है, जबकि नगरीय समुदाय में आर्थिक कुशलता और योग्यता पर आधारित होता है।

**उत्तर 5.:-** संयुक्त परिवार की प्रकृति और संरचना को निम्नांकित विशेषताओं के आधार पर समझा जा सकता है-

i. बड़ा आकार - तीन-चार पीढ़ियों तक के रक्त संबंधियों और विवाह-संबंधियों के सम्मिलित होने से संयुक्त परिवार का आकार काफी बड़ा होता है।

ii. सामान्य निवास - इसके सभी सदस्य सामान्यतः एक ही सामान्य निवास स्थान पर रहते है।

iii. सामान्य रसोई - संयुक्त परिवार के सभी सदस्य एक ही रसोई में बना भोजन करते हैं।

iv. कर्त्ता की प्रधानता - संयुक्त परिवार का मुखिया जिसे कर्त्ता कहा जाता है, वही प्रधान होता है, परिवार का नियंत्रण उन्हीं के हाथों में केंन्द्रित होती है।

v. परम्पराओं की प्रधानता - संयुक्त परिवार में शिक्षा, व्यवसाय, विवाह का निर्धारण आदि परम्पराओं पर आधारित होते हैं।

**उत्तर 6.**:- विभिन्न समाजों में सामाजिक स्तरीकरण के दो स्वरूप मिलते हैं- खुला स्तरीकरण और बन्द स्तरीकरण। बन्द स्तरीकरण के अंतर्गत समाज कुछ ऐसे स्तरों या श्रेणियों में विभाजित होता है जिसका निर्धारण व्यक्ति के जन्म, आयु, वंश, जाति, प्रजाति आदि के आधार पर होता है, तथा जिसमें व्यक्ति समाज द्वारा प्रदत्त अपनी सामाजिक प्रस्थिति में जीवन-पर्यन्त किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं कर सकता।

भारत में जाति-व्यवस्था में बन्द स्तरीकरण की सभी विशेषताए¡ पाई जाती है। उदाहरण के लिए, जन्म के आधार पर ऊ¡च-नीच का पूर्व निर्धारित संस्तरण, जाति अन्त र्विवाही, आनुवंशिक व्यवसाय, जाति की उच्चता और निम्नता के आधार पर व्यवसाय की पवित्रता और अपवित्रता का निर्धारण आदि। इसी आधार पर हम कह सकते है कि जाति एक 'बन्द स्तरीकरण' का रूप है।

**उत्तर 7.** :- वर्तमान समय में भारत और संसार के अनेक देशों में जैसे-जैसे उदारीकरण की प्रक्रिया बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे स्वतंत्र अर्थव्यवस्था का भी प्रभाव बढ़ने लगा है। पहले के समय में उपभोग की वस्तुओं और सेवाओं के महत्व के आधार पर उसका मूल्य निर्धारित होता था, लेकिन आज के समय में पू¡जी और सम्पत्ति ही बाजार की एक बड़ी ताकत बन गई है। फलस्वरूप लाभ की प्रवृति भी बढ़ती जा रही है।

वर्तमान समय में इसी लाभ की प्रवृति के कारण बाजार में अनेक चीजों को क्रय और विक्रय का रूप दे दिया जिसकी कल्पना कुछ समय पहले तक नहीं की जा सकती थी। यह स्थिति पण्यीकरण कहलाती है। उदाहरण के लिए, विवाह संबंध जिनका निर्धारण परिवार द्वारा होता था, आज मैरिज-ब्यूरों और विभिन्न वेबसाइट उस भूमिका को पूरा कर रहे हैं। भोजन की व्यवस्था करने की बात हो या बच्चो के देखभाल के लिए पालना-घर की स्थापना पण्यीकरण का ही उदाहरण है।

**उत्तर 8.**:- चिपको आंदोलन एक प्रकार का पर्यावरण संरक्षण आंदोलन है, जिसक अन्तर्गत वनों में पेड़ों की कटाई का विरोध किया गया। इसका आरम्भ स्वतंत्रता से पहले जोधपुर रियासत के खेजरली गा¡व में हुआ था। गा¡व की एक महिला अमृता बाई ने सबसे पहले पेड़ों के काटने का विरोध किया और पेड़ से चिपक गयी।

इसके बाद सन् 1970 के बाद उत्तराखण्ड में इसे व्यापक रूप से चलाया गया। सत्याग्रह पर आधारित यह आंदोलन पहले गौरा देवी और बाद में चण्डी प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में आगे फैलाया गया। आगे चलकर इस आंदोलन को रिण्यात पर्यावरणवादी सुन्दरलाल बहुगुणा का सहयोग मिलने से एक नयी दिशा प्राप्त हुई।

**उत्तर 9. :-** आज संचार के विभिन्न साधन बहुआयामी हो गए हैं। पहले समाचार-पत्रों, रेडियों, टेलिविजन तथा फिल्मों को मनोरंजन के साधन के रूप में देखा जाता था। लेकिन वास्तविकता यह है कि संचार के ये साधन लोगों को मनोरंजन प्रदान करने के साथ ही अनके ऐसे कार्यक्रम भी प्रस्तुत करते हैं जो न केवल ज्ञानव¼क होते हैं, बल्कि देश–दुनिया, शिक्षा, व्यवसाय, स्वास्थ्य से जुड़ी कई महत्वपूर्ण सूचनाए¡ भी आम लोगों तक पहु¡चाते हैं।

इस प्रकार अब विभिन्न समाचार पत्रों में समाचार के अलावा कई ऐसी सामग्रियों का भी समावेश होता है जो मनोरंजन का काम भी करती हैं। इसे मीडिया द्वारा 'सूचनारंजन' का काम कहते हैं।

**उत्तर 10.:-** भारतीय संविधान की प्रस्तावना में ही धर्मनिरपेक्षता को एक मुख्स आधार घोषित किया गया। शाब्दिक रूप से निरपेक्षता का अर्थ है 'तटस्थता' या 'समानता की भावना।' इस प्रकार धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य सभी धर्मों के प्रति समानता या तटस्थता की भावना से है। देश के सभी नागरिक अपनी इच्छा से किसी भी धर्म का मानने और उसके विश्वासों के अनुरूप व्यवहार करने के लिए स्वतंत्र होते हैं

भारत जैसे सांस्कृतिक भिन्नता वाले देश में शांति और व्यवस्था बनाए रखने में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारतीय राजनीति और समाज में धर्मनिरपेक्षता को केवल सि¼ांत में ही नहीं, बल्कि व्यवहार मे भी अपनाया गया हैं। राज्य का अपना कोई धर्म नहींहै। किसी भी सरकारी या सरकार से आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाली शिक्षा संस्था मे एक विशेष धर्म की शिक्षा देने पर प्रतिबंध लगाया गया। मौलिक अधिकार के रूप में धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को शामिल किया गया है।

इससे भारत में बसने वाले विभिन्न धार्मिक समूहों को मानसिक सुरक्षा मिलती है। वे लोग यह महसूस करने लगते है कि भारत का विकास धार्मिक कट्टरता से नहीं बल्कि धर्मनिरपेक्षता के द्वारा संभव है। परिणामस्वरूप वे सभी लोग अपने अस्तित्व को एक राष्ट्र से जोड़कर देखने लगते हैं।

## खण्ड-स

### ( उत्तरमाला )

**उत्तर 11. :-** विभिन्न विद्वानों ने आधुनिकीकरण को भिन्न-भिन्न तरीके से परिभाषित किया है। डेनियल लर्नर ने आधुनिकीकरण का प्रमुख आधार आर्थिक विकास को माना है, जिसमें राष्ट्ªीय आय और प्रति व्यक्ति आय में वृf¼, औद्योगिकरण प्रमुख है।

वहीं दूसरी ओर एस. सी. दूबे और योगेन्द्र सिंह ने स्पष्ट किया है कि आधुनिकीकरण में ऐसी विशेषताओं का समावेश होता है जो अपनी प्रकृति से गैर-आर्थिक होती है। केवल तकनीकी और आर्थिक विकास ही आधुनिकीकरण नहीं है।, बल्कि यह एक ऐसी दशा है जिसमें पहले से प्रचलित मूल्यों और व्यवहारों का स्थान नए मूल्यों और व्यवहार के नए ढंगों द्वारा ले लिया जाता है। उदाहरण के लिए, शिक्षा में वृf¼ , संचार-सुविधाओं का विकास, सामाजिक समानता, तार्किक विचारों की प्रधानता, सामाजिक गतिशीलता आदि दशाए¡ ।

आधुनिकीकरण के अन्तर्गत परंपराओं का प्रभाव पूरी तरह से समाप्त नहीं होता है बल्कि परम्पराओं का पालन तार्किक आधार पर किया जाने लगता है। भारतीय सामाजिक संरचना पर इसके प्रभाव निम्नलिखित है:-

i. प्रोद्योगिक विकास - यू¡ तो ब्रिटिश काल में ही प्रौद्योगिक विकास आरम्भ हो गए थे, लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आर्थिक नियोजन के कारण इनमें काफी वृf¼ हुई। कारखानों की स्थापना, यातायात के साधनों का विकास, संचार क्रांति, कम्प्यूटर विज्ञान ही नहीं बल्कि घरों में भी गैस चूल्हा और प्रेशर कूकर ने भारतीय महिलाओं के जीवन को काफी सरल कर दिया।

ii. कृषि का आधुनिकीकरण - कृषि के वैज्ञानिक ढंगों को अपनाया जाने लगा। ग्रामीणों में टैªक्टर, थ्रेसर,, पम्पिंग सेट, रसायनिक-खाद और बीज का उपयोग बढ़ गया।

iii. शिक्षा का प्रसार - सामाजिक शिक्षा के स्थान पर प्रौद्योगिक, व्यवसायिक तथा प्रबन्धकीय शिक्षा का महत्व बढ़ गया।

iv. सामाजिक मूल्यों और मनोवृतियों में परिर्वतन – शिक्षा, औद्योगिकरण के बढते प्रभाव के कारण भारतीय सामाजिक संरचना ने बिल्कुल नया रूप धारण कर लिया। जातिगत भेदभाव, अन्तर्जातीय संबंधों, समाज सुधार, रूढ़िवादिता में काफी बदलाव हुआ। इससे सामाजिक गतिशीलता में वृ¼ हुई। ग्रामीण और नगरीय समुदाय के बीच की दूरी कम होती गई।

v. लोकतांत्रिक नेतृत्व का विकास – राजनीतिक स्तर पर भी अब विशिष्ट जातियों में नहीं बल्कि निम्न और पिछड़ी जातियों में भी नेतृत्व क्षमता विकसित होने लगी।

**उत्तर 12.:-** अनेक विचारकों ने जाति-व्यवस्था की उत्पति के संबंध में विभिन्न सि¼ांत प्रस्तुत किया है-

i. परंपरागत सि¼ांत- यह सि¼ांत विभिन्न हिन्दू ग्रंथों में दिए गए विचारों पर आधारित है। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में यह उल्लेख है कि ब्राह्मणों का जन्म ब्रह्मा के मुख से, क्षत्रियों का भुजाओं से, वैश्यों का उदर के निम्न भाग से तथा शूद्रों का ब्रह्मा के पैरों से हुआ। मनुस्मृति के अनुसार विभिन्न जातियों का निर्माण उन व्यक्तियों से हुआ, जिन्होंने वर्ण धर्म का पालन नहीं किया, या विवाह के अनुलोम नियम का उल्लंघन किया। जैसे-जैसे वर्ण संकर संतानों का जन्म बढ़ता गया, वैसे-वैसे एक ही वर्ण में एक-दूसरे से निम्न और उच्च प्रस्थिति वाले जातियों का निर्माण होता गया। वास्तव में यह सि¼ांत वर्ण उत्पति से अधिक संबंधित है, जातियों की उत्पति से नहीं।

ii. प्रजातीय सि¼ांत – जाति की उत्पति का प्रजातीय सि¼ांत सबसे पहले हर्बर्ट रिजले ने प्रस्तुत किया। उनके अनुसार आर्यों द्वारा भारत पर विजय प्राप्त कर द्रविड़ों को अपना दास बना लिया गया। जिन्हें आगे चलकर शूद्र की संज्ञा दी गई। धीरे-धीरे रक्त की शु¼ता के आधार पर आर्य भी ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य में ब¡ट गए। इसक बाद विभिन्न वर्णों के बीच प्रजातीय मिश्रण होने से जिन नए समूहों का निर्माण हुआ उन्हें एक जाति के रूप में मान्यता मिल गई।

iii. व्यावसायिक या प्रकार्यत्मक सि¼ांत-इस सि¼ांत को नेसफील्ड और ब्लन्ट ने प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार जाति-व्यवस्था की उत्पति में केवल पेशा ही एकमात्र उत्तरदायी कारण रहा है। विभिन्न व्यवसायों की पवित्रता और अपवित्रता एक-दूसरे से अधिक और निम्न होन के कारण उससे संबंधित जातियों की प्रस्थिति भी उच्च और निम्न हो गई।

iv. ब्राह्मणवादी सि¼ांत -डॉ० जी. एस. धुरिये के अनुसार भारत में जाति-व्यवस्था की उत्पति का मुख्य कारण बाह्मणों द्वारा अपनी उच्चता की स्थिति को बनाए रखने की सुनियोजित

योजना है। इसका उद्देश्य सामाजिक व्यवस्था में ब्राह्मणों की प्रस्थिति को सर्वोच्च बनाना तथा पवित्रता के आधार पर उन्हें विशेष अधिकार देना था।

v. धार्मिक सि¼ांत - यह सि¼ांत सेनार्ट तथा होकार्ट के विचारों पर आधारित है। उनके अनुसार धार्मिक कर्मकाण्डों को पूरा करने के लिए पवित्रता और अपवित्रता के आधार पर बहुत सी सेवाओं की आवश्यकता होती है और इन सेवाओं की पूर्ति करने वाले समूहों को पवित्रता तथा अपवित्रता के आधार पर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शुद्र काएक संस्तरणदे दिया गया।

लेकिन भारत में जाति-व्यवस्था का इतिहास बहुत प्राचीन होने के कारण इसकी उत्पत्ति से संबंधित किसी सि¼ांत को प्रमाणिक आधार पर स्पष्ट कर सकना बहुत कठिन है।

**उत्तर 13.:-** आई. पी. देसाई ने गुजरात के महुआ जैसे छोटे से नगर में परिवारों का अध्ययन करके संयुक्त परिवार के चार मुख्य रूपों का उल्लेख किया है।

i. एकाकी परिवार - यह परिवार का सबसे छोटा रूप है जिसमें पति-पत्नी और उनके अविवाहित बच्चे रहते हैं।

ii. परम्परागत संयुक्त परिवार -जब तीन से चार पीढ़ियों के लोग एक ही घर में सम्मिलित रूप से रहते है, परिवार के धार्मिक आयोजन में सामूहिक रूप से रहते है, परिवार के धार्मिक आयोजन में सामूहिक रूप से भाग लेते है, संयुक्त संपत्ति के स्वामी होते हैं तो इसे हम परंपरागत संयुक्त परिवार कहते हैं।

iii. प्रकार्यात्मक संयुक्त परिवार -प्रकार्यात्मक संयुक्त परिवार वे हैं जिनकी स्थापना एक या दो भाईयों द्वारा अपने लिए अलग घर में रहने से होती है। लेकिन इसके बावजूद भावनात्मक रूप से वे अपने संयुक्त परिवार से जुड़े रहते हैं। भारतीय समाज में आज जिन्हें हम एकाकी परिवार कहते हैं, वे काफी हद तक प्रकार्यात्मक संयुक्त परिवार के अंतर्गत आते हैं। ये परिवार आज भी महत्वपूर्ण फैसले अपने माता-पिता या परिवार के बुजुर्ग सदस्य की सहमति से ही लेते हैं।

iv. सीमान्त संयुक्त परिवार - सीमांत संयुक्त परिवार वह है जिसमें माता-पिता के साथ उनके एक या एक से अधिक विवाहित पुत्र और उनके बच्चे साथ-साथ रहते हैं। परिवार में पिता का विशेष सम्मान होने के कारण ही इसे सीमान्त संयुक्त परिवार कहा जाता है।

इस प्रकार प्रकार्यात्मक संयुक्त परिवार, सीमान्त संयुक्त परिवार तथा एकाकी परिवार तथा एकाकी परिवार औद्योगिकरण, नगरीकरण और बढ़ती हुई स्थानीय गतिशीलता का परिणाम है। इसके बावजूद यहा¡ परिवार का रूप चाहे जैसा हो वे किसी-न-किसी रूप में संयुक्त परिवार की प्रकृति से अवश्य जुड़ी हुई है।

**उत्तर 14.:-** सरकारी कार्य में पारदर्शिता लाने तथा भ्रष्टाचार मुक्त समाज की स्थान के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम को बनाया गया है। यह अधिनियम भारत की संसद् द्वारा 15 जून 2005 को पारित किया गया। यह जम्मू-कश्मीर को छोड़कर भारत के सभी राज्यों में 13 अक्टूबर 2005 को लागू है।

अधिनियम में यह व्यवस्था है कि जिस प्राधिकरण से कोई सूचना मा¡गी जाएगी सम्बंधित प्राधिकरण को 30 दिन के भीतर वांछित सूचना उसी प्रारूप में देना होगा।

सूचना के अधिकार की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए केन्द्रीय स्तर पर एक 'केन्द्रीय सूचना आयोग' का गठन किया गया है जिसमें मुख्य सूचना आयुक्त के अलावे अधिकतम 10 केन्द्रीय सूचना आयुक्त नियुक्त करने का प्रावधान है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य में एक राज्य सूचना आयोग का गठन करना अनिवार्य कर दिया गया। इनका कार्यकाल 5 वर्षों का है तथा इन्हें न्यायालय के समान न्यायिक शक्तिया¡ प्रदान की गई है। यदि किसी आवेदक को 30 दिन के अन्दर वांछित सूचना नहीं प्राप्त होती तो वह इसकी अपील राज्य सूचना आयोग में कर सकता है। दोषी पाये जाने की स्थिति में संबंधित लोक अधिकारी पर 250 रु की दर से जुर्माने का अधिकार है जब तक संबंधित शिकायत का निपटारा नहीं हो जाता है।

इस अधिनियम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसमें तीन मुख्य अधिकारों की मांग रखी गई है-

(a) अस्वीकार करने का अधिकार-इसमें यदि मतदाता को कोई प्रत्याशी स्वीकार न हो तो उसे अस्वीकार करने का अधिकार होना चाहिए।

(b) वापस बुलाने का अधिकार-यदि निर्वाचित प्रत्याशी अपने कर्तव्यों को ठीक ढंग से पूरा न करें तो उसे उसके कार्यकाल से पहले वापस बुलाने का अधिकार मिलना चाहिए।

(c) भ्रष्टाचार के विरू¼ अधिकार - भ्रष्टाचार में दोषी होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी को पद से हटाए जाने का अधिकार भी मिलना चाहिए।

देखा जाए जो जनता के प्रति सरकार को जवाबदेह बनाने की दिशा में इस अधिनियम ने विशेष भूमिका निभाई है।

**उत्तर 15.:-** भारत जैसे बहुलवादी और असमान समाज में राज्य की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। भारत सांस्कृति भिन्नताओं वाला देश है, अनेकता में एकता की इसकी पहचान रही है, इसके बावजूद आज भी यहा¡ साम्प्रदायिकता, क्षेत्रवाद जातिवाद, भाषावाद, लिंगभेद आदि अनेक चुनौतिया¡ बनी हुई हैं। अत: लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के सि¼ांत पर आधारित

भारत देश में एकता और संतुलन बनाये रखने की दिशा में राज्य द्वारा किए जा रहे प्रयत्नों का बहुत महत्व है जिसे निम्नांकित रूप से समझा जा सकता है:-

i. इस दिशा में राज्य का पहला और सबसे महत्वपूर्ण दायित्व देश की सत्म्प्रभुता की रक्षा करने के साथ देश के अन्दर शांति और व्यवस्था को बनाए रखना है और राज्य यह कार्य विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच संतुलन स्थापित करके ही कर सकता है।

ii. संविधान ने राज्य को कल्याणकारी राज्य की संज्ञा दी है। इसी को ध्यान में रखते हुए यहा¡ पिछड़े वर्गों, महिलाओं और अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए विशेष कल्याण-कार्यक्रम लागू किये गए हैं। इन कार्यक्रमों की सफलता ही बहुसंख्यकों और अल्पसंख्यकों के बीच की खाई को दूर कर सकती है।

iii. भारत के विभिन्न क्षेत्रों में भौगोलिक दशाए¡ और प्राकृतिक संसाधन एक जैसे नहीं है। इसलिए सभी क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप साधनों का वितरण कर सामाजिक-आर्थिक समानता स्थापित करना भी राज्य के लिए बड़ी चुनौती है।

iv. प्राकृतिक संसाधनों के सही उपयोग के लिए मानव संसाधन का भी होना आवश्यक है। इसके लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को हर घर तक पहुचाना भी राज्य का महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व है।

v. किसी भी राज्य अथवा देश में बेरोजगारी, राज्य के विकास में सबसे बड़ी समस्या है। इसे दूर करने तथा सभी तरह के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु औद्योगिकरण के साथ-साथ कृषि का विकास करना भी अत्यंत आवश्यक है।

vi. भारत में बहुदलीय प्रणाली अपनाई गई है, जिसका उद्देश्य लोगों में राजनीतिक जागरूकता पैदा कर स्वस्थ सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन के कारण वर्तमान समय में राज्य द्वारा राजनीतिक दलों द्वारा शक्ति के दुरूपयोग पर अंकुश लगाना भी एक मुख्य चुनौती है।

vii. राष्ट[a]ीय एकीकरण के लिए लिए लोगों में एक राष्ट[a] से जुड़े रहने की भावना का होना आवश्यक है। यह तभी संभव है जब राज्य में समान कानून, आचार-संहिता और नीतिया¡ लागू किए जाए¡। केवल लागू करना ही नहीं बल्कि इनका व्यवहारिक क्रियान्वयन भी राज्य की भूमिका की सफलता को निर्धारित करती है।

**SET-VI**
**SOCIOLOGY**
**A- Soc (opt)**

समयः 3 घंटा 15 मिनट । पूर्णांक-100

**(Time 3 Hours 15 Minutes)** **( Marks 100)**

परीक्षार्थी के लिए निदेंश-

**Instructions to the candidate-**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   **Candidate are requested to give their answers in their own words as for as possible.**

2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   **Figures in the right hand margin indicate full marks.**

3. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

   **Write groups number and questions number with every answers.**

4. सामान्य निर्देश्य-

इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड 'अ', 'ब' और 'श' हैं। सभी खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य है।

खण्ड अः खण्ड-अ के सभी 40 प्रश्नों के उत्तर दें।

खण्ड बः खण्ड-ब में दिये गये सभी 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन अंक है।

खण्ड सः खण्ड-स में दिये गये सभी 5 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए छः अंक है।

**4. General Instruction-**

**The paper consists of three group i.e. A, B and C. All questions of all group compulsory.**

**Group A : All the 40 question are to be answered in group A. Each question carries 1 mark.**

**Group B : Answer all the 10 questions in group B. Each question carries 3 marks.**

**Group C : Answer all the five question in group C. Each question carries 6 marks.**

## खण्ड-अ
## ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )
## Group- A
## (Objective Type Questions)

**सभी विकल्प का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए।**

**Answer each question by selecting the correct choice.**

1. संस्था कौन है ?

(क) परिवार (ख) राजनीतिक दल

(ग) बाजार (घ) कारागार

Which is institution ?

(a) Family (b) Political Party

(c) Market (d) Prison

2. अंतः समूह तथा बाह्य समूह का प्रत्यय किसने दिया ?

(क) सिमेल (ख) समनर

(ग) स्माल (घ) सोरोकिन

Who gave Concept of In group and Out groups ?

(a) Simmel (b) Sumner

(c) Small (d) Sorokin

3. कौन ग्राम समुदाय की विशेषता नहीं है ?

(क) खेतिहर व्यवस्था (ख) अंधविश्वास

(ग) जजमानी व्यवस्था (घ) औपचारिक संबंध

Which is not a Chaarcetristics of Village Community ?

(a) Agricultural System (b) Superstition

(c) Jajmani System (d) Formal relationship

4. निम्नलिखित में से कौन संयुक्त परिवार की विशेषता नहीं है ?

(क) सामान्य सम्पत्ति (ख) सामान्य रसोई

(ग) सीमित आकार (घ) सदस्यों में निश्चित संस्तरण

Which one of the following is not a characteristics of joint family ?

(a) Common property (b) Common kitchen

(c) Limited size (d) Definite hierarchy its members.

5. महिलाओं की प्रस्थिति में गिरावट के क्या कारण हैं ?

(क) बाल विवाह (ख) नया विधान

(ग) ब्रिटिश प्रभाव (घ) उपर्युक्त सभी

What is the cause of deterioration in status of women ?

(a) Child Marriage (b) New Legislation

(c) British Impact (d) All of these.

7. ''सहयोग शांतिपूर्ण संघर्ष हैं।'' यह किसका कथन है ?

(क) मेकाइवर (ख) ग्रीन

(ग) डाहरेनडार्फ (घ) मैक्स वेबर

"Cooperation is Peaceful Conflict" Whose Statement is this ?

(a) MacIver (b) Green

(c) Dahrendorf (d) Max Weber

8. समुदाय का / के आधारभूत तत्व क्या है ?

(क) सामाजिक समूह (ख) हम भावना

(ग) निश्चित भूभाग (घ) उपरोक्त सभी

Which is / are the fundamental element/s of Community ?

(a) Social group (b) We feeling

(c) Definite territory (d) All the above.

9. ग्रामीण समाज है-

(क) सरल समाज (ख) जटिल समाज

(ग) आदिम समाज (घ) विषमरूप समाज

Rural Society is -

(a) Simple Society (b) Complex Society

(c) Primitive Society (d) Hetrogeneous Society.

10. समाजशाास्त्र अध्ययन करता है-

(क) सामाजिक-राजनीतिक संस्था (ख) राजनीतिक व्यवस्था

(ग) मानवीय व्यवहार (घ) समाज

Sociology is the study of-

(a) Socio-Political Institutions (b) Political System

(c) Human behaviour (d) Society.

11. समाज के दो प्रकारों-यु¼रत एवं औद्योगिक का विश्लेषण किसने प्रस्तुत कियका ?

(क) अगस्त कौंत (ख) सोरोकिन

(ग) दुर्खीम (घ) स्पेंसर

Who presented analysis is of two types of society-Militant & Industrial ?

(a) Auguste Comte (b) Sorokin

(c) Durkhiem (d) Spencer.

12. निम्नलिखित में से कौन समाजशास्त्र को विज्ञान एवं कला दोनों मानता है?

(क) बियरस्टीड (ख) बाटोमोर

(ग) कार्ल पियर्सन (घ) किंग्सले डेविस

Of the following who regards sociology both as a Science and as an Art ?

(a) Bierstedt (b) Bottomore

(c) Karl Pearson (d) Kingsley Davis.

13. समाज है-

(क) मूर्त्त (ख) अमूर्त्त

(ग) मूर्त्त एवं अमूर्त्त दोनों (घ) आदर्श

Society is -

(a) Concrete (b) Abstract

(c) Both Concrete & Abstract (d) Ideal.

14. निम्नलिखित में से समुदाय का उदाहरण कौन सा है ?

(क) बंदीगृह (ख) जाति

(ग) श्रोतागण (घ) यात्री

Of the folllowing which is the example of Community ?

(a) Prison (b) Caste

(c) Audience (d) Travellers.

15. समिति है-

(क) अमूर्त्त (ख) मूर्त्त

(ग) मूर्त्त एवं अमूर्त्त दोनों (घ) स्थानिक

Association is-

(a) Abstract (b) Concrete

(c) Both abstract &Concrete (d) Spatial.

16. निम्नलिखित में से संस्था का उदाहरण कौन सा नहीं है ?

(क) व्यायामशाला (ख) विवाह

(ग) विधानसभा (घ) महाविद्यालय

Of the following which is not an example of Institution ?

(a) Gymnasium (b) Marriage

(c) Legislature (d) College.

17. समूह को दो भागों में इस प्रकार किसने वर्गीकृत किया है:– 'प्राथमिक समूह' एवं 'द्वितीयक समूह' ?

(क) कूले (ख) समनर

(ग) गिलिन एवं गिलिन (घ) मिलर

Who has classified groups as : 'Primary group' and 'Secodnary group' ?

(a) Cooley (b) Sumner

(c) Gillin & Gillin (d) Miller.

18. शब्द 'कास्टा' किस भाषा का है ?

(क) यूनानी (ख) जर्मन

(ग) लैटिन (घ) पुर्त्तगाली

of which language is the word 'Casta' ?

(a) Greek (b) German

(c) Latin (d) Portugese.

19. नेसफील्ड द्वारा प्रतिपादित जाति व्यवस्था की उत्पत्ति का सि¼ांत कौन सा है ?

(क) प्रजातीय सि¼ांत (ख) व्यावसायिक सि¼ांत

(ग) परम्परागत सि¼ांत (घ) धार्मिक सि¼ांत

Which Theory of origin of Caste System is propounded by Nesfield ?

(a) Racial Theory (b) Occupational Theory

(c) Traditional Theory (d) Religious Theory.

20. ''हम उस परिवार को संयुक्त परिवार कहते हैं जिसमें एकाकी परिवार से अधिक पीढ़ियों के सदस्य (सामान्यता: तीन या तीन से अधिक) पीढ़ियों के सदस्य ......'' इस प्रकार का मत किसका है?

(क) कार्वे (ख) देसाई

(ग) दूबे (घ) कपाड़िया

"We call that household a family which has greater generation depth (that is or more) than the Nuclear family ......." Who has viewed like this ?

(a) Karve (b) Desai

(c) Dubey (d) Kapadia.

21. निम्नलिखित में से कौन–सा कारण संयुक्त परिवार के विघटन का नहीं है ?

(क) औद्योगिक क्रांति (ख) सामाजिक विधान

(ग) पश्चिमी आदर्शों का प्रभाव (घ) जलवायु

Of the following which is not a cause of disorganization of joint family ?

(a) Industrial Revolution (b) Social Legislation

(c) Impact of western ideas (d) Climate.

22. कौन सा उदाहरणा समरक्त नातेदारी का नहीं है ?

(क) माता-पिता एवं संतान का संबंध

(ख) भाई एवं बहन का संबंध

(ग) मामा एवं भांजे का संबंध

(घ) सास-बहु का संबंध

Which is not an example of Consanguineous kinship ?

(a) Parents & Children relation

(b) Brothers & Sisters relation

(c) Maternal Uncle and nephew relation

(d) Mother-in-law and daughter -in-law relation.

23. पिता-पुत्र का उदाहरण समरक्त नातेदारी की कौन सी श्रेणी में आता है ?

(क) प्राथमिक (ख) द्वितीयक

(ग) तृतीयक (घ) चतुर्थ

The example of father-son relation falls under which category of consanguineous kinship ?

(a) Primary (b) Secondary

(c) Tertiary (d) Fourth.

24. निम्नलिखित में से किसने प्राथमिक सहयोग, द्वैतीयक सहयोग एवं तृतीयक सहयोग की चर्चा की है ?

(क) आगबर्न एवं निमकॉफ (ख) ग्रीन

(ग) किंग्सले डेविस (घ) मैकाइवर एवं पेज

Of the following who mentioned about Primary Cooperation, Secondary Cooperation and Tertiary Cooperation ?

(a) Ogburn & Nimkoff (b) Green

(c) Kingsley Davis (d) MaCIver & Page

25. 'दी डिक्लाईन ऑफ दी वेस्ट' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(क) स्पेंग्लर (ख) जेन्सन

(ग) मूर (घ) ग्रीन

Who is the author of the book " The Decline of the West' ?

(a) Spengler (b) Jonson

(c) Moore (d) Green.

26. 'सोशल चेंज' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(क) किंग्सले डेविस (ख) ऑगवर्न

(ग) मैक्स वेबर (घ) सोरोकिन

Who is the author of the book' Social Change' ?

(a) Kingsley Davis (b) Ogburn

(c) Max Weber (d) Sorokin.

27. निदर्शन वह प्रकार जिसमें समग्र की प्रत्येक इकाई को चुने जाने का समान अवसर दिया जाता है, कहलाता है ?

(क) उद्देश्यपूर्ण निदर्शन (ख) दैव निदर्शन

(ग) संगणना (घ) स्तरित निदर्शन

The type of smapling in which each unit of the whole is provided equal opportunity of being seletced, is called ?

(a) Purposive Sampling (b) Random Sampling

(c) Census (d) Stratified Samling.

28. प्रगति का अर्थ है.

(क) किसी भी दिशा में परिवर्तन (ख) पश्चिमीकरण

(ग) एक निश्चित वांछनीय दिशा में परिवर्तन (घ) आधुनिकीकरण

Progress means-

(a) Change in any direction (b) Westernization

(c) Change in a definite desirable direction (d) Modernization.

29. समाजशास्त्री के लिए धर्म है एक-

(क) सामाजिक घटना (ख) वैयक्तिक घटना

(ग) सार्वजनिक घटना (घ) सांस्कृतिक घटना

To the Sociologist religion is -

(a) Social Phenomenon (b) Personal Phenomenon

(c) Public Phneomenon (d) Cultural Phenomenon.

30. पवित्रता एवं अपवित्रता की धारणा किसकी एक विशेषता है ?

(क) वर्ण व्यवस्था (ख) जाति व्यवस्था

(ग) जजमानी व्यवस्था (घ) पुरूषार्थ

The Concept of Purity and Pollution is a feature of-

(a) Varna Sustem (b) Caste System

(c) Jajmani System (d) Purusharha.

31. यह किसकी मान्यता है कि जाति, पवित्रता एवं अपवित्रता की अवधारणा पर आधारित एक मनोवैज्ञानिक घटना है ?

(क) एस.सी. दूबे (ख) जी.एस. घुर्ये

(ग) लुई ड्यूमा (घ) एम. एन. श्रीनविास

Who believes that Caste is a Psych Phenomena based on the Concept of Purity & Pollution ?

(a) S.C. Dubey (b) G.S. Ghurye

(c) Louis Dumont (d) M.N. Sriniwas.

32. निम्नांकित में से किस राज्य ने पंचायती राज को सर्वप्रथम लागू किया ?

(क) मध्य प्रदेश (ख) बिहार

(ग) राजस्थान (घ) उत्तर प्रदेश

Which of the following State was the first to enforce Panchyati Raj ?

(a) Madhya Pradesh (b) Bihar

(c) Rajasthan (d) Uttar Pradesh.

33. 'संस्कृतिकरण' की अवधारणा किसने प्रतिपादित किया है ?

(क) एस.सी. दूबे (ख) ए..आर. देसाई

(ग) कर्वे (घ) एम. एन. श्रीनिवास

Concept of 'Sanskritization' is propunded by ?

(a) S.C. Dubey (b) A.R. Desai

(c) Karve (d) M.N. Srinivas.

34. संस्कृतिकरण की प्रक्रिया के माध्यम से जाति व्यवस्था में गतिशीलता है-

(क) मात्र एक सांस्कृतिक परिवर्तन

(ख) मात्र एक स्थितीय परिवर्तन

(ग) मात्र एक संरचनात्मक परिवर्तन

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Social Mobility in the Caste System through the process of Sanskritization is -

(a) Only a Cultural Change

(b) Only a Positional Change

(c) Only a Structural Change

(d) None of the above.

35. समाज और संस्कृति है-

(क) एक ही घटना के दो पहलू

(ख) दो भिन्न घटनाएं

(ग) दो विरोधी घटनाएं

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Society & Culture are-

(a) Two aspects of the same Phenomenon
(b) Two different Phenomenon
(c) Two opposite Phenomenon
(d) None of above.

36. संविधान के किस संशोधन द्वारा पंचायती-राज व्यवस्था को एक संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया ?

(क) 45वें संशोधन (ख) 73वें संशोधन

(ग) 61वें संशोधन (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

By which Constitutional Amendment the Panchayati Raj System was given a constitutional Status ?

(a) 45th Amendement (b) 73rd Amendment
(c) 61st Amendement (d) None of the above.

37. किस वर्ष 'समाजशास्त्र' शब्द-निर्माण हुआ ?

(क) 1798 (ख) 1815

(ग) 1838 (घ) 1857

In which year the term 'Sociology' was Coined ?

(a) 1798 (b) 1815
(c) 1838 (d) 1857.

38. जब एक स्त्री के एक से अधिक पति होते हैं और वे आपस में भाई होते हैं तो ऐसे विवाह को क्या कहते हैं ?

(क) अभ्रातृक बहुपति विवाह (ख) भ्रातृक बहुपति विवाह

(ग) अनुलोम विवाह (घ) बहिर्विवाह

If a woman has more than one husband and all the husbnads are brothers, this martriage will be known as ?

(a) Non-fraternal Polyandry (b) Fratrernal Polyandry
(c) Anuloma marriage (d) Exogamy.

39. 'हम समितियों के सदस्य होते हैं,न कि संस्थाओं के'' यह कथन किसका है ?

(क) डेविस (ख) लुण्डबर्ग

(ग) मैकाइवर एंव पेज (घ) मर्टन

'We belong to associations, not to institution who said it ?

(a) Davis (b) Lundberg

(c) Maciver & Page (d) Merton.

40. भारत का सबसे बड़ा जनजातीय समूह कौन है ?

(क) संथाल (ख) मुंडा

(ग) भील (घ) गौंड

Who is the largest Tibal Group of India ?

(a) Santhal (b) Munda

(c) Bheel (d) Gond.

**खण्ड-ब**

**Group- B**

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

**Short answer type questions**

**प्रश्न संख्या 1 से 10 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 1 to 10 are short answer typequestion. Each question carries 3 marks.**

1. जाति एवं जनजाति में क्या अंतर है ?

   What is the difference between caste & tribe ?

2. संस्कृतिकरण एवं पश्चिमीकरण क्या है ?

   What is Sanskritzation & Westernization ?

3. आधुनिकीकरण की प्रमुख विशेषताओं की चर्चा करें ?

   Discuss the main features of modernization ?

4. साम्प्रदाकिता को परिभाषित करें ?

   Define communalism ?

5. हिंदू विवाहों के प्रकारों को लिखें ?

   Write the types of Hindu marraige ?

6. प्रधानमंत्रीरोजगार योजना क्या है ?

   What is PMRY ?

7. राष्ट्ीय एकीकरण के बाधक तत्व कौन-कोन से हैं ?

   What is hurdle element of National Integration ?

8. संयुक्त परिवार के प्रकार्य क्या हैं ?

   What is function of joint family ?

9. धर्म का क्या अर्थ है ?

   What is the meaning of religion ?

10. 'ग्राम-नगरीय सातत्य' का आशय समझाए¡ ।

Discuss the meanings of 'Rural-Urban Continuum.

**खण्ड–स**

**Group- C**

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

**Long answer type questions**

**प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 06 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 11 to 15 are long answer type questions. Each questions carries 06 marks.**

11. ग्रामीण एवं नगरीय समुदाय के अंतर स्पष्ट करें ?

    Distinguish between Rural and Urban Community ?

12. जाति व्यवस्था की विशेषताओं की चर्चा करें ?

    Discuss the main features Characteristics of Caste System ?

13. जनजाति को परिभाषति करें एवं इसके प्रमुख समस्याओं को लिखें।

    Define Tribe and Write its main Problems.

14. भारतीय संयुक्त परिवार व्यवस्था की प्रमुख विशेषताओं को लिखें।

    Write the main Characteristics of Indian Joint Family.

15. संस्कृतिकरण के प्रभावों की चर्चा करें।

    Discuss the Impact of Sanskritization.

## खण्ड-अ
## ( उत्तरमाला )
## Group- A
## Answer Sheet

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1)-ग | (2)-ख | (3)-घ | (4)-ग | (5)-क | (6)-ख |
| (7)-क | (8)-घ | (9)-क | (10)-घ | (11)-घ | (12)-क |
| (13)-ख | (14)-क | (15)-ख | (16)-क | (17)-क | (18)-घ |
| (19)-ख | (20)-क | (21)-घ | (22)-घ | (23)-क | (24)-ख |
| (25)-क | (26)-ख | (27)-ख | (28)-ग | (29)-क | (30)-ख |
| (31)-ग | (32)-ग | (33)-घ | (34)-ख | (35)-क | (36)-ख |
| (37)-ग | (38)-ख | (39)-ग | (40)-घ | | |

## खण्ड-ब

## ( उत्तरमाला )

उत्तर 1.

| जाति (Caste) | जनजाति (Tribe) |
|---|---|
| i). जाति एक सामाजिक समूह है। | i). जनजाति एक स्थानिक समूह है। |
| ii). जाति का जन्म श्रम विभाजन के आधार पर हुआ। | ii). जनजाति एक निश्चित भू-भाग पर रहने के कारण तथा सामुदायिक भावना से बनी होती है। |
| iii). जाति का राजनीतिक समूह नहीं होता है। | iii). जनजाति का राजनीतिक संगठन होता है। |
| iv). जाति के सदस्य अपने निश्चित व्यवसायों से ब¡धे होते हैं। | iv). जनजाति के सदस्य कुछ भी व्यवसाय कर सकते हैं। |

उत्तर 2. संस्कृतिकरण-संस्कृतिकरण एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक ''निम्न'' जाति या जनजाति या अन्य समूह एक उच्च जाति और विशेषत: एक उच्च जाति और विशेषत: एक ''द्विज'' जाति की प्रथाओं, धार्मिक कृत्यों, आस्थाओं, विचारधाराओं और जीवन प्रणाली को अपनाता है।

पश्चिमीकरण - पश्चिमी संस्कृति (विशेषतया ब्रिटिश संस्कृति) के साथ सम्पर्क के परिणामस्वरूप होने वाले परिवर्तनों को पश्चिमीकरण कहा जाता है।

उत्तर 3. समाज की संरचना- संरचना में परिवर्तन लाने वाली प्रक्रिया आधुनिकीकरण है। जब समाज में धार्मिक विश्वासों की जगह वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रभाव बढ़ने लगता है, जीवन में तार्किकता बढ़ जाती है तो इस दशा को आधुनिकीकरण कहते हैं।

इयकी मुख्य विशेषताएं हैं:-

i). लौकिक मूल्यों की प्रधानता,

ii). लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रधानता,

iii). व्यक्तिगत आकांक्षाओं को मान्यता,

iv). प्रौद्योगिकी विकास

v). सामाजिक गतिशीलता में वृ¼

उत्तर 4. साम्प्रदायिकता- साम्प्रदायिकता वह विचारधारा है जिसके अन्तर्गत एक समुदाय

अन्य धार्मिक समुदायों से दुश्मनी पैदा करके एक-दूसरे के बीच प्रतिरोधी और संघर्षात्मक भावनाओं का अनुबोध कराता है, जिससे कि वह समुदाय अन्य समुदायों को शत्रु कीतरह समझने लगे। दूसरे शब्दों में, धर्म के मूलभूत नैतिक तत्वों को समसामयिक राजनीतिक सुविधाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप तोड़-मरोड़ कर विकृत रूप में प्रस्तुत करना ही साम्प्रदायिकता है।

उत्तर 5. विवाह सबसे मौलिक एवं प्राचीन सामाजिक संस्थाओं में से एक है। हिन्दू धर्म ग्रंथ में विवाह के 8 प्रकारों का वर्णन है:-

i). ब्राह्म विवाह

ii). दैव विवाह

iii). आर्ष विवाह

iv). प्राजापत्य विवाह

v). आसुर विवाह

vi). गांधर्व विवाह

vii). राक्षस विवाह

viii). पिशाच या पैशाचिक विवाह

उत्तर 6. प्रधानमंत्री रोजगार योजना शिक्षित बेरोजार युवाओं को स्व-रोजगार उपलब्ध कराने की योजना है। यह योजना 2 अक्तूबर 1993 से चल रही है। इस योजना का उद्देश्य पढ़े-लिखें को उद्योग, सेवा क्षेत्र एवं व्यवसाय क्षेत्रों में स्व-रोजगार स्थापित करने में मदद करना है।

उत्तर 7. राष्ट्ीय एकीकरण एक बहुआयामी अवधारणा है। इसके साामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनैतिक और धार्मिक आदि अनेक आयाम हैं।

इसके प्रमुख बाधक तत्व निम्नलिखित हैं:-

i). साम्प्रदायिकता

ii). क्षेत्रवाद

iii). जातिवाद

iv). भाषावाद

उत्तर 8. दो या अधिक मूल परिवारों का वंशजीय और परिवर्तनीय दोनों दृष्टियों के साथ रहने को संयुक्त परिवार कहते हैं। इसके निम्नलिखित प्रकार्य हैं:-

i). सामूहिक धार्मिक विधिया¡ तथा उत्सव

ii). कर्त्ता की भूमिका

iii). आपसी कर्त्तव्य

iv). समाजवादी व्यवस्था

उत्तर 9. धर्म का संबंध मनुष्य की उत्कृष्ट आकांक्षाओं से है। इसे नैतिकता का प्रसाद माना जाता है। धर्म ब्रह्ममांड के व्यवस्थागत नियमों की व्याख्या करता है। धर्म मनुष्य के कर्मो से जुड़ा है और यह सामााजिक जीवन को नियमित एवं नियंत्रित करता है।

उत्तर 10. गा¡व एवं नगर के बीच यद्यपि अनेक अंतर पाए जाते हैं, परंतु फिर भी ये दोनों जीवन एक-दूसरे से पूर्णतः पृथक नहीं है। इन दोनों में परस्पर आदान-प्रदान और अंतःक्रिया होती रहती है जिसके परिणामस्वरूप दोनों का ही जीवन परिवर्तित होता रहता है। ग्रामीणीकरण, नगरीकरण तथा ग्राम्य-नगरीकरण आदि ग्राम-नगरीय सातत्य का ही परिणाम है।

**खण्ड-स**

**( उत्तरमाला )**

उत्तर 11. ग्रामीण समुदायः- ग्रामीण समुदाय वह क्षेत्र है जहां कृषि की प्रधानता, प्रकृति जहां कृषि की प्रधानता, प्रकृति से निकटता, प्राथमिक संबंधों की बहुलता, जनसंख्या की कमी, सामाजिक एकरूपता, गतिशीलता का अभाव, दृष्टिकोणों एवं व्यवहारों में सामान्य सहमति आदि विशेषताएं पायी जाती है।

नगरीय समुदाय - नगरीय समुदाय वह क्षेत्र है जहां सेवा क्षेत्र की प्रधानता है, द्वैतियक संबंधों की बहुलता, गतिशीलता, दृष्टिकोणों एवं व्यवहारों में असहमति आदि विशेषताएं पायी जाती हैं।

इन दोनों समुदायों में निम्नलिखित अंतर पायी जाती हैं:-

| ग्रामीण समुदाय | नगरीय समुदाय |
|---|---|
| i). गांव के लोगों का जीवन कृषि, पशुपालन, मछली मारना आदि क्रियाओं पर निर्भर रहता है। अर्थात् व्यक्ति प्रकृति से प्रत्यक्ष संबंध रखता है। | i). नगरीय लोगों का प्रकृति से प्रत्यक्ष संबंध नहीं रहता है। यहां के लोग नौकरी, सेवा क्षेत्र से प्रत्यक्ष संबंध रखते हैं। |
| ii). ग्रामीण समुदाय के लोगों के बीच प्राथमिक संबंध पाया जाता है, अर्थात् ये लोग एक-दूसरे को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं। | ii). नगरीय समुदाय के लोग एक-दूसरे को व्यक्तिगत रूप से जानते नहीं हैं अर्थात् यहा¡ द्वैतियक संबंधों की बहुलता पायी जाती है। |
| iii). ग्रामीण समाज अपेक्षाकृत स्थिर होते हैं। उनमें सापेक्ष रूप से सामाजिक गतिशीलता का अभाव होता है। | iii). नगरीय समुदाय अपेक्षाकृत अस्थिर होते हैं उनमें सापेक्ष रूप से सामाजिक गतिशीलता सापेक्ष अधिक होता है। |
| iv). ग्रामों में सामाजिक नियंत्रण के साधन अनौपचारिक होते हैं। धर्म, प्रथाएं और रूढ़ियां उनके जीवन को नियंत्रित करती है। | iv). नगरों में सामाजिक नियंत्रण के सासाधन औपचारिक होते हैं। नगरीय समुदाय में कानून, विधान, शिक्षा आदि महत्वपूर्ण स्थान रखता है। |

उत्तर 12. भारत में सामाजिक स्तरीकरण का एक विशेष रूप पाया जाता है, जिसे जाति-व्यवस्था

कहा जाता है। जाति शब्द की उत्पत्ति प्रायः अंग्रेजी शब्द 'Caste' से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'नस्ल, प्रजाति या आनुवंशिक तत्वों या गुणों का संग्रह'।

जाति व्यवस्था की विशेषताएं निम्नलिखित हैं।

i) समाज का खंडात्मक विभाजनः-

जाति व्यवस्था के अंतर्गत समाज अनेक जातियों में विभक्त होती हैं। प्रत्येक जाति का अपना जीवन होता है, जिसकी सदस्यता जन्म के आधार पर निर्धारित होती है। जाति आनुवांशिक होती है। व्यक्ति की प्रस्थिति उसके जाति के आधार पर निर्धारित होती है, जिसमें उसका जन्म होता है।

ii) समाजिक एवं धार्मिक सोपानः-

जाति-व्यवस्था का दूसरा महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें सामाजिक एवं धार्मिक श्रेष्ठता का सोपान होता है। प्रत्येक जाति का एक परम्परागत नाम जैसे वैश्य, ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि होता है, जो इसे दूसरी जातियों से अलग कर देता है। संपूर्ण समाज में जातियां उच्च एवं निम्न सोपान में बंटा होता है।

iii) अंतर्विवाहः-व्यक्ति जिस जाति में जन्म लेता है, वह उसका आजीवन सदस्य हो जाता है। प्रत्येक जाति उपजातियों में विभक्त है, और प्रत्येक उपजाति का यह नियम है कि वह वह अपने सदस्यों को अपनी उपजाति में विवाह करें। इस प्रकार जाति-व्यवस्था अंतर्विवाही होता है।

iv) भोजन एंव सामाजिक समागम पर प्रतिबंध :-

जाति-व्यवस्था का एक अन्य तत्व यह भी है कि उच्च जातियां अपनी पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रतिबंध लगा देती है। प्रत्येक जाति अपनी उपसंस्कृति का विकास कर लेती है। इस प्रकार, भोजन एवं सामाजिक समागम पर अनेक प्रतिबंध होते हैं।

v) व्यवसाय के चयन पर प्रतिबंधः-

जाति-विशेष के सदस्यों से उसी जाति के व्यवसाय को अपनाने की आशा की जाती है। वे दूसरे व्यवसाय को नहीं अपना सकते हैं। वंशानुगत व्यवसाय को छोड़ना अच्छा नहीं समझा जाता है।

उत्तर 13. जनजातिः-एक जनजाति वह क्षेत्रीय मानव समूह है, जो भू-भाग, भाषा, सामाजिक नियम और आर्थिक कार्य आदि विषयों में एक सामान्यता के एकसूत्र में बंधा होता है। जनजाति को आदिवासी या वनजाति आदि नामों से भी संबोधित किया जाता है। ठक्कर बापा ने इनके लिए सर्वप्रथम 'आदिवासी' शब्द का प्रयोग किया था।

इनकी प्रमुख समस्याएं निम्नलिखित हैं:-

i) भूमि अलगावः-

भूमि एवं जंगल जनजातियों की अर्थव्यवस्था के दो प्रमुख आधार स्तंभ रहे हैं। इनकी आर्थिक क्रियाएं जंगलों पर आधारित रही है। लेकिन जब से वे सभ्य समाज के संपर्क में आयी तो तथाकथित सभ्य लोगों ने न केवल उनसे भूमि हड़प ली बल्कि उनकी अर्थव्यवस्था को भी चौपट कर दिया। आधुनिक सरकारी परियोजना से भी उनका भूमि से अलगाव हो गया।

ii) ऋणग्रस्तता:-

जनजाति अपनी गरीबी की वजह से महाजनों या ठेकेदारों से ऊ¡ची सूद में कर्ज लेते हैं और न चुका पाने की स्थिति में सस्ते दामों पर अपनी जमीन बेच देते हैं।

अत: ऋणग्रस्तता की कई वजहें हैं - अज्ञानता एवं अशिक्षा, वर्तमान ऋण-व्यवस्था, भयंकर गरीबी, खेती का पुराना तरीका और सेठ-सेहूकारों द्वारा शोषण ।

iii) शिक्षा की समस्या:-

जनजातियों के बीच शिक्षा की समस्या सबसे गंभीर समस्या है, क्योंकि अशिक्षा एवं अज्ञानता ही उनके शोषण और उत्पीड़न का कारण है। आज भी जनजातियों में साक्षरता दर बहुत ही निम्न है। अशिक्षित होने की वजह से वे आधुनिक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। महिला साक्षरता तो और भी कम है।

iv) मदिरापन-जनजातियां की एक प्रमुख समस्या मदिरापान भी है। मदिरा पीना जिसे स्थानीय भाषा में 'हड़ियां' कहते हैं, उनकी संस्कृति का एक हिस्सा है, लेकिन समस्या यह है कि वे इतने मदिरापान करते हैं कि जीवन के दूसरे अन्य क्रियाकलाप पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। फलत: वे पिछड़ जाते हैं।

v) सामाजिक-सांस्कृतिक समस्याएं:-

इसके अन्तर्गत अविकसित भाषा, अविकसित अर्थव्यवस्था, आकांक्षओं का निम्न स्तर, समझदारी का अभाव, सीखने की चाह का अभाव एवं आत्म-सम्मान का अभाव, आदि भी जनजातियों की प्रमुख समस्याएं हैं।

उत्तर 14. मानव समाज में परिवार एक बुनियादी तथा सार्वभौमिक इकाई है। यह सामाजिक जीवन की निरंतरता, एकता एवं विकास के लिए आवश्यक प्रकार्य करता है। माता-पिता अपने व्यस्क बच्चों और उनके जीवन-साथियों के रहते हैं तो उसे संयुक्त परिवार कहते हैं। संयुक्त परिवार की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं-

i) सामान्य निवास स्थान एवं रसोई:-

सभी सदस्य एक छत के नीचे रहते हैं। विभिन्न भाइयों एवं उनके परिवार वालों के उपयोग के लिए सम्पूर्ण निवास स्थान कई छोटे सदस्यों में बंटा होता है। पूरे घर के लिए एक ही रसोई घर होता है। प्राय: कर्त्ता की पत्नी या बुजुर्ग महिला रसोई घर की व्यवस्थापिका होती है।

ii) बड़ा आकार:-

इसमें कई लोग साथ रहते हैं। इसमें तीन या तीन से अधिक पीढ़ियों के लोग एक साथ रह सकते हैं। जिसमें दादा-दादी, पोता-पोती, चाचा, भाई-बहन आदि एक साथ रहते हैं।

iii) सामूहिक संपत्ति:-

परिवार की चल एवं अचल सम्पत्ति में सभी सदस्यों का अधिकार होता है। सभी लोग अपनी क्षमता के अनुसार काम करते हैं तथा पारिवारिक आय को एक सामूहिक रूप में अर्जित तथा खर्च की जाती है। परिवार का मुखिया इसका व्यवस्थापक होता है। परिवार

का प्रत्येक पुरुष सदस्य इस संपत्ति का कानूनी सह-स्वामी होता है।

iv) आपसी कर्त्तव्य:-

संयुक्त परिवार के सदस्य एक दूसरे के प्रति आपसी कर्त्तव्य से बंधे होते हैं। सभी सदस्य एक-दूसरे के प्रति उत्तरदायी होते हैं तथा आपसी समझ, प्रेम एवं सहयोगात्मक भाव से जुड़े होते हैं।

v) समाजवादी व्यवस्था:-

संयुक्त परिवार समाजवादी मूल्यों पर आधारित प्रकार्यात्मक इकाई है। परिवार के सदस्यों के बीच अधिकारों एवं सुविधाओं का समान बंटवारा होता है। हर सदस्य अपनी क्षमता के अनुसार अपना योगदान करता है एवं अपनी आवश्यकतानुसार परिवार से प्राप्त करता है।

उत्तर 15. संस्कृतिकरण:- संस्कृतिकरण एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक ''निम्न'' जाति या ''जनजाति'' या अन्य समूह एक उच्च जाति और विशेषत: एक ''द्विज'' जाति की प्रथाओं, धार्मिक कृत्यों, आस्थाओं, विचारधारा और जीवन प्रणाली को अपनाता है। जाति के ढा¡चे के अंतर्गत ही निम्न जाति के लोग उच्च जातियों के जीवन-तरीकों का अनुकरण अपनी प्रस्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से करते हैं।

संस्कृतिकरण का प्रभाव निम्नलिखत हैं:-

i) समाज की शक्ति-संरचना में परिवर्तन-

परंपरागत रूप से सभी जातियों का कर्त्तव्य, ब्राह्मणों के प्रभुत्व को स्वीकार करना था। संस्कृतिकरण में वृ¼ होने से निम्न जातियों का समाज की शक्ति संरचना में हिस्सेदारी बढ़ने लगी जिससे कि समाज की राजनीतिक और सामाजिक शक्ति में उच्च जातियों का वर्चस्व टूट गया।

ii) अंतर्जातीय संबंधों में परिवर्तन-

संस्कृतिकरण का एक प्रभाव विभिन्न जातियों के बीच बढ़ते हुए संबंधों के रूप में देखने को मिलता है। संस्कृतिकरण के प्रभाव से विभिन्न जातियों के बीच सांस्कृतिक विभेद कम हुए, उनके बीच सामाजिक दूरी भी कम हुई।

iii) स्थानीय गतिशीलता में वृ¼-

संस्कृतिकरण की प्रक्रिया से निम्न जातियों की सामाजिक प्रस्थिति में सुधार करने के साथ ही स्थानीय गतिशीलता को भी प्रोत्साहन मिला। जब कुछ लोग स्थान - परिवर्तन के द्वारा अपनी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार कर लेते हैं तो दूसरे लोगों को भी स्थान-परिवर्तन करने का प्रोत्साहन मिलता है।

iv) जातिगत नियमों की कठोरता में कमी-

संस्कृतिकरण के फलस्वरूप जाति व्यवस्था के नियमों में शिथिलता आई हैं। आज विभिन्न जातियों के आपसी सम्पर्क के फलस्वरूप खान-पान एवं व्यवसाय से संबंधित नियमों में लचीलापन आया है। पवित्रता एवं अपवित्रता संबंधी भावनाएं बदल चुकी हैं।

v) निम्न जातियों की जीवन-शैली में परिवर्तन-

परंपरागत रूप से जाति व्यवस्था के अंतर्गत निम्न जातियां सभी तरह के सामाजिक, आर्थिक तथा धार्मिक अधिकारों से वंचित थीं। संस्कृतिकरण के प्रभाव से इन जातियों की परिस्थिति में सुधार आया है तथा उनमें नयी चेतना का आविर्भाव हुआ है।

**SET-VII**
**SOCIOLOGY**
**A- Soc (opt)**

समयः 3 घंटा 15 मिनट ।  पूर्णांक-100

**(Time 3 Hours 15 Minutes)**  **( Marks 100)**

परीक्षार्थी के लिए निर्देश-

**Instructions to the candidate-**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   **Candidate are requested to give their answers in their own words as for as possible.**

2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   **Figures in the right hand margin indicate full marks.**

3. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

   **Write groups number and questions number with every answers.**

4. सामान्य निर्देश्य-

इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड 'अ', 'ब' और 'श' हैं। सभी खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य है।

खण्ड अः खण्ड-अ के सभी 40 प्रश्नों के उत्तर दें।

खण्ड बः खण्ड-ब में दिये गये सभी 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन अंक है।

खण्ड सः खण्ड-स में दिये गये सभी 5 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए छः अंक है।

**4. General Instruction-**

**The paper consists of three group i.e. A, B and C. All questions of all group compulsory.**

**Group A : All the 40 question are to be answered in group A. Each question carries 1 mark.**

**Group B : Answer all the 10 questions in group B. Each question carries 3 marks.**

**Group C : Answer all the five question in group C. Each question carries 6 marks.**

## खण्ड-अ
## ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )
## Group- A
## (Objective Type Questions)

**सभी विकल्प का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए।**

**Answer each question by selecting the correct choice.**

1. निम्नलिखित में से कौन सी एक सामाजिक वर्ग की विशेषता नहीं है ?

   (क) वर्ग चेतना (ख) अर्जित सदस्यता

   (ग) जन्म पर आधारित (घ) खुली व्यवस्था

   Which one of the following is not the Characteristics of the Social Class ?

   (a) Classs Concioussness (b) Achieved membership

   (c) Based on birth (d) Open System.

2. जी० एस० घुर्ये ने जाति व्यवस्था की कितनी विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

   (क) 4 (ख) 6

   (ग) 8 (घ) 10

   How many Characterstics of Caste System have been described by G.S. Ghurye ?

   (a) 4 (b) 6

   (c) 8 (d) 10

3. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

   (क) जाति व्यवस्था में भोजन पर प्रतिबंध पाया जाता है

   (ख) जाति व्यवस्था जन्म पर आधारित है

   (ग) जाति व्यवस्था में संस्तरण नहीं पाया जाता है

   (घ) जाति व्यवस्था में संस्तरण पाया जाता है

   Which Statement is not Correct amongst the following ?

   (a) Restriction on food are found in the caste system

   (b) Caste system is based on birth

   (c) Hierarchy is not found in the Caste system

   (d) Hierarchy is found in the Caste system.

4. जब एक उच्च जाति समूह का लड़का अपने से निम्न जाति समूह की लड़की से विवाह करता है तो ऐसे विवाह को कहते हैं ?

(क) बहिर्विवाह (ख) प्रतिलोम विवाह

(ग) अनुलोम विवाह (घ) अंतर्विवाह

When a boy marries a girl belonging to lower Caste group than his own, such a marraige is known as ?

(a) Exogamy (b) Partiloma marriage

(c) Anuloma marriage (d) Endogamy.

5. ''धर्म आध्यात्मिक शक्ति में विश्वास है।'' किसने धर्म को इस प्रकार प्रकार परिभाषित किया है ?

(क) क्यूबर (ख) हॉबेल

(ग) टायलर (घ) जॉनसन

"Religion is the belief in spiritual beings" who has defined religion like this ?

(a) Cuber (b) Hoebel

(c) Tylor (d) Johnson.

6. ''अरूण्टा'' जनजाति का अध्ययन किसने किया था ?

(क) मैक्स मुलर (ख) डरखाइम

(ग) कार्ल मार्क्स (घ) टायलर

Who studied 'Arunta' tribe ?

(a) Max Muller (b) Dukhiem

(c) Karl Marx (d) Tylor

7. 'आत्मावाद' का संबंध किससे है ?

(क) मैक्स मूलर (ख) टायलर

(ग) वेबर (घ) डरखाइम

Who is related with Animism ?

(a) Max Muller (b) Tylor

(c) Weber (d) Durkhiem

8. ''किनशिप ऑर्गनाइजेशन इन इंडिया'' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(क) एम.एन. श्रीनिवास (ख) इरावती कर्वे

(ग) रॉबिन फॉक्स (घ) इनमें से कोई नहीं

Who is the author of the book "Kinship Organization in India" ?

(a) M.N. Srinivas (b) Irawati Karve

(c) Robin Fox (d) None of the above.

9. ''आदर्शात्मक संस्कृति'' की चर्चा किसने की है''-

(क) गिलिन एवं गिलिन (ख) सोरोकिन

(ग) ऑगबर्न (घ) मेकाइवर एवं पेज

Who has discussed "Idealistic Culture" ?

(a) Gillin & Gillin (b) Sorokin

(c) Ogburn (d) MacIver & Page.

10. पितृश्वश्रेय संबंधित है-

(क) पिता की बहिन या बुआ (ख) माता के भाई या मामा

(ग) प्रसवकाल (घ) आध्यात्मिक संबोधन

Amitate is related to-

(a) Father's Sister or bua (b) Maternal Uncle or Mama

(c) Pregnancy (d) Teknonymy.

11. दहेज निरोधक कानून किस वर्ष पारित किया गया ?

(क) 1956 (ख) 1961

(ग) 1976 (घ) 1982

In which year was dowry Prohibition Act Passed ?

(a) 1956 (b) 1961

(c) 1976 (d) 1982.

12. संस्कृति की छोटी-से-छोटी इकाई को कहते हैं ?

(क) सांस्कृतिक तत्व (ख) सांस्कृतिक संकुल

(ग) सांस्कृतिक क्षेत्र (घ) सांस्कृतिक प्रतिमान

The Smallest Unit of Culture is Called ?

(a) Cultural Element (b) Cultural Complex

(c) Cultural Area (d) Cultural Pattern.

13. निम्नलिखित में द्वितीयक समूह का कौन सा उदाहरण है ?

(क) परिवार (ख) मित्र मंडली

(ग) पड़ोस (घ) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is the example of Secondary Group ?

(a) Family (b) Peer Group

(c) Neighhbourhood (d) None of these.

14. ग्रामीण समाज की कौन सी विशेषता नहीं है ?

(क) खेतिहर व्यवस्था (ख) जाति व्यवस्था

(ग) जजमानी व्यवस्था (घ) औपचारिक संबंध

Which is not the Characetristics of Rural Community ?

(a) Agricultural System (b) Caste System

(c) Jajmani System (d) Formal Relation.

15. 'गोमाइनशाफ्ट एंव गेसेलशाफ्ट' की अवधारणा किसने दी है ?

(क) बोगार्डस (ख) गिर्डिंग्स

(ग) टॉनीज (घ) किंग्सले डेविस

Who has given the Concept of 'Gemeischaft & Gesellchaft' ?

(a) Bogardus (b) Giddings

(c) Tonnies (d) Kingsley Davis.

16. 'इंडियन विलेज' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(क) देसाई (ख) दूबे

(ग) माथुर (घ) मैकीम मेरियट

Who is the author of the book 'Indian Village' ?

(a) Desai (b) Dubey

(c) Mathur (d) Mackim Marriot.

17. ''मैरिज एंड फैमिली इन इंडिया' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(क) आ.पी.देसाई (ख) के.एम. कपाड़िया

(ग) इरावती कर्वे (घ) पी.एन. प्रभु

Who is the author of the book "Marriage & Family in India" ?

(a) I.P. Desai (b) K.M. Kapadia

(c) Iravati Karve (d) P.N. Prabhu.

18. निम्नलिखित में से सामाजिक परिवर्तन के विरोध का कौनसा कारण है ?

(क) अज्ञानता (ख) निहित हित

(ग) परम्परा (घ) ये सभी

Of the following which is the reason for opposition to Social Change ?

(a) Igrorance (b) Vested interest

(c) Tradition (d) All these.

19. अनुसूचित जाति में कौन सी समस्या आर्थिक नहीं है ?

(क) दरिद्रता (ख) कम वेतन

(ग) पेशों को चुनने पर रूकावट (घ) अस्पृश्यता

Which is not an economic Problem among Scheduled Caste ?

(a) Poverty (b) Less Wages

(c) Restriction on Chossing occupation (d) Untouchability.

20. संस्कार किस प्रकार के सामाजिक नियंत्रण है ?

(क) औपचारिक (ख) द्वितीयक

(ग) आरोपित (घ) अनौपचारिक

Which type of Social Control are Sacraments ?

(a) Formal (b) Secondary

(c) Imposed (d) Informal.

21. निम्नलिखित में से नगरीय समुदाय की विशेषता कौन-सी नहीं है ?

(क) विजातीयता (ख) कृत्रिमता

(ग) व्यक्तिवादिता (घ) प्राथमिक संबंधो की प्रबलता

Of the following which is not a Characteristics of Urban Community ?

(a) Industrial Revolution (b) Artificiality

(c) Individualism (d) Predominance of Primary relations.

22. निम्नखित में से किस प्रकार का संघर्ष संथाल हो, नागा में विद्रोह का कारण है ?

(क) संघर्ष (ख) परसंस्कृतिकरण

(ग) प्रतिस्पर्धा (घ) विरोध

The cause of the revolt among Santhals, HU, Naga Tirbe are ?

(a) Conflict (b) Acculturation

(c) Competition (d) Contra Vention.

23. पिता-पुत्र का उदाहरण समरक्त नातेदारी की कौन सी श्रेणी में आता है ?

(क) प्राथमिक (ख) द्वितीयक

(ग) तृतीयक (घ) चतुर्थ

The example of father-son relation falls under which category of consanguineous Kinship ?

(a) Primary (b) Secondary

(c) Tertiary (d) Fourth.

24. कौन सा उदाहरण समरक्त नातेदारी का नहीं है ?

(क) माता-पिता एवं संतान का संबंध

(ख) भाई एवं बहन का संबंध

(ग) मामा एवं भांजे का संबंध

(घ) सास-बहु का संबंध

Which is not an example of Consanguineous Kinship ?

(a) Parent & Children relation

(b) Brothers & Sisters relation

(c) Maternal Uncle & nephew relation

(d) Mother in-law-daugthers-in-law relation.

25. जनजातियों में बहुपति विवाह कौन नहीं करते हैं ?

(क) टोडा (ख) नायर

(ग) खस (घ) खासी

Who do not Practice Polyandry marriage among tribes ?

(a) Toda (b) Nairs

(c) Khasas (d) Khasis.

26. निम्नलिखित में कौन सा कारण संयुक्त परिवार के विघटन का नहीं है ?

(क) औद्योगिक क्रांति और नगरीयकरण (ख) पश्चिमी आदर्शों का प्रभाव

(ग) सामाजिक विधान (घ) जवालयु

Of the folloing which is not a casue of disorganziation of joint family ?

(a) Industrial revolution &urbanization (b) Impact of Western ideas

(c) Social Legislation (d) Climate.

27. निम्नलिखित में से विवाह का उद्देश्य मुरडाक के अनुसार कौन सा नहीं है ?

(क) यौन संतुष्टि (ख) आर्थिक सहयोग

(ग) संतानों का समाजीकरण एवं पालन-पोषण (घ) झगड़ना

Of the following which is not an aim of marriage accodring to Murdock ?

(a) Sexual Satisfaction (b) Economic Co-operation

(c) Socialization & rearing up of Children (d) Quarreling.

28. 'प्रभाव परिवार' वह है जिसमें.

(क) एक का जन्म हुआ (ख) एक का पालन-पोषण हुआ

(ग) एक शिक्षित हुआ (घ) एक परिपक्व हुआ

'Family of orientation' is that in which-

(a) One is born (b) One is reared up

(c) One is educated (d) One is matured.

29. नेसफील्ड द्वारा प्रतिपादित जाति व्यवस्था की उत्पत्ति का सि¼ांत कौन सा है ?

(क) प्रजातीय सि¼ांत (ख) व्यावसायिक सि¼ांत

(ग) परम्परागत सि¼ांत (घ) धार्मिक सि¼ांत

Which theory of origin of Caste system is Propunded by Nesfield ?

(a) Racial Theory (b) Occupational Theory

(c) Traditional Theory (d) Religious Theory.

30. निम्नलिखित में से कौन सा भारत में सांस्कृतिक विविधता का सूचक नहीं है ?

(क) प्रजाति (ख) जाति

(ग) वर्ग (घ) धर्म

Which one of the following is not an indicator of Cultural diversity in India ?

(a) Race (b) Caste

(c) Class (d) Religion.

31. निम्नलिखित में से कौन सी संस्था कृषक समाज व्यवस्था से नहीं है ?

(क) जाति (ख) संयुक्त परिवार

(ग) तृतीयक उद्योग (घ) कुटीर उद्योग

Which one of the following institutions is not associated with agrarian Social System ?

(a) Caste (b) Joint family

(c) Tertiary Industry (d) Cottage Industry.

32. काका कालेकर पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण का प्रस्ताव रखा था ?

(क) 30% (ख) 27%

(ग) 35% (घ) 50%

Kaka Kalelkar recommended Reservation for OBC ?

(a) 30% (b) 27%

(c) 35% (d) 50%.

33. निम्नलिखित में से कौन सा प्राथमिक समूह नहीं है ?

(क) स्कॉउट (ख) साथी समूह

(ग) विद्यार्थियों की कक्षा (घ) परिवार

Which of the following is not a Primary group ?

(a) Scouts (b) A peer group

(c) A class of students (d) Family.

34. निम्नलिखित में से कौन सा लिंग समता से संबंधित है ?

(क) आर्थिक सशक्तीकरण

(ख) समतावादी संबंध

(ग) महिलाओं की स्वतंत्रता और स्वाधीनता

(घ) शक्ति तथा अन्य संसाधनों तक समान पहु¡च

Which of the following refers to gender equity ?

(a) Economic empowerment

(b) Equalitarin relationship

(c) Women's freedom & liberty

(d) Equal access to power &other resources.

35. निम्नलिखित में से कौन सामाजिक परिवर्तन का अवरोधक नहीं है ?

(क) आर्थिक लागत (ख) आर्थिक प्रतिस्पर्धा

(ग) निहित स्वार्थ (घ) जड़ता

Which one of the following is not resistance to Social Change ?

(a) Economic Cost (b) Economic comptetion

(c) Vested Interest (d) Inertia.

36. निम्नलिखित में से कौन सा समुदाय का तत्व नहीं है ?

(क) भू–भाग (ख) हम की भीवना

(ग) सांस्कृतिक विविधता (घ) आत्मनिर्भरता

Which one of the following is not an element of Community ?

(a) Territory (b) We feeling

(c) Cultural diversity (d) Self-Sufficiency.

37. ग्रामीण समुदाय का तत्व निम्नलिखित में से कौन सा नहीं है ?

(क) हम की भावना (ख) सांस्कृतिक विविधता

(ग) क्षेत्र (घ) आत्म निर्भरता

Which one of the following is not an element of rural community ?

(a) We feeling (b) Cultural diversity

(c) Territory (d) Self-Sufficiency.

38. नशामुक्ति केंद्र निम्नलिखत में से कौन सी सुविधाए¡ प्रदान करते हैं ?

(क) परामर्श (ख) मेडिकल सहायता

(ग) यौगिक आसन (घ) उपर्युक्त सभी

Drug de-addiction centre provide which of the following facilities ?

(a) Counselling (b) Medical assistance

(c) Yogic excercise (d) All of the above.

39. मुस्लिम संपद्राय में पाया जाने वाला विवाह का अस्थायी रूप ?

(क) निकाह (ख) मुताह

(ग) मेहर (घ) परदा

The Temporary form of marriage found among muslim is called ?

(a) Nikah (b) Mutah

(c) Mehar (d) Pardah.

40. पंचायती राज का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(क) कृषि उत्पादन को बढ़ाना

(ख) रोजगार बढ़ाना

(ग) लोगों में राजनीतिक जागरूकता को बढ़ाना

(घ) लोगों को विकास मूलक प्रशासन में भागीदार बनाना

Which is the main Purpose of Panchayati Raj ?

(a) To increased agricultural Production

(b) To create employment

(c) To make people politically concious

(d) To make people participate in development administration.

## खण्ड–ब

## Group- B

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

**Short answer type questions**

**प्रश्न संख्या 1 से 10 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 1 to 10 are short answer typequestion. Each question carries 3 marks.**

1. धर्म क्या है ? इसके अकार्यों को लिखें।

   What is religion ? Write its dysfunction.

2. निर्धनता को परिभाषित कीजिए ।

   Define Poverty.

3. मध्यम वर्ग से आप क्या समझते हैं ?

   What do you mean by Middle Class ?

4. सामाजिक स्तरीकरण क्या है ?

   What is Social Stratification ?

5. हिंदू विवाह के उद्देश्यों को लिखें।

   Write the objective of Hindu marriage.

6. भारतीय संस्कृति की प्रमुख / मुख्य विशेषताएं को लिखें।

   Write the main characetristics of Indian Culture.

7. नातेदारी के प्रकार को लिखें।

   Write the types of Kinship.

8. समकालीन भारत में विवाह पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

   Write short notes on marriage in contemporary India.

9. सामाजिक परिवर्तन में आर्थिक कारक की क्या भूमिका है ?

   What is the role of economic factor in social change ?

10. साामजिक स्तरीकरण के प्रकार्यों का वर्णन करें।

    Discuss the functions of social stratification.

**खण्ड-स**

**Group- C**

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

**Long answer type questions**

**प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 06 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 11 to 15 are long answer type questions. Each questions carries 06 marks.**

11. ग्रामीण सामाजिक स्तरीकरण में गतिशीलता का वर्णन करें ।

    Describe mobility in rural social stratification.

12. साम्प्रदायिकता से आप क्या समझते हैं? इसकी विशेषताओं को लिखें ।

    What do you mean by communalism ? Write its Characteristics.

13. भाषा के आधार पर भारतीय जनजातियों का वर्गीकरण वर्णन करें ।

    Describe the classification of tribal India on the basis of language.

14. पंचायती राज व्यवस्था का ग्रामीण जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों की व्याख्या करें ।

    Explain the Impact of Panchayati Raj System on rural life.

15. उत्तर भारत की सांस्कृतिक विशेषताओं का वर्णन करें।

    Describe the cultural characteristics of North India.

**खण्ड-अ**

**( उत्तरमाला )**

**Group- A**

**Answer Sheet**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1)-ग | (2)-ख | (3)-ग | (4)-ग | (5)-ग | (6)-ख |
| (7)-ख | (8)-ख | (9)-ख | (10)-क | (11)-ख | (12)-क |
| (13)-घ | (14)-घ | (15)-ग | (16)-ख | (17)-ख | (18)-घ |
| (19)-घ | (20)-घ | (21)-घ | (22)-ख | (23)-क | (24)-घ |
| (25)-घ | (26)-घ | (27)-घ | (28)-क | (29)-ख | (30)-ग |
| (31)-ग | (32)-ख | (33)-क | (34)-घ | (35)-ख | (36)-ग |
| (37)-ख | (38)-घ | (39)-ख | (40)-घ | | |

**खण्ड-ब**

**( उत्तरमाला )**

उत्तर 1. धर्म पवित्रता से जुड़े संगठित मत एवं आचरण का समुच्चय है। जिसके अनुरूप निषेधित व्यवहारों की व्याख्या होती है एवं उससे जुड़े सभी लोगों का एक नैतिक समुदाय गठित होता है, जिससे चर्च कहा जाता है। धर्म की प्रस्तावना में पवित्र एवं अपवित्र तत्वों के बीच विभेद होता है।

इसके अकार्य निम्नलिखित हैं:-

i). धर्म सामाजिक परिवर्तन के लिए विरोध को रोक सकता है जो कि समाज एवं उसके सदस्यों के कल्याण के लिए हानिकारक साबित हो सकता है।

ii). कुछ कठोर विचारों को धर्म के द्वारा आधिकारिक शक्ति प्राप्त हो सकती है और संकीर्ण विचारधारा को बल प्राप्त हो सकता है, जो कुल मिलाकर ज्ञान के विकास में बाधा उत्पन्न करती है।

iii). अनेक धर्मों वाले समाज में धार्मिक पहचान एवं उससे संबंधित ईर्ष्या एवं असहनशीलता विभाजक शक्ति के रूपमें कार्य कर सकती है।

iv). धार्मिक संगठनों को परिपक्व एवं विवेकी बनाने की बजाय धर्म उन्हें स्वयं पर निर्भर बनाता है।

उत्तर 2. निर्धनता और अमीरी तुलनात्मक शब्द हैं। साधारण भाषा में निर्धनता का अर्थ आर्थिक समानता, आर्थिक पराश्रितता और आर्थिक अकुशलता से लिया जाता है। निर्धनता को परिभाषित करते हुए गिलिन एवं गिलिन लिखते हैं। ''निर्धनता वह दशा है जिसमें एक व्यक्ति या तो अपर्याप्त या मूर्खतापूर्ण व्यय के कारण अपने जीवन-स्तर को इतना ऊ¡चा नहीं रख पाता है कि उसकी शारीरिक एवं मानसिक क्षमता बनी रह सके और उसको तथा उसके प्राकृतिकआश्रितों को अपने समाज के स्तरों के अनुसार उपयोगी ढंग से कार्य करने के योग्य बनाए रख सकें।''

उत्तर 3. मध्यम वर्ग का उदय विकसित औद्योगिक समाजों के सामाजिक जीवन एक प्रमुख विशेषता मानी जा सकती है। सामान्य रूप में मध्यम वर्ग आय, उपभोग, प्रतिष्ठा एवं शक्ति की दृष्टि से उच्च एवं निम्न वर्ग के बीच अवस्थित है। इस वर्ग की आय सामान्य जीवन-यापन करने भर की होती है तथा वे सामान्यत: नौकरी या व्यवसाय से संबंध रखते हैं।

उत्तर 4. सामाजिक स्तरीकरण सार्वभौमिक प्रक्रिया है अर्थात् दुनिया का हर ज्ञात समाज किसी न किसी आधार पर बंटी होती है। सामाजिक स्तरीकरण वह व्यवस्था है जो समाज को विभिन्न स्तरों में विभक्त करके सामाजिक जीवन को व्यवस्थित बनाने का प्रयास करती

है। दूसरे शब्दों में समाज के विभिन्न पदों को ऊ¡च - नीच की श्रेणी क्रम में बांटने की प्रक्रिया सामाजिक स्तरीकरण की प्रक्रिया कहलाती है।

उत्तर 5. हिंदू विवाह एक पवित्र बंधन है एवं एक एक धार्मिक संस्कार है। इसका उद्देश्य व्यक्तियों के लिए शारीरिक सुख मात्र न होकर उनका अध्यात्मिक विकास भी है। हिंदू विवाह के उद्देश्य निम्नलिखित हैं:-

i). एक संस्कार के रूप में हिंदू विवाह का पहला उद्देश्य कुछ धार्मिक कर्त्तव्यों को पूर्ण करना है।

ii). धर्म, प्रजा (प्रजनन) एवं रति (यौन सुख) जैसे धार्मिक कर्त्तव्यों को पूरा करने के लिए एक हिंदू का विवाह होना आवश्यक है।

iii). विभिन्न संस्कारों में विवाह एक संस्कार है जिसका उद्देश्य शरीर का शुर्¼करण है।

iv). हिंदू गृहस्थ से अपेक्षा की जाती है। वह देवयज्ञ, भूतयज्ञ, नृयज्ञ जैसे यज्ञों को सम्पन्न करें। यह सभी धार्मिक कृत्य पत्नी के साथ ही सम्पन्न किए जाते हैं।

v). हिंदुओं में तीन ऋण की मान्यता है। इन्हें पितृ ऋण, देव ऋण तथा गुरू ऋण कहा जाता है। विवाह पितृ ऋण से मुक्त होने के लिए आवश्यक माना जाता है।

उत्तर 6. भारतीय संस्कृति विविधता के प्रति काफी सहिष्णु रही है। भारत के प्रमुख धार्मिक समूहों के बीच शास्त्रीय, लोक एवं जनजातीय संस्कृति की धाराए¡ विद्यमान रही है। भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषताए¡ हैं:-

i). कर्म का सि¼ांत-ज्यादातर भारतीय मानते हैं कि एक व्यक्ति को अपने कर्मों का फल भोगना पड़ता है। सामान्यत: विश्वास किया जाता है कि भाग्य का संबंध पुराने कर्मों से है।

ii). संयुक्त परिवार का आदर्श-संयुक्त परिवार भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता है। संयुक्त परिवार का मूल्य करीब-करीब सभी भारतीय स्वीकार करते हैं।

iii). कर्तव्य पर बल- अधिकार की तुलना में भारतीय संस्कृति धर्म या नैतिक कर्तव्य पर बल देती है।

iv). आत्मोत्सर्ग एवं बलिदान- भारतीय संस्कृति उन लोगों का सम्मान करती है जो दूसरों के सुख के लिए व्यक्तिगत हितों का बलिदान करते हैं।

v). अनेकता एवं बहुलता–भारतीय संस्कृति में अनेकता या बहुलता को जीवन, विचार तथा प्रथाओं की स्वाभाविक स्थिति माना जाता है।

vi). सहिष्णुता–भारतीय संस्कृति यथार्थ के बहुआयामी पक्ष को स्वीकार करती है तथा दृष्टिकोणों, व्यवहारों, प्रथाओं एवं संस्थाओं की विविधता का स्वागत करती है।

उत्तर 7. खून या विवाह का ऐसा बंधन जो व्यक्तियों को एक समूह बांधता है। नातेदारी कहा जाता है।

नातेदारी का दो प्रकार है–

i). वैवाहिक नातेदारी – विवाह के बंधन पर आधारित नातेदारी को वैवाहिक नातेदारी कहते हैं। जब कोई पुरुष किसी कन्या से विवाह करता है तो वह न केवल उस कन्या से अपना संबंध स्थापित करता है, अपितु कन्या के परिवार में अनेक अन्य सदस्यों से भी संबंध स्थापित हो जाता है।

ii). समरक्तीय नातेदारी – खून के बंधन को समरक्तीय नातेदारी कहते हैं। समरक्तीय रिश्ते खून के आधार पर बंधे होते हैं। खून का रिश्ता काल्पनिक तथा वास्तविक दोनों प्रकार का हो सकता है।

उत्तर 8. आजकल भारत में प्रायः एकविवाह प्रथा ही अपनाई जाती है। प्रत्येक सामाजिक – धार्मिक समुदाय में विवाह की आयु बढ़ रही है। शहरी इलाकों में अंतर्जातीय एवं अंतर्सामुदायिक विवाह भी होने लगे हैं। दहेज प्रथा की प्रथा उन समुदायों में भी बढ़ रही है जिनमें इनका प्रचलन नहीं था। आज के समय तलाक एवं अलगाव की दर में वृ¼ हुई है। पत्नियां अपने अधिकारों के प्रति अधिक जागरूक एवं आग्रही हो रही है। आजकल पति के लिए घर के कामों में हाथ बंटाना असामान्य नहीं है, खासकर जब पत्नी भी नौकरी या व्यवसाय करती हो। अन्य समाजों की तुलना में भारतीय समाज में विवाह संस्था का स्थायित्व अभी भी कायम है।

उत्तर 9. परिवर्तन प्रकृति का नियम है। जो आज है, वह आने वाला कल से भिन्न होगा। सामाजिक परिवर्तन वह शब्द है जो सामाजिक प्रक्रियाओं, सामाजिक प्रतिमानों, सामाजिक अंतः क्रिया या सामाजिक संगठन के किसी अंग में अंतर या रूपान्तर को वर्णित करने के लिए प्रयोग किया जाता है।

अनेक समाजशास्त्री यह मानते हैं कि सामाजिक परिवर्तन का मुख्य कारण आर्थिक दशाओं में होने वाला परिवर्तन है। इसमें मुख्य रूप से उत्पादन का साधन, सम्पत्ति की प्रकृति, व्यवसाय की प्रकृति, आर्थिक प्रतिस्प¼ा, श्रम विभाजन तथा वितरण आदि को शामिल किया जाता है। कार्ल मार्क्स ने सामाजिक परिवर्तन के लिए आर्थिक कारकों को सबसे महत्वपूर्ण माना है। उन्होंने कहा है कि उत्पादन के साधन में होने वाले परिवर्तन से सामाजिक परिवर्तन होता है।

उत्तर 10. कई समाजशास्त्रियों ने सामाजिक स्तरीकरण को समाज के लिए लाभदायक कहा है। सामाजिक स्तरीकरण के प्रकार्य निम्नलिखित हैं:-

i). साामजिक स्तरीकरण पहला प्रकार्य यह है कि इसमें समाज को संतुलित करने की शक्ति है क्योंकि इसमें सही व्यक्तियों द्वारा सही कार्य करवाने की व्यवस्था है।

ii). दूसरा प्रकार्य यह है कि इसमें प्रेरणा देने की शक्ति है। अधिक योग्य व्यक्तियों को यह प्रेरणा मिलती है कि वे कठिन परिश्रम द्वारा उच्च पद को पा सकते हैं।

iii). सामाजिक स्तरीकरण का एक और महत्वपूर्ण प्रकार्य लोगों में यह चेतना लाता है कि वे अपनी कार्यक्षमता एवं कुशलता को बनाए रखें। स्पष्टत: लोग अपने कार्यक्षमता एवं कुलशता को बनाए रखने के लिए सतर्क एवं चेतनाशील हो जाते हैं।

iv). जब समाज में स्तरीकरण होता है तो भिन्न-भिन्न स्तर के लोग भिन्न-भिन्न प्रकार्यों को सम्पादित करते हैं। अर्थात् श्रम विभाजन का प्रभाव स्पष्ट हो जाता है।

v). सामाजिक स्तरीकरण बंद सामाजिक संस्तरण की स्थिति में यह लोगों को मानसिक संतोष देता है।

## खण्ड-स
## ( उत्तरमाला )

उत्तर 11. जाति में पाये जाने वाले संरचनात्मक विभेदीकरण ने सामाजिक गतिशीलता को बढ़ावा दिया है। भारत में ग्रामीण सामाजिक स्तरीकरण में होने वाले परिवर्तन को विभिन्न शीर्षकों के अंतर्गत वर्णन किया जा सकता है।

i). संस्कृतिकरण - ग्रामीण स्तरीकरण में परिवर्तन को एम. एन. श्रीनिवासन ने संस्कृतिकरण की प्रक्रिया के रूप में प्रकट किया है। संस्कृतिकरण की प्रक्रिया में निम्न जातियां जाति व्यवस्था में ऊ¡चा-स्थान पाने के लिए ऊंची जातियों की परम्परागत रहन-सहन और सांस्कृतिक शैली, विश्वास, संस्कार और विचारधारा का अनुकरण करती है। संस्कृतिकरण तथा जाति की गतिशीलता के अन्य स्वरूप इस बात की पुष्टि करते हैं कि भूतकाल में भी जाति में कठोरता नहीं थी। राजा द्वारा प्रसन्न होने पर एक जाति को ऊ¡चा पद देने, किसी जाति द्वारा अधिक शक्ति एवं संपति का अर्जन करने आदि की स्थिति में एक जाति अपनी सामाजिक प्रस्थिति ऊ¡चा उठा लेती थी।

ii). जाति के प्रकार्यों एवं संगठन में परिवर्तन - जातीय समितियों, संगठनों एवं समूहों का निर्माण बढ़ रहा है। ये समूह परस्पर राजनैतिक शक्ति, आर्थिक एवं सांस्कृतिक स्रोतों एवं अवसरों को प्राप्त करने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। परिणामस्वरूप जाति के नए प्रारूप प्रकट हुए हैं जिसमें जाति एवं वर्ग दोनों की विशेषताएं पायी जाती हैं।

iii). निम्न जातियों की प्रस्थिति में सुधार-निम्न एवं अछूत जातियां जो जातिगत स्तरीकरण में सबसे निम्न स्थान पर थीं वर्तमान में ऊ¡ची उठ रही है। सरकारी, गैर-सरकारी नौकरियों में नियुक्ति तथा सरकार के विभिन्न पदों एवं चुनावों में निम्न जातियों को आरक्षण दिया गया है जिससे उन्हें नौकरियां तिली हैं एवं चुनावों में जीत कर आये हैं। वयस्क मताधिकार ने भी उन्हें शक्ति प्रदान की है। इन सब कारकों से निम्न जातियों के प्रस्थिति में सुधार आया है।

iv). ग्रामीण वर्ग संरचना में परिवर्तन - भारतीय ग्रामों में विभिन्न वर्गों में भी गतिशीलता आयी है। परम्परागत सामंती व्यवस्था टूटी है और जागीरें समाप्त हुई है। जमींदारी प्रथा के उन्मूलन और भूमि सुधार के कानूनों के कारण गांवों में जागीरदार एवं जमींदार के वर्ग में परिवर्तन आया है। भूमिहीनों को भूमि दी गई एवं अब वे कृषक वर्ग में सम्मिलित हो रहे हैं। सामुदायिक विकास योजना एवं पंचायती राज ने भी ग्रामों में आर्थिक एवं राजनैतिक दृष्टि से नवीन वर्गों को जन्म दिया है।

v). जजमानी प्रथा की समाप्ति - परंपरागत ग्रामीण समाज में विभिन्न जातियां जजमानी प्रथा का पालन करती एवं दूसरे की सेवा करती थीं। इससे जातिगत संस्तरण की स्थिरता प्राप्त थी। किंतु अब जजमानी प्रथा समाप्त हो गई है और ये जातियां पैसे के बदले अपनी सेवाएं देने लगी हैं। जातियों ने अपना परम्परागत पेशा त्याग कर अन्य व्यवसाय अपना लिए हैं। व्यवसाय परिवर्तन से लोगों की परम्परागत सामाजिक प्रस्थिति में भी परिवर्तन हुआ है।

vi). गुणों का महत्व बढ़ा है - आज व्यक्ति का मूल्यांकन उसके जन्म, परिवार एवं आयु के बजाय उसकी शिक्षा, योग्यता एवं पद के आधार पर होने लगा है। इससे परम्परागत स्तरीकरण के आधार कमजोर हुए हैं। अब स्तरीकरण में व्यक्ति के गुणों को अधिक महत्व दिया जाता है।

उत्तर 12. भारत में समय-समय पर आक्रमणकारी के रूप में विभिन्न धर्मों, प्रजातियों एवं संस्कृतियों के लोग आते रहे हैं। कई सांस्कृतिक एवं धार्मिक समूहों का तो भारतीय समाज में सामंजस्य हो गया, कई उसमें विलीन हो गये। किंतु कुछ ने अपना पृथक अस्तित्व बनाये रखा और समय - समय पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक तनावों को जन्म दिया। भारत में साम्प्रदायिक तनावों एवं दंगों में ये तनाव गंभीर एवं महत्त्वपूर्ण समस्याएं पैदा करते रहे।

कुछ विद्वानों ने साम्प्रदायिकता को निम्न प्रकार से परिभाषित किया है-

श्रीकृष्ण भट्ट के अनुसार- सम्प्रदाय का अर्थ है, ''मेरा सम्प्रदाय, मेरा पथ, मेरा मत ही सबसे अच्छा है। उसी का महत्व सर्वोपरि होना चाहिए। उसी की सत्ता मानी जानी चाहिए अन्य सम्प्रदाय हेय है।'' उन्हें या तो पूर्णत: समाप्त कर देना चाहिए या यदि वे रहें भी तो मेरे अधीन होकर रहें। मेरे आदेशों का सतत पालन करें। मेरी मर्जी पर आश्रित से रहें'' वे पुन:

लिखते हैं, ''अपने धार्मिक सम्प्रदाय से भिन्न अन्य सम्प्रदाय या सम्प्रदायों के प्रति उदासीनता, उपेक्षा, दयादृष्टि, घृणा, विरोध और आक्रमण की भावना साम्प्रदायिकता'' है,जिसका आधार वह वास्तविकता या काल्पनिक भय या आशंका है कि उक्त सम्प्रदाय हमारे अपने सम्प्रदाय और संस्कृति को नष्ट कर देने या हमें जान माल की क्षति पहुंचाने के लिए कटिब¼ है।''

उपर्युक्त परिभाषाओं से साम्प्रदायिकता की निम्नांकित विशेषताएं प्रकट होती हैं-

i). साम्प्रदायिकता का संबंध धार्मिक समूहों से है अर्थात् एक धर्म के व्यक्ति अपने को एक सम्प्रदाय से संबंधित मानते हैं, किंतु जहां एक धर्म में ही विभिन्न मत-मतान्तर है, वहां साम्प्रदायिकता का संबंध एक धर्म में ही विभिन्न छोटे-छोटे सम्प्रदायों से होता है, जैसे -इस्लाम धर्म में शिया और सुन्नी तथा हिंदुओं में शैव, वैष्णव, आदि अलग-अलग धार्मिक सम्प्रदाय हैं।

ii). साम्प्रदायिकता में यह भाव विद्यमान होते हैं कि अपना ही धर्म या पंथ श्रेष्ठ है, अपनी भाषा एवं संस्कृति श्रेष्ठ है।

iii). साम्प्रदायिकता में अन्य धर्मों, भाषाओं एवं संस्कृतियों के प्रति घृणा, तिरस्कार एवं उपेक्षा के भाव पाए जाते हैं। ये विरोधी भाव ही साम्प्रदायिक तनाव एवं संघर्ष पैदा करते हैं।

iv). साम्प्रदायिकता पारस्परिक स्नेह एवं सहयोग के स्थान पर सामाजिक एवं राजनीतिक अलगाव पैदा करती है।

v). साम्प्रदायिकता का आधार लोगों में उत्पन्न यह वास्तविकता या काल्पनिक भय है कि अन्य धार्मिक समूह उनके सम्प्रदाय और संस्कृति को नष्ट कर देंगे और जान-माल की क्षति पहुंचाएंगे।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि साम्प्रदायिकता वह संकीर्ण मनोवृति हैं जो एक धर्म या सम्प्रदाय या पंथ के लोगों में अपने आर्थिक एवं राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए पायी जाती है और उसके परिणामस्वरूप विभिन्न धार्मिक समूहों में तनाव एवं संघर्ष पैदा होते हैं।

उत्तर 13. भाषा के आधार पर भारत की जनजातियों को प्रमुखत: तीन भागों में बंटा जा सकता है-

i). द्रविड़ भाषा परिवार - यह भाषा दक्षिण की जनजातियों द्वारा बोली जाती है। द्रविड़ भाषा परिवार में तेलुगू, कन्नड़, तमिल और मलयालम भाषाएं आती हैं। मध्य भारत की गोंड जनजाति भी द्रविड़ भाषा का प्रयोग करती है। उड़ीसा, झारखंड एवं राजमहल की पहाड़ियों में रहने वाले जनजाति माल्टों बोलियां बोलते हैं, जो इसी भाषा परिवार का अंग है। द्रविड़ भाषा बोलने वाली प्रमुख जनजातियों में टीडा, मलेर, इरूला, वदार आदि हैं।

ii). ऑस्स्ट्रिक भाषा परिवार- इसमें कोल, मुंडा भाषाएं जो कि मध्य पूर्वी भारत की जनजातियों द्वारा बोली जाती हैं तथा असम की खासी एवं निकोबार द्वीप की निकोबारी बोलियां भी सम्मिलित हैं। ऑस्ट्रिक भाषा में संथाली मुंडारी, खरिया, भूमिज, गारों आदि भाषाएं हैं जो बिहार, उड़ीसा, बंगाल और असम में बोली जाती हैं। स्पष्ट है कि मध्य क्षेत्र की जनजातियों द्वारा ऑस्ट्रिक भाषा परिवार की बोलियां ही बोली जाती हैं।

iii). चीनी-तिब्बती भाषा परिवार - इस परिवार की भाषाएं नेपाल, दार्जिलिंग, त्रिपुरा, काचर, मणिपुर, पूर्वी काश्मीर, पूर्वी पंजाब, हिमाचल प्रदेश, भूटान, असम तथा सिक्किम आदि क्षेत्रों में बोली जाती हैं। उत्तर पूर्व के कुछ क्षेत्रों में मोनखामेर भाषा बोली जाती हैं जो ऑस्ट्रिक भाषा परिवार की हैं।

भाषा के माध्यम से संस्कृति का प्रसार एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में होता है। यदि दो क्षेत्रों में समान भाषा तथा समान भाषा संबंधी प्रतीक एवं मूल्य प्रचलित हैं तो इसका अर्थ है कि इस सांस्कृतिक प्रसार में भाषा ने महत्वपूर्ण योग दिया है।

उत्तर 14. पंचायती राज के प्रभावों का मूल्यांकन करने की दृष्टि से अनेक विद्वानों के द्वारा समय-समय पर कई अनुसंधान किए गए हैं। ऐसे अनुसंधान मुख्यतः सामाजिक संरचना और 'पंचायती राज' से संबंधित है। समाज वैज्ञानिकों ने सामाजिक संरचना के कुछ पहलुओं जैसे जाति, परिवार, नातेदारी, गुट तथा वर्ग पर पंचायती राज के प्रभाव का अध्ययन किया है।

डॉ. एम. एन. श्रीनिवासन ने अपने अवलोकन के आधार पर बताया है कि पंचायती राज व्यवस्था के प्रारंभ ने निम्न जातियों, हरिजनों को आत्मसम्मान तथा शक्ति की एक नवीन अनुभूति प्रदान की है। रेजलाफ ने उत्तर प्रदेश के एक गांव का अध्ययन

कर बताया है कि पंचायतों के प्रारंभ तथा चुनाव के फलस्वरूप विभिन्न जातियों की शक्ति-संरचना में परिवर्तन आया है।

पंचायती राज व्यवस्था ने नेतृत्व में परिवर्तन लाया है। राजनीतिक आकांक्षओं ने जाति नातेदारी तथा परिस्थिति के परम्परागत आधार को कमजोर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

पंचायती राज संस्थाएं युवा पीढ़ी को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। जनमत के जरिए यह पता चलता है कि पंचायती राज पुराने नेतृत्व की जगह युवा नेतृत्व को ज्यादा महत्व दे रही है। अब शिक्षित युवकों, मध्यम वर्ग तथा निम्न जातियों के लोग पंचायत चुनाव जीत कर आ रहे हैं तथा ग्रामीण जीवन को प्रभावित कर रहे हैं।

पंचायती राज व्यवस्था के जरिए ग्रामीण लोग अपनी समस्याओं के संबंध में ज्यादा मुखर होकर बोलने लगे हैं तथा अपनी मांगों को जोरदार ढंग से रखने लगे हैं। अब ग्रामीण लोग प्रशासन की कमियों तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन संबंधी असफलताओं के संबंध में अधिक आलोचना करने लगे हैं। पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना से गांवों में नवीन संस्तरण का जन्म हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप तनाव का भी जन्म हुआ है। यह तनाव पंचायती राज संस्थाओं के सफल कार्य-संचालन में बाधक है। पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना ने ग्रामीणों में उत्तरदायित्व की भावना जगाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उपर्युक्त विश्लेष्णों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि पंचायती राज व्यवस्था ने ग्रामीण जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। अब लोग विकास कार्यों में भाग लेने एवं विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से संबंधित असफलताओं को उजागर करने तथा आलोचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने लगे हैं।

उत्तर 15. उत्तर भारत में निम्नांकित प्रांतों को शामिल किया गया है, पंजाब, कश्मीर, उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तरी मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, असम उत्तरी महाराष्ट[a] आदि। उत्तरी क्षेत्र के लोग इंडो आर्यन भाषा परिवार की भाषाएं जैसे-कश्मीरी, हरियाणवी, पंजाबी, राजस्थानी, हिंदी, मराठी, गुजराती आदि बोलते हैं।

यहां ब्राह्मणों में कुलीन विवाह तथा क्षत्रियों में अनुलोम विवाह पचलित हैं। पंजाब एवं दिल्ली में स्थानिक बहिर्विवाह को शासन का नियम कहते हैं। एक शासन के

ब्राह्मण परिवारों में गोत्र बर्हिविवाह होते हैं एक शासन के अनुसार गांव में बसने वाले सभी व्यक्ति बहिर्विवाह का पालन करते हैं, किंतु बंगाल में स्थानीय बहिर्विवाह नहीं चलता है तथा न ही मां का गोत्र टाला जाता है। पंजाब में उन परिवारों को आपस में विवाह करने की मनाही है जिनके गांव की सीमाएं मिलती हैं। इसको सीम-सीमना भाईचारा का नियम कहते हैं।

इसी तरह एक गांव के जिस परिवार में एक लड़की का विवाह कर दिया जाता है उसी परिवार, गांव और पीढ़ी में दूसरी लड़की का विवाह नहीं किया जाता है और कम से कम दो पीढ़ियों तक इस नियम का पालन किया जाता है। आदान-प्रदान या विनिमय विवाह को उचित नहीं माना जाता है। राजस्थान के राजपूत अनेक अनुलोम विवाही कुलों में बंटे हुए हैं।

इस क्षेत्र में विवाह के संदर्भ में न्यौता प्रथा पायी जाती है जिसमें रिश्तेदार और दूसरे मित्र विवाह के लिए अपनी ओर से रुपये पैसे भेंट में देते हैं जिससे विवाह सरलता से सम्पन्न हो जाता है। यह भेंट देना ही न्यौता-प्रथा कहलाता है।

उत्तरी क्षेत्र में बाल-विवाह का भी प्रचलन है किंतु बहू छोटी होने के कारण उसे ससुराल नहीं भेजा जाता है। जब वह युवा हो जाती है तब उसे भेंट या दहेज देकर पति के साथ ससुराल भेजा जाता है, इसे ही गौना प्रथा कहते हैं। उत्तरी भारत में ब्राह्मण, कायस्थ, वैश्य एवं क्षत्रिय को छोड़कर अन्य जातियों में देवर विाह का भी प्रचलन है। अन्य जातियों में साली विवाह भी पाया जाता है। यहां बहुपति प्रथा, दहेज प्रथा, कन्या मूल्य की प्रथा आदि का भी प्रचलन है।

सम्पूर्ण उत्तरी भारत में कुछ अपवादों को छोड़कर पितृसत्तात्मक, पितृवंशीय, एवं पितृ-स्थानीय परिवार व्यवस्था प्रचलित है। कहीं सबसे बड़ा लड़का परिवार का उत्तराधिकारी होता है तो कहीं सबसे छोटे पुत्रों को ही सम्पत्ति का अधिकार है पुत्रियों को नहीं। यहां एकाकी परिवार जिसमें पति-पत्नी और उनके अविवाहित बच्चे होते हैं का प्रचलन है। उसके साथ ही तीन या तीन से अधिक पीढ़ी के लोग या एक ही पीढ़ी के सभी भाईयों और उनकी संतानों से मिलकर बनने वाले संयुक्त परिवार भी पाए जाते हैं। इस क्षेत्र में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और अस्पृश्य जातियां भी पाई जाती हैं। इस प्रकार से संपूर्ण उत्तरी क्षेत्र संस्कृत-सभ्यता का सूचक है।

**SET-VIII**
**SOCIOLOGY**
**A- Soc (opt)**

समयः 3 घंटा 15 मिनट । पूर्णांक-100

**(Time 3 Hours 15 Minutes)** **( Marks 100)**

परीक्षार्थी के लिए निदेंश-

**Instructions to the candidate-**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

**Candidate are requested to give their answers in their own words as for as possible.**

2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

**Figures in the right hand margin indicate full marks.**

3. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

**Write groups number and questions number with every answers.**

4. सामान्य निर्देश्य-

इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड 'अ', 'ब' और 'श' हैं। सभी खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य है।

खण्ड अः खण्ड-अ के सभी 40 प्रश्नों के उत्तर दें।

खण्ड बः खण्ड-ब में दिये गये सभी 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन अंक है।

खण्ड सः खण्ड-स में दिये गये सभी 5 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए छः अंक है।

**4. General Instruction-**

**The paper consists of three group i.e. A, B and C. All questions of all group compulsory.**

**Group A : All the 40 question are to be answered in group A. Each question carries 1 mark.**

**Group B : Answer all the 10 questions in group B. Each question carries 3 marks.**

**Group C : Answer all the five question in group C. Each question carries 6 marks.**

## खण्ड-अ

## ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )

## Group- A

## (Objective Type Questions)

**सभी विकल्प का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए।**

**Answer each question by selecting the correct choice.**

1. निम्न में कौन पश्चिमीकरण का कारक है ?

   (क) रेडियो (ख) टेलीविजन

   (ग) समाचार पत्र (घ) इनमें से सभी

   Which one of the following is factor of westernziation ?

   (a) Radio (b) Television

   (c) Newspaper (d) All of these.

2. चिपको आंदोलन के संस्थापक हैं:-

   (क) मेधा पाटेकर (ख) स्वामी अग्निवेष

   (ग) सुंदरलाल बहुगुणा (घ) इनमें से कोई नहीं

   Founder of Chipko movement.

   (a) Medha Patekar (b) Swami Agniwesh

   (c) Sunderlal Bahuguna (d) None of these.

3. निम्न में से किस राज्य में भू-सुधार कार्यक्रम सबसे सफल रहा है ?

   (क) कर्नाटक (ख) पश्चिम बंगाल

   (ग) मद्रास (घ) उत्तर प्रदेश

   Land reforms has been most successful in ?

   (a) Karnatka (b) West Bengal

   (c) Madras (d) Uttar Pradesh

4. जनजातियों के पिछड़ेपन के निम्न में कौन कारक हैं ?

   (क) धर्म (ख) अशिक्षा

   (ग) जंगल (घ) नशाखोरी

   Which one of the following of backwardness of Tribe ?

   (a) Religion (b) Illiteracy

   (c) Forest (d) Both (b) and (d)

5. निम्न में से कौन जनजातीय धर्म का स्वरूप है ?

(क) आत्मवाद (ख) प्रकृतिवाद

(ग) टोटमवाद (घ) इनमें से कोई नहीं

Which one the following form of Tribal Religion ?

(a) Animism (b) Naturalism

(c) Totemism (d) None of these.

6. भारत में राष्ट्ª निर्माण के पथ में निम्नलिखित में से कौन सी बाधा है ?

(क) श्रेणीब¼ सामाजिक व्यवस्था (ख) आर्थिक असमानताए¡

(ग) (A) और (B) दोनों (घ) पश्चिमी शिक्षा प्राप्त नेतृत्व

Which among the following are obstacles in the Path Way to Nation building in India?

(a) Hierarchical Social Order (b) Economic inequalities

(c) Both (A) and (B) (d) Wetsern educated leladership.

7. निम्न में दिए गए समाजशास्त्रियों में से किसने मार्क्सवादी परिप्रेक्ष्य से भारतीय राष्टªीय आंदोलन का

अध्ययन किया है ?

(क) रामकृष्ण मुखर्जी (ख) ए.आर. देसाई

(ग) बिपिन चंद्र (घ) डी.एन.धनगरे

Who among the following Sociologist has studies Indian National Movement by using Marxian Perspective ?

(a) Ram Krishna Mukherjee (b) A.R. Desai

(c) Bipin Chandra (d) D.N. Dhangare

8. निम्नलिखित में से कौन सा घटक क्षेत्रीय असमानताओं के लिए उत्तरदायी है ?

(क) जनसंख्या वृ¼ि (ख) लिंग-अनुपात

(ग) आर्थिक विकास (घ) इनमें से कोई नहीं

Which one of the following factors Contributes to
regional disparities in India ?

(a) Population Growth (b) Sex Ratio

(c) Economic developmment (d) None of these.

9. ''भारत में जातिवाद और हरिजन समस्या'' के लेखक कौन हैं ?

(क) के. भारती (ख) जगजीवन राम

(ग) एस. सी. दूबे (घ) के. नाथ

Who is the author of "Bharat mein Jativad Aur Harijan Saamasya" ?

(a) K. Bharti (b) Jagjeevan Ram
(c) S.C. Dubey (d) K. Nath.

10. जातिवाद को कहते हैं-

(क) अपनी जाति के प्रति भेदभाव (ख) दूसरी जाति से लगाव
(ग) अपनी जाति के प्रति निष्ठा (घ) इनमें से सभी

Casteism is called-

(a) Discrimination against own Caste (b) Attachment with other Caste
(c) Faith in own caste (d) All of the.

11. निम्न में कारकों में से कौन से राष्ट्ªीय एकीकरण में बाधक हैं ?

(क) जातिवाद (ख) क्षेत्रवाद
(ग) साम्प्रदायिकता (घ) मद्यपान

नीचे दिए गए कूट में सही उत्तर का चयन करें-

(क) क और ख (ख) ख और ग
(ग) क, ख और ग (घ) ख, ग और घ

Which of the following facctors are obstacles
to National Integration ?

(a) Casteism (b) Regionalism
(c) Coomunalism (d) Alchoholism.

Select the correct answer by using the codes given below-

(a) (1) and (2) (b) (2) and (3)
(c) (1), (2) and (3) (d) (2), (3) and (4)

12. 'शिक्षित बेरोजगारी' के लिए कौन-सा कारक जिम्मेदार है ?

(क) कृषि का परम्परागत तरीका (ख) दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली
(ग) असंगठित कृषि (घ) इनमें से कोई नहीं

Which factor is responsible for 'Educated Unemployment' ?

(a) Traditional form of Agriculture (b) Defective Education System
(c) Unorganized Agriculture (d) None of these.

13. मादक द्रव्य व्यसन के निम्न प्रभाव है-

(क) अपराध में वृf¼ (ख) स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव
(ग) पारिवारिक विघटन को प्रोत्साहन (घ) इनमें से सभी

Which of the following effects of Drug Addiction are-

(a) Increase in Crime (b) Ill-effects on Health
(c) Encouragement of family disorganization (d) All of these.

14. 'ऐतिहासिक भौतिकवाद' का सि¼ांत किसने दिया है ?

(क) कार्ल मार्क्स (ख) मैक्स वेबर

(ग) डरखाइम (घ) आर. के. मुखर्जी

Who propounded the theory of 'Historical Materialism' ?

(a) Karl Marx (b) Max Weber

(c) Durkhiem (d) R.K. Mukherjee.

15. निम्नलिखित में से कौन सी पश्चिमीकरण की विशेषताएं हैं ?

(क) सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया (ख) चेतन और अचेतन प्रक्रिया

(ग) मूल्यगत अधिमान्यताए¡ (घ) उपर्युक्त सभी

Which of the following are the Characteristics of Westerization ?

(a) Process of Social Change (b) Conscious and Unconscious Process

(c) Values Preferences (d) All of these.

16. निम्नलिखि में से कौन सी संस्कृतिकरण की विशेषताएं हैं ?

(क) परिवर्तन की सामूहिक प्रक्रिया (ख) यह केवल हिंदू जाति तक सीमित नहीं

(ग) साामाजिक गतिशीलता की प्रक्रिया (घ) उपर्युक्त सभी

Whioch of the following are the Characetristics of Sanskritization ?

(a) Collective Process of change (b) It is not confirned to Hindu Caste only

(c) Process of Social Mobility (d) All of the above.

17. संस्कृतिकरण की अवधारणा किसने दी ?

(क) योगेन्द्र सिंह (ख) एम. एन. श्रीनिवासन

(ग) बी. आर. चौहान (घ) एस. सी. दूबे

Who gave the Concept of Sanskritization ?

(a) Yogendra Singh (b) M.N. Srinivasan

(c) B.R. Chauhan (d) S.C. Dubey.

18. निम्नलिखित में से कौन सा परिवर्तन को बढ़ाने वाला आंदोलन है ?

(क) महिला मुक्ति आंदोलन (ख) दलित आंदोलन

(ग) साक्षरता आंदोलन (घ) ये सभी

Which of the following is the Change Promoting movement ?

(a) Women Liberation Movement (b) Dalit movement

(c) Literacy movement (d) All of the above.

19. किसने 'तकनीकी विलम्बन' अवधारणा का प्रयोग किया है ?

(क) ऑगबर्न एवं निमकॉफ (ख) मेकाइवर एवं पेज

(ग) गिलिन एवं गिलिन (घ) इनमें से कोई नहीं

Who has used the Concept of "Technological Lag" ?

(a) Ogburn &Nimkofff (b) Maciver & Page

(c) Gillin & Gillin (d) None of these.

20. भारत में ''राष्ट्रीय महिला आयोग'' की स्थापना कब हुई थी ?

(क) 1990 (ख) 1991

(ग) 1992 (घ) 1993

When was "National Women Commission established in India" ?

(a) 1990 (b) 1991

(c) 1992 (d) 1993.

21. निम्नलिखित में से कौन सा आश्रम इंद्रियों पर संयम रखने और बौद्धिक विकास करने की शिक्षा देता है ?

(क) ब्रह्मचर्य आश्रम (ख) गृहस्थ आश्रम

(ग) वानप्रस्थ आश्रम (घ) संन्यास आश्रम

Which of the following Asshrams instructs to have a Control over the senses and to develop the intellect ?

(a) Brahmacharya Ashram (b) Gorihastha Ashram

(c) Vanaprastha Ashram (d) Sanyasa Ashram.

22. भारत में 'सामुदायिक विकास कार्यक्रम' कब प्रारंभ हुआ ?

(क) 1948 (ख) 1950

(ग) 1951 (घ) 1952

When was the 'Community Development Programme'.
Started in India ?

(a) 1948 (b) 1951

(c) 1950 (d) 1952.

23. निम्नलिखित में से कौन सी एक भारतीय ग्रामीण जीवन की विशेषता नहीं है ?

(क) संयुक्त परिवार (ख) जातिवाद और जाति व्यवस्था

(ग) जजमानी व्यवस्था (घ) औपचारिकता

Which one is not the Characterstics of Indian Village Life ?

(a) Joint family (b) Castesim & CasteSystem

(c) Jajmani System (d) Formality.

24. उस व्यवस्था को क्या कहा जाता है, जिसमें विभिन्न जातियां एक-दूसरे को अपनी परम्परागत सेवाएं प्रदान करती हैं ?

(क) सात्मीकरण (ख) जजमानी

(ग) संस्कृतिकरण (घ) परसंस्कृतिकरण

Name the system in which various castes exchange their traditional Services with one another ?

(a) Assimilation (b) Jajmani

(c) Sanskritization (d) Accultration.

25. 'अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम' कब अस्तित्व में आया ?

(क) 1950 (ख) 1955

(ग) 1956 (घ) 1958

When was " The untouchability (offences) Act' Passsed ?

(a) 1950 (b) 1955

(c) 1956 (d) 1958.

26. भारत के प्रथम 'पिछड़ा वर्ग आयोग' का अध्यक्ष कौन था ?

(क) बी.पी. मंडल (ख) बी. आर. अम्बेडकर

(ग) एम. के. गांधी (घ) काका कालेकर

Who was the Chairman of the first 'Backward Class Commission' in India ?

(a) B.P. Mandal (b) B.R. Ambedkar

(c) M.K. Gandhi (d) Kaka Kalelkar.

27. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में 'पिछड़े वर्ग' शब्द का प्रयोग किया गया है ?

(क) अनुच्छेद - 16 (4) में (ख) अनुच्छेद - 14 (4) में

(ग) अनुच्छेद - 18 (2) में (घ) अनुच्छेद - 17 में

In which Article of the Indian Constitution the term 'Backward Class' has been used ?

(a) Article - 16(4) (b) Article - 14 (4)

(c) Article - 18 (2) (d) Article-17

28. अनुसूचित जनजातियों को 'पिछड़े हुए हिंदू' किसने कहा है ?

(क) हट्टन (ख) बी.आर. अम्बेडकर

(ग) जी.एस. घुर्ये (घ) एम. एस. गोरे

Who Called Scheduled Tribes as 'Backward Hindus' ?

(a) Hutton (b) B.R. Ambrdkar
(c) G.S. Gurye (d) M.S. Gore

29. संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा अस्पृश्यता का अंत कर दिया गया है ?

(क) अनुच्छेद - 25 (ख) अनुच्छेद - 29
(ग) अनुच्छेद - 330 (घ) अनुच्छेद -17

Untouchability was abolished by which Article of the Constitution ?
(a) Article - 25 (b) Article-29
(c) Article-330 (d) Article-17.

30. जाति-व्यवस्था में स्थिति निर्धारण का आधार क्या है ?

(क) धर्म (ख) कर्म
(ग) जन्म (घ) योग्यता

What is the basic of Status determination in Caste System ?
(a) Religion (b) Karma
(c) Birth (d) Ability.

31. 'हरिजन सेवक संघ' की स्थापना किसने की है ?

(क) एस.सी. दूबे (ख) महात्मा गांधी
(ग) बी. आर. अम्बेडकर (घ) ज्योतिबा फूले

Who established Harijan Sewak sangh ?
(a) S.C. Dubey (b) Mhatma Gandhi
(c) B.R. Ambedkar (d) Jyotiba Phule

32. भारत में जनजातियों के विकास के लिए सरकार को 'राष्ट्रीय उपवन' का सुझाव किसने दिया ?

(क) एन.के. बोस (ख) एलविन
(ग) डी. एन. मजूमदार (घ) इनमें से कोई नहीं

Who gave the suggestion of 'National Park' the Government for the tribal development in India ?
(a) N.K. Bose (b) Elwin
(c) D.N. Majumdar (d) None of the these.

33. 'गिरिजन' का प्रयोग होता है:-

(क) पिछड़ी जाति के लिए (ख) अनुसूचित जनजाति के लिए
(ग) अनुसूचित जाति के लिए (घ) इनमें से सभी।

The term 'Girijan' is used for-
(a) Backward (b) Scheduled Tribe
(c) Scheduled Caste (d) All of the above.

34. निम्नलिखित में कौन सा धर्म का लक्षण है ?

(क) अलौकिक शक्ति में विश्वास (ख) पवित्रता की धारणा

(ग) पूजा (घ) उपर्युक्त सभी

Which of the following the Characetristics of Dharma ?

(a) Belief in Super natural Power (b) Concept of Purity

(c) Worship (d) All of the above.

35. 'धर्म के सामाजिक सि¼ांत' का प्रतिपादन किसने किया ?

(क) पारसन्स (ख) स्पैंसर

(ग) दुर्खीम (घ) मैक्स मुलर

Who Propounded the 'Social Theory of Religion' ?

(a) Parsons (b) Spencer

(c) Durkhiem (d) Max Muller.

36. निम्नलिखित में से कौन सा समूह 'द्विजों' का उदाहरण है ?

(क) ब्राह्मण, क्षत्रिय एवं शूद्र (ख) ब्राह्मण, वैश्य एवं शूद्र

(ग) ब्राह्मण, क्षत्रिय एवं वैश्य (घ) क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र

Which of the following group is the exmaple of 'Dvijas' ?

(a) Brahmins, Kshatriyas &Shudras

(b) Brahmins, Vaishyas & Shudras

(c) Brahmins, Kshatriyas & Shudras

(d) Kshtriyas, Vaishyas & Shudras.

37. संयुक्त हिंदू परिवार के मुखिया को पुकारते हैं-

(क) जजमान (ख) परिजन

(ग) पुरोहित (घ) कर्त्ता

The head of a joint Hindu family is called-

(a) Jajman (b) Parijan

(c) Purohit (d) Karta

38. निम्नलिखित में कौन-सा एक संस्कारात्मक विवाह है ?

(क) मुस्लिम विवाह (ख) ईसाई विवाह

(ग) हिंदू विवाह (घ) प्रेम विवाह

Which one of the following is a Sacramental marriage ?

(a) Muslim Marriage (b) Christian Marriage

(c) Hindu Marraige (d) Love Marriage.

39. एकाकी परिवार बना होता है, पति, पत्नी एवं उनके-

(क) विवाहित बच्चे (ख) अविवाहित बच्चे

(ग) विवाहित पुत्र एवं अविवाहित पुत्रियां (घ) इनमें से कोई नहीं

A Nuclear family consist of husband, wife and their-

(a) Married Children (b) Unmarried Children

(c) Married son & Unmarried daughters (d) None of the above.

40. बहिर्विवाह का सर्वाधिक सामान्य नियम है-

(क) प्रजातीय वर्जन (ख) वर्गगत वर्जन

(ग) अगम्यागमन वर्जन (घ) जातिगत वर्जन

The most Common rule of Exogamy is -

(a) Racial taboo (b) Class taboo

(c) Incest taboo (d) Caste taboo.

**खण्ड-ब**

**Group- B**

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

**Short answer type questions**

**प्रश्न संख्या 1 से 10 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 1 to 10 are short answer typequestion. Each question carries 3 marks.**

1. लौकिकीकरण का अर्थ स्पष्ट करें ।

   Define the meaning of Secularization.

2. नातेदारी की कौन-कौन सी रीतियां हैं ?

   What is the main methods of Kinship ?

3. धर्म के प्रकार्य लिखें।

   Write the function of religion.

4. भ्रष्टाचार को परिभषित कीजिए।

   Define the corruption.

5. संयुक्त परिवार के प्रकार्य क्या-क्या हैं ?

   What is the function of joint family ?

6. भारतीय जनजाति के विवाह के प्रकारों की चर्चा करें ?

   Discuss the types of marriage of Indian Tribe ?

7. अर्न्तविवाह और बर्हिविवाह में अन्तर क्या है?

   What is the difference between endogamy & exogamy ?

8. भारत में नगरीकरण की प्रमुख प्रवृत्तियों की चर्चा करें ?

   Discuss the main trends of Urbanization in India ?

9. नियोजित परिवर्तन का क्या महत्व है ?

   What is the importance of Planned Change.?

10. सांस्कृतिक परिवर्तन क्या है ?

    What is cultural change ?

**खण्ड–स**

**Group- C**

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

**Long answer type questions**

**प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 06 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 11 to 15 are long answer type questions. Each questions carries 06 marks.**

11. जाति व्यवस्था में पाई जाने वाली असमानता पर एक संक्षिप्त निबंध लिखें।

    Write short essay in finding on unequality in caste system.

12. राष्ट्र -निर्माण (राष्ट्रीय एकीकरण) में साम्प्रदायिकता किस प्रकार से बाधक है? स्पष्ट करें ।

    Explain how communlism is barrier in nation building (National Interation) ?

13. ग्रामीण भारत में वर्ग व्यवस्था का उल्लेख करें ।

    Discuss the class system in rural India.

14. भारतीय समाज की सांस्कृतिक विविधता का वर्णन करें ।

    Explain the cultural diversity of Indian Society.

15. भारत में निर्धनता के सामाजिक कारणों का वर्णन करें ।

    Explain the Social causes of Poverty in India.

**खण्ड-अ**

**( उत्तरमाला )**

**Group- A**

**Answer Sheet**

(1)-घ (2)-ग (3)-ख (4)-ग (5)-ग (6)-ग

(7)-ख (8)-ग (9)-ख (10)-ग (11)-ग (12)-ख

(13)-घ (14)-क (15)-घ (16)-घ (17)-ख (18)-घ

(19)-ख (20)-ग (21)-क (22)-घ (23)-घ (24)-ख

(25)-ख (26)-घ (27)-क (28)-ग (29)-घ (30)-ग

(31)-ख (32)-ख (33)-ख (34)-घ (35)-ग (36)-ग

(37)-घ (38)-ग (39)-ख (40)-घ

## खण्ड-ब
## ( उत्तरमाला )

उत्तर 1. लौकिकीकरण पश्चिमीकरण में सम्मिलित है। यह अधिक सामान्य प्रक्रिया है, जो सभी भारतीयों को प्रभावित करती हैं। लौकिकीकरण, नगरीय और शिक्षित समूहों में अधिक होता है। इस प्रक्रिया ने भारत में किसी अन्य धार्मिक समूह की तुलना में हिंदुओं को अधिक प्रभावित किया है। इसकी प्रक्रिया अंग्रेजी शासनसे प्रारंभ हुई और समय के साथ अधिकाधिक व्यापक ओर गहरी हुई।

उत्तर 2. नातेदारी व्यवस्था की प्रमुख रीतियों का उद्देश्य समाज को संगठित एवं व्यवस्थित करने के लिए है। ये रीतियां निम्नलिखित हैं:-

i). परिहार :- नातेदारी की इस रीति में एक दूरी बनी होती है। इसमें उनकी या तो उपेक्षा की जाती है या फिर उनका बहिष्कार किया जाता है। जैसे सास-ससुर का बहु के साथ।

ii). माध्यमिक संबोधन:- नातेदारी की अभित्यक्ति किसी माध्यम से होती है। भारत में स्त्रिया ¡ आने पति का नाम नहीं लेती। वे अपने पति को पुत्र या पुत्री के नाम से पुकारती है।

iii). मातुलेय :- इस प्रकार के संबंधों में मामा, भांजे, भांजी का।

iv). सह प्रसविता :- इस प्रकार के संबंधों का आधार सह अनुभूति है।

उत्तर 3. धर्म के समस्त प्रकार्यों को चार भागों में बांटा जा सकता है:-

i). अनुशासन:- धर्म का एक प्रमुख प्रकार्य लोगों में अनुशासन लाना है।

ii). लगाव:- दूसरा प्रकार्य यह है कि यह लोगों को संगठित करता है और लोगों को एक एक सामान्य बंधन में बांधता है।

iii). जीवन शक्ति का संचार:- यह लोगों की सामाजिक विरासत को नयी शक्त प्रदान करता है।

iv). सुखद अनुभव:- धर्म का एक और प्रमुख प्रकार्य यह है कि लोगों में नयी-स्फूर्ति लाता है तथा जीवन में सुखद अनुभव लाता है।

उत्तर 4. कोई भी सार्वजनिक कर्मचारी वैध पारिश्रमिक के अतिरिक्त अपने या किसी दूसरे व्यक्ति के लिए जब कोई लाभ लेता है कि सरकारी निर्णय पक्षपातपूर्ण ढंग से किया जाए तो यह भ्रष्टाचार है। दूसरे शब्दों में, ''प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लाभ प्राप्ति हेतु जान-बूझकर निश्तिच कर्तव्य का पालन करना ही भ्रष्टाचार है।''

उत्तर 5. भारतीय संयुक्त परिवार व्यवस्था भारतीय सामाजिक संगठन की रीढ़ समझी जाती है।

i). पुनरूत्पादन:- संयुक्त परिवार का प्रमुख प्रकार्य पुनरूत्पादन का विधि सम्मत माने जाते हैं जो अपने माता-पिता के बुढ़ापे का सहारा बनते हैं।

ii). समाजीकरण:-संयुक्त परिवार समाजीकरण का प्रथम एवं प्राथमिक माध्यम है। छोटे बच्चों को सतत अनुशासन एवं मार्गदर्शन में रहता है।

iii). सामाजिक नियंत्रण साधन:-संयुक्त परिवार एक स्वयं शासित प्रशासनिक कार्य करती है। यह सामाजिजक नियंत्रण के अनौवचारिक साधन के रूप में काम करता है।

iv). उत्पादन, वितरण तथा उपभोग:-संयुक्त परिवार उपभोग की एक सम्पूर्ण इकाई है। परिवार को काफी बड़ी मात्रा में सस्ती कीमत पर उपभोग वस्तुओं को खरीद कर आर्थिक रूप से समुचित व्यवस्था करनी पड़ती है।

v). कल्याण:-संयुक्त परिवारर अपने सदस्यों के लिए सहायक, मित्रतापूर्ण सामाजिक वातावरण का निर्माण करता है।

उत्तर 6. जनजातीय विवाह यौन-सुख, संतान प्राप्ति तथा आपसी सहयोग के लिए सामाजिक समझौता माना जाता है। इसमें मुख्यत: विवाह के आठ तरीके हैं।

i). परिवीक्षा विवाह:- इस विवाह के अंतर्गत एक युवक एक निश्चित समय तक एक युवती के साथ उसके पिता के घर रहता है।

ii). हरण विवाह:- इसमें युवती की इच्छा के बगैर ही युवक उससे जबरदस्ती विवाह करता है।

iii). परीक्षा विवाह:- इसमें पत्नी प्राप्त करने से पहले सामने उपस्थित की गई बाधाओं का सामना

करके अपना सामर्थ्य तथा साहस साबित करना पड़ता है।

iv). क्रय विवाह: इसमें वर पक्ष के माता-पिता कन्या के माता-पिता को नगद या सामान के रूप में कुछ धन देते हैं।

v). सेवा विवाह:- इसके अंतर्गत वर अपने होने वाले ससुर के घर विवाह के पहले एक निश्चित समय तक एक नौकर की तरह सेवा करता है।

vi). विनिमय विवाह:-इस विवाह के अंतरर्गत दो परिवारों के बीच उनके पुत्र एवं पुत्री के बीच विनिमय होता है।

vii) पलायन विवाह:-इस विवाह के अंतर्गत युवक एवं युवती अपने माता-पिता के खिलाफ जाकर शादी करते है तथा अपने निवास स्थान से पलायन कर जाते हैं।

viii) हठ विवाह: जब कोई युवक किसी स्त्री से शादी का वादा करके उसके साथ आत्मीय संबंध बनाता है परंतु बाद में वह मुकर जाता है तो स्त्री युवक के घर आकर जबरदस्ती रहती है तो उसकी शादी उस युवक के साथ कर दी जाती है।

उत्तर 7. अंतर्विवाह:- यह विवाह एक व्यक्ति को जीवन साथी चुनने के लिए अपनी जाति या उपजाति के अंतर्गत ही चुनाव करने की स्वतंत्रता देता है।

बहिर्विवाह:- बहिर्विवाह के नियम के अनुसार हर व्यक्ति को अपने ससमूह के बाहर विवाह करना होता है। यद्यपि अंतरर्विवाह एवं बहिर्विवाह के नियम प्रत्येक्ष रूप में विरोधी दिखाई पड़ते हैं, परंतु ये दोनों नियम एक साथ दो स्तरों पर व्यावहारिक होते रहे हैं।

उत्तर 8. भारत में नगरीकरण की प्रक्रिया में काफी तेजी आयी जब 19वीं शताब्दी के अंतिम समय से ब्रिटिश शासक द्वारा भारत में औद्योगीकरण की शुरूआत की गई तथा यातायात के साधनों में वृ¼ हुई। परिणमस्वरूप ग्रामीणों का नगरों से सम्पर्क बढ़ाने लगा। जैसे-जैसे औधोगीकरण की प्रक्रिया में तेजी आती गई वैसे वैसे ग्रमीणों का पलायन शहरों की ओर होने लगा। लोग

रोजगार की तलाश में नगरों की ओर आने लगें। इसके परिणाम स्वरूप नगरों सामाजिक गतिशीलता, क्षेत्रीय  विषमता, समाजिक विजातियता, गंदी बस्तियों का विकास, सधन आबादी आदि नगरीकरण की प्रमुख प्रवृति उभरकर सामने आयी है।

उत्तर 9. वैश्वीकरण के बढ़ते हुए प्रभावों को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि समाज में परिवर्तन नियोजित ढंग से किया जाए। इससे समाज का सर्वांगीण विकास होता है। आर.एन. कुमार के अनुसार–'' ग्रामीण विकास की नीति के संदर्भ में  कई परिवर्तन हुए हैं। ग्रामीण गरीबों को अब ऐसे संसाधन  के रूप में देखा जा रहा है जिसके विचार एवं अनुभव हमारी विकास एवं रणनीतियों का अभिन्न हिस्सा है।'' डी.पी. मुखर्जी नियोजित पविर्तन के बारे में लिखते हैं कि ''नियोजित परिवर्तन योजना के संदर्भ में सकारात्मक सोच का परिचय देता है।'' वास्तव में योजना एक तथ्य है।

उत्तर 10. सांस्कृतिक परिवर्तन वह तरीका है जिसके द्वारा समाज अपनी संस्कृति के प्रतिमानों को बदलता है। परिवर्तन के लिए प्रेरणा आंतरिक यह बाहरी हो सकती है। उदाहरण के लिए, आंतरिक कारणों में, कृषि या खेती करने की नयी प¼तियां, कृषि उत्पादन को बढ़ा सकती है जिससे खाद्य उपभोग की प्रकृति तथा कृषक समुदाय की जीवन शैली में परिवर्तन आ सकता है। दूसरी तरफ बाहरी हस्तक्षेप उपनिवेशीकरण के रूप में हो सकते हैं जिससे एक समाज के सांस्कृतिक आचरण तथा व्यवहार में गहरे परिवर्तन हो सकते हैं।

## खण्ड-स
## ( उत्तरमाला )

उत्तर 11. ग्रामीण भारत में जाति-व्यवस्था सामामिजक असमानता का एक प्रमुख आधार है। जो लोग उच्च समझे जाने वाले कुल, वंश, जाति एवं प्रजाति में जन्म लेते हैं, वे अपने को दूसरे से श्रेष्ठ समझते हैं और इस आधार पर विषमता पनपती है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं अस्पृश्य के बीच पाई जाने वाली विषमता का यही आधार हैं।

पूर्व-औद्योगिक समाजों में जाति व्यवस्था विशेषत: पाई जाती है। जैसे-जैसे कोई समाज औद्योगीकरण की दिशा में आगे बढ़ता जाता है, उसके साथ-साथ वहां जाति विभाजन की बजाय वर्ग-विभाजन का महत्व बढ़ता जाता है। परंपरावदी एवं कृषक समाजों जाति व्यवस्था का विशेषत: प्रभाव देखने को मिलता है। जाति व्यवस्था में सामाजिक विषमता को धर्म के द्वारा समर्थन प्राप्त होता है। ग्रामीण भारत में सामाजिक विषमता सि¼ांत एवं व्यवहार दोनों ही रूपों में समाज द्वारा स्वीकृत रही है। जाति एक ऐसा सामाजिक समूह है जिसकी सदस्यता जन्मजात होती है, प्रत्येक जाति का एक नाम और एक व्यवसाय होता है। एक जाति के लोगों का एक वंशगत पेशा होता है और एक जाति के सदस्यों को अपनी ही जाति में विवाह करना होता है। इस प्रकार प्रत्येक जाति की अपनी एक जीवन शैली होती है।

जाति व्यवस्था के अंतर्गत पाया जाना वाला ऊ¡च-नीच का संस्तरण तथा उच्च एवं निम्न जातियों के बीच अधिकारों का असमान वितरण भारतीय समाज में सामाजिक विषमता के लिए विशेषत: उत्तरदायी हैं। सामाजिक विषमता का चरम रूप अस्पृश्यता के रूप में देखने को मिलता है जहां कुछ जातियों को जन्म से ही अछूत मान लिया जाता है तथा उच्च जातियों द्वारा उपभोग किए जाने वाले सब प्रकार के अधिकारों से उन्हें वंचित कर दिया जाता है। उच्च जातियों के उत्पादन के साधनों विशेषत: भूमि पर नियंत्रण रहा है, जबकि निम्न जातियों या अस्पृश्य जातियों के लोगों को इससे वंचित रहना पड़ा है। वे केवल अपने श्रम बेचकर अपनी आजीविका चलाते रहे हैं।

जाति व्यवस्था में असमानता का रूप शक्ति, सत्ता एवं प्रभुत्व में भी देखने को मिलता है। सामाजिक संस्तरण में ऊ¡च जातियों को ज्यादा शक्ति एवं सत्ता मिलती है

जबकि निम्न जातियों को इन अधिकारों से वंचित रहना पड़ता है। परिणामस्वरूप उच्च और निम्न एवं अस्पृश्य जातियों के जीवन-अवसर एवं जीवन शैली में काफी भिन्नता देखने को मिलती है। ऐसे जाति व्यवस्था वाले समाजों में व्यक्ति की सामाजिक प्रस्थिति जन्म के आधार पर निर्धारित होती है, इनमें व्यक्तिगत उपलब्धियों का महत्व कम होता है। आंद्रे बेते ने बताया है कि जातियों के बीच की भिन्नता को जन्म एवं परिवार की प्रमुखत: भूमि पर निर्भरता और धीमी भौगोलिक गतिशीलता ने काफी बल प्रदान किया है। विभिन्नताओं के कारण पोशाक, भोजन, निवास, भाषा तथा आचरण जैसी जीवन-शैली में भेद स्वत: विकसित होते हैं। सामान्यत: खेतिहर समाजों में सामाजिक विभाजन औद्योगिक समाजों की अपेक्षा अधिक स्पष्ट होते हैं।

उत्तर 11. भारत अनेक धर्मों का उद्‌भव स्थल रहा है। यहां अनेक धर्मावलंबी रहते हैं। साथ ही यहां लंबे समय से साम्प्रदायिकता फलती-फुलती रही है। इसके कारण अनेक बार सम्पूर्ण राष्ट्a को कई प्रकार की हानियां उठानी पड़ी हैं। यह राष्ट्aीय एकीकरण एवं राष्ट्a निर्माण में बाधा उत्पन्न करती रही है।

साम्प्रदायिकता राष्ट्a निर्माण में निम्नांकित प्रकार से बाधा उत्पन्न करती है:-

देशव्यापी दुष्प्रभाव:- सासम्प्रदायिकता सदैव ही राष्ट्aीय एकता के मार्ग में बाधक रही है। विभिन्न संप्रदाय के लोगों में अलगाव के भाव पाए जाते हैं। अत: वे कभी सारे देश को एक बनाने एवं राष्ट्aीय उत्पादन की बात नहीं सोचते। सासम्प्रदायिकता भावात्मक एकता के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है, जैसे हिंदू-मुस्लिमों में जब-जब भी साम्प्रदायिकता की लहरें देश के कोने-कोने तक पहुंची है, लोगों में तनाव एवं संघर्ष पैदा हुए है और सम्पूर्ण देश एक राष्ट्aीय चरित्र के रूप में नहीं उभर सका तथा राष्ट्aीय जीवन में असुरक्षा उत्पन्न हुई है।

तनाव एवं संघर्ष:- साम्प्रदायिकता के कारण किसी भी सम्प्रदाय का विकास तो नहीं हुआ, किंतु उसके कारण विभिन्न सम्प्रदायों के बीच अविश्वास, घृणा, पूर्वाग्रह एवं संघर्ष पैदा हुए।

जन-धन की हानि:- साम्प्रदायिक दंगों एवं उपद्रवों के कारण हजारों लोगों की जानें गयी हैं एवं अनैतिक व्यवहार हुए हैं। मकानें, दुकानें, सरकारी कार्यालय, विद्यालय, रेल, डाकतार

आदि सार्वजनिक प्रतिष्ठानों आग लगा दी जाती है जिसके कारण जन–धन की अपार क्षति होती है एवं आर्थिक विकास अवरु¼ हो जाती है।

iii). साामाजिक–सांस्कृतिक विघटनः–

साम्प्रदायिकता के कारण सामाजिक सांस्कृतिक विघटन होता है। विभिन्न धर्मों, सम्प्रदायों एवं संस्कृतियों के लोग परस्पर मिल नहीं पाते हैं। अतः राष्ट्ª निर्माण की प्रक्रिया अवरु ¼ हो जाती है और पृथकता के भाव बने रहते हैं। जब–जब भी साम्प्रदायिक संघर्ष होते हैं तो समाज में पुनः अविश्वास, भय, शंका तथा घृणा का वातावरण पैदा हो जाता है। अतः यह देश की एकता के लिए खतरा पैदा करता है।

iv). राजनीतिक दुष्परिणामः–

साम्प्रदायिकता के कारण देश में राजनीतिक अस्थिरता उत्पन्न होती है, लोगों का प्रशासन, दलों को सरकार की आलोचना करने का मौका मिल जाता है। इससे अधिक तनाव का जन्म होता है। शांति स्थापित करने के लिए न्याय एवं व्यवस्था की समस्या पैदा हो जाती है। लोगों का जीवन खतरे में पड़ जाता है। इससे राष्ट्ª निर्माण में बाधा उत्पन्न होती है।

v). असमाजिक तत्वों में वृf¼ः–

साम्प्रदायिक संघर्षों एवं उपद्रवों के समय असमाजिक तत्वों को खुलकर खेलने का मौका मिलता है। प्रशासन की कमजोरी का पूरा लाभ उठाते हैं। वे इस प्रकार के अवसर की ताक में रहते हैं कि जब साम्प्रदायिकता की आग भड़के जिससे की वे लूट–पाट कर सकें, पैसा एकत्रित कर सकें और जिन लोगों से उनकी व्यक्तिगत दुश्मनी है उनसे बदला ले सकें।

vi). आर्थिक विकास में बाधकः–

साम्प्रदायिकता के कारण आर्थिक विकास की प्रक्रिया अवरु¼ हो जाती है। इससे उत्पादन की प्रक्रिया अवरू¼ हो जाती है। इससे बेकारी एवं निर्धनता की समस्या पैदा होती है, राष्ट्ªीय उत्पादन घटता है और लाभांश भी कम हो जाता है। इससे राष्ट्ªीय एकीकरण में बाधा उत्पन्न होती है।

उत्तर 13. वर्ग के आधार पर स्तरीकरण:-

केवल नगरों में ही नहीं बल्कि गांवों में भी पाया जाता है। प्राचीनकाल से ही शासक, शासित, पुजारी, जागीरदार, मजदूर, किसान जमींदार आदि वर्गों की उपस्थित ग्रामीण समाज में रही है। डेनियल थॉर्नर ने गांवों में मालिक, साहूकार एवं मजदूर इन तीन वर्गों का उल्लेख किया है। कोटोवस्की ने बुर्जुआ पूंजीपति, भू-स्वामी, सम्पन्न किसान तथा कृषि मजदूर का उल्लेख किया है। गांव में वर्ग की सदस्यता निश्चित एवं स्पष्ट होती है, जबकि नगरों में यह कठिन होता है।

भारतीय गांवों में कृषि की प्रधानता एवं प्रकृति पर निर्भरता के कारण वर्गों का आधार जीवन निर्वाह के साधन और व्यवसाय है। भूमि एवं प्रकृति पर विविध प्रकार की निर्भरता ही ग्रामों में वर्गों की प्रकृति को निर्धारित करती है। इस दृष्टि से भारतीय गांवों में प्रमुख तीन वर्ग हैं:-

i). जमींदार एवं साहूकार

ii). किसान

iii). श्रमिक।

परंतु इसमें से प्रत्येक वर्ग एवं उसके सदस्यों को समरूप एवं समान स्तरीय नही कहा जा सकता जो कि वर्ग की एक आवश्यक विशेषता है। एक वर्ग में हमें विभिन्न जातियों एवं उप-जातियों के सदस्य देखने को मिलेंगे। साथ ही एक जाति तथा उप-जाति के लोग सभी वर्गों में दिखाई देंगे परिणामस्वरूप एक वर्ग में पायी जानेवाली जातियां अपनी जाति भिन्नता को तथा एक-एक जाति वर्ग भिन्नता को बनाए रखती है।

गांवों में पाए जाने वाले प्रमुख तीन वर्गों का उल्लेख संक्षेप में निम्नलिखित है:-

i). मालिक, जमींदार एवं साहूकार वर्ग:-

ग्रामीण वर्ग व्यवस्था का सर्वोच्च समूह मालिक, जमींदार एवं साहूकारों का है। इन लोगों के पास गांव की अधिकांश भूमि होती है। इस समूह में अधिकतर ऊ¡ची जातियों के लोग होते हैं। इन वर्गों के लोगों का जीवन स्तर भी उच्च होता है। इस वर्ग के लोग शिक्षित, सुविधाओं से सम्पन्न तथा शक्तिशाली होते हैं। यह वर्ग गांव में सबसे छोटा, किंतु प्रभावशाली होता है।

ii). किसान वर्ग:-

ग्रामीण समाज में दूसरा वर्ग किसानों का हैं। ये भूमि के छोटे-छोटे टुकड़ों के स्वामी होते हैं और उन पर स्वयं ही कृषि करते हैं। ये अपनी भूमि को अपनी संतानों को हस्तांरित करते हैं। कई बार जब किसान परिवार में सदस्यों की संख्या अधिक होती है और अपने अपने पास वाली भूमि पर्याप्त नहीं होती हैं तो ये लोग भूस्वामियों से किराये पर भूमि लेकर जोतते हैं। यह वर्ग जमींदारों एवं मजदूरों के बीच का है। अत: इनका जीवन स्तर भूस्वामियों से नीचा किंतु कृषि मजदूरों से ऊ¡चा है।

iii). मजदूर या भूमिहीन श्रमिक वर्ग:-

ग्रामीण वर्ग व्यवस्था में सबसे निम्न स्थान कृषि मजदूरों का है और इनकी संख्या ही सर्वाधिक है। ये लोग दूसरे के खेतों पर मजदूरी करके अपना जीवन - निर्वाह करते हैं। एक ओर ये संख्या की दृष्टि से गांव में सर्वाधिक है तो दूसरी ओर इनकी आय सबसे कम है।

उपर्युक्त तीनों वर्गों के अतिरिक्त गांव में एक वर्ग दस्तकारी का कार्य करने वालों का भी है जो अपना जीवन यापन किसी न किसी वंश परम्परा व्यवसाय करते हैं। ये दस्तकारी व्यवसाय के साथ-साथ कृषि कार्य भी करते हैं। इस वर्ग में जुलाहा, धोबी, नाई, तेली, चमार आदि जाति के लोग आते हैं।

उत्तर 14. भारत एक ऐस देश है जिसमें विविधता के अनेक आयाम दृष्टिगोचर होते हैं, यहां अनेक संस्कृतियों का सहअस्तित्व पाया जाता है। भारत में समय-समय पर अनेक बाह्मय आक्रमणकारी लोग आते रहे और उन्होंने यहां शासन किया। यहां से धन सम्पत्ति लूट कर ले जाने के बजाय अधिकांश लोग यहीं बस गए। इस प्रकार भारत अनेक संस्कृतियों का संगम स्थल एवं दुर्बल-पात्र बन गया। सांस्कृतिक बहुलता भारत की विशेषता है। यही कारण है कि भारत में विभिन्न धर्मों, भाषाओं, प्रथाओं, रीति-रिवाजों, खान-पान, वेश-भूषा, विचारों, विश्वासों, संस्कारों आदि के रूपों में बहुलता एवं विविधता पायी जाती है। विभिन्न संस्कृतियों का भारत में सह-अस्तित्व ही सांस्कृतिक बहुलतावाद को अनेक रूपों में देखा जा सकता है।

"धर्म, भाषा, क्षेत्र, प्रथा और परम्परा के आधार पर यहां अनेक अल्पसंख्यक समूह बने हुए है। बहुसंख्यक समूह भी अनेक सम्प्रदायों, जातियों, गोत्रों और भाषायी समूहों में विभक्त है। अपने सदस्यों के लिए अच्छी शिक्षा, रोजगार और जीवन-स्तर प्राप्त करने की इन समूहों में आकांक्षाएं हैं। सभी लोगों को समान अवसर प्राप्त नहीं हैं, इसलिए वे 'वितरक-न्याय' (Distributive Justice) से वंचित है। इस प्रकार की असमानता स्वयं भारतीय समाज की देन है।

भारत में प्रथाओं, वेश-भूषा, खान-पान, रहन-सहन, कला, आदि के दृष्टिकोण से भी काफी भिन्नताएं पायी जाती हैं। प्रत्येक क्षेत्र के लोगों की अपनी विशिष्ट प्रथाएं हैं और यहां तक कि एक ही क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक समूह की प्रथाओं में भी बहुत अंतर पाया जाता है। जहां तक वेश-भूषा का संबंध है तो उत्तर एवं दक्षिण के लोगों की ग्रामीण एवं नगरीय लोगों की, हिंदू और मुसलमानों की, परम्परावादी एवं आधुनिक कहे जाने वाले लोगों की वेश-भूषा में अंतर पाया जाता है।

खान-पान की दृष्टि से हमारे देश में काफी भिन्नताएं पायी जाती हैं। पंजाब में गेहू, राजस्थान में ज्वार, बाजरा और मक्का, बंगाल में चावल एवं मछली मुख्य भोजन हैं। कुछ जातियां एवं धर्मों का मुख्य आहार मांसाहारी है तो कुछ का शाकाहारी है।

विभिन्न क्षेत्रों में कला, संगीत और नृत्य की दृष्टि से भी भिन्नता दिखायी पड़ती है। कहीं कोई शैली प्रचलित है तो कहीं कोई अन्य शैली। पंजाब में लोहड़ी एवं भांगड़ा, राजस्थान में घूमर, गुजरात में गर्बा एवं दक्षिण में भारत नाट्यम् नृत्यों की प्रधानता है। इसी प्रकार से विभिन्न प्रांतों के त्योहारों एवं उत्सवों में भी भिन्नता पायी जाती है।

विभिन्न भागों में लोगों के विश्वासों, नैतिकता संबंधी धारणाओं और वैवाहिक एवं अन्य निषेधों में काफी भिन्नता देखने को मिलती है। यहां एक विवाह, बहु पति विवाह एवं बहुपत्नी विवाह को मानने वाले लोग भी है। पितृसत्तात्मक एवं मातृसत्तात्मक दोनों प्रकार की परिवार व्यवस्था यहां पर विद्यमान है।

उत्तर 15. निर्धनता का जन्म किसी एक कारण या घटना के फलस्वरूप ही नहीं होता है। यह अनेक कारकों की पारस्परिक क्रियाओं का प्रतिफल है। भारत में गरीबी के लिए उत्तरदायी सामाजिक कारकों को निम्नलिखित रूपों में देखा जा सकता है:-

i). संयुक्त परिवार व्यवस्थाः–

संयुक्त परिवार व्यवस्था व्यक्ति को आलसी, निष्क्रिय एवं निकम्मा बना देती हैं क्योंकि इसमें काम करने वाले एवं न करने वाले सभी को समान सुविधाएं प्राप्त होती हैं। संयुक्त परिवार अपने सदस्यों की गतिशीलता पर भी रोक लगाता है। संयुक्त परिवारों में बाल–विवाह के प्रचलन के कारण अधिक संतानें जन्म लेती हैं। फलस्वरूप निर्धनता में भी वृ¼ होती है।

ii). जाति प्रथाः–

जाति प्रथा ने भी गरीबी को जन्म दिया है। जाति प्रथा में श्रम–साध्य कार्य निम्न जातियों द्वारा करवाए जाते हैं और उच्च जातियों के व्यक्तियों शारीरिक श्रम करना अनुचित समझते हैं। जाति–प्रथा में प्रत्येक जाति का एक वंश परंपरागत व्यवसाय होता है। अतः एक व्यक्ति दूसरी जाति के व्यवसाय में दक्ष होने पर भी उसे नहीं अपना सकता। जाति–प्रथा ने व्यक्ति की रूचि के कार्यों पर रोक लगाकर उसकी अधिक उन्नति में बाधा उत्पन्न की है।

iii). अज्ञानता एवं अशिक्षाः–

आज भी भारत की साक्षरता दर सौ फीसदी तक नहीं पहुंचा है। आज भी भारत की जनसंख्या के करीब 30 प्रतिशत लोग निरक्षर हैं। अशिक्षित होने के कारण लोग अज्ञानी है, उनमें तार्किक दृष्टिकोण का अभाव है। इसकी लाभ गांव के जमींदारों एवं साहूकारों ने उठाया तथा लोगों का आर्थिक शोषण किया।

iv). सामाजिक कुप्रथाएंः–

हिंदू समाज में दहेज, मृत्यु भोज एवं विवाह से संबंधित अनेक सामाजिक कुरीतियों का प्रचलन है। इनके कारण लोगों को अपनी आर्थिक क्षमता न होने पर भी सामाजिक प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए अधिक खर्च करना पड़ता है। इसके लिए उन्हें ऋण लेना होता है, अपनी भूमि, मकान तथा जायदाद बेचनी पड़ती है।

v). गंदी बस्तियांः–

भारत के औद्योगिक क्षेत्रों में धनी एवं गंदी बस्तियों में नल, बिजली, हवा, रोशनी, सड़कें, गंदे पानीके निकास आदि की उचित व्यवस्था नहीं होती। ये बस्तियां रोग, अपराध एवं

अनैतिकता के केंद्र है। इनसे श्रमिकों की कार्यकुशलता घट जाती है और उत्पादन कम होने से निर्धनता बनी रहती है।

vi). निम्न व्यवस्था:-

भारत में लोगों की अधिकता एवं चिकित्सा तथा स्वास्थ्य की सुविधाओं के अभाव के कारण लोगों के स्वास्थ्य का स्तर बहुत निम्न है। इस प्रकार निम्न स्वास्थ्य स्तर भी गरीबी के लिए उत्तरदायी है।

**SET-IX**
**SOCIOLOGY**
**A- Soc (opt)**

समयः 3 घंटा 15 मिनट । पूर्णांक-100

**(Time 3 Hours 15 Minutes)** **( Marks 100)**

परीक्षार्थी के लिए निदेंश-

**Instructions to the candidate-**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

**Candidate are requested to give their answers in their own words as for as possible.**

2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

**Figures in the right hand margin indicate full marks.**

3. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

**Write groups number and questions number with every answers.**

4. सामान्य निर्देश्य-

इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड 'अ', 'ब' और 'श' हैं। सभी खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य है।

खण्ड अः खण्ड-अ के सभी 40 प्रश्नों के उत्तर दें।

खण्ड बः खण्ड-ब में दिये गये सभी 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन अंक है।

खण्ड सः खण्ड-स में दिये गये सभी 5 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए छः अंक है।

**4. General Instruction-**

**The paper consists of three group i.e. A, B and C. All questions of all group compulsory.**

**Group A : All the 40 question are to be answered in group A. Each question carries 1 mark.**

**Group B : Answer all the 10 questions in group B. Each question carries 3 marks.**

**Group C : Answer all the five question in group C. Each question carries 6 marks.**

## खण्ड-अ
## ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )
## Group- A
## (Objective Type Questions)

**सभी विकल्प का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए।**

**Answer each question by selecting the correct choice.**

1. चिपको आन्दोलन संबंधित है ?

(क) वृक्षों की रक्षा से (ख) जल की रक्षा से

(ग) पशुओं की रक्षा से (घ) खनिजों की रक्षा से

Chipko Movement is related with

(a) Protection of trees (b) Protection of water

(c) Protection of animals (d) Protection of minerals

2. पंचायती राज में कितने स्तर है ?

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पांच

How many stages are there in Panchayati Raj ?

(a) Two (b) Three

(c) Four (d) Five

3. ''जाति एक अगतिशील वर्ग है।'' यह परिभाषा किसकी है?

(क) मैकाइवर (ख) रिजले

(ग) हट्टन (घ) कुले

Who is define "Caste is a immobile class" ?

(a) Maciver (b) Rizley

(c) Hutton (d) C.H. Cooley

4. चम्पारण में 'नील आंदोलन' कब आरम्भ हुआ ?

(क) 1917 ई० (ख) 1918 ई०

(ग) 1919 ई० (घ) इनमें से कोई नहीं

When "Nil Movement" start in Champaran?

(a) 1917 (b) 1918

(c) 1919 (d) None of these

5. आर्य समाज की स्थापना कब हुई ?

(क) 1875 ई० (ख) 1879 ई०

(ग) 1882 ई० (घ) 1884 ई०

When Arya Smaj was established ?

(a) 1875 (b) 1879

(c) 1882 (d) 1884

6. पश्चिमीकरण की अवधारणा किसने दी ?

(क) योगेन्द्र सिंह (ख) एस.सी.दूबे

(ग) एम.एन श्री निवास (घ) योगेश पटेल

Who has given the concept of westernisazation ?

(a) Yodendra Sing (b) S.C. Dubey

(c) Srinivas (d) Yogesh Patel

7. नई राष्ट्ीय जनसंख्या नीति कब घोषित की गयी ?

(क) 1999 (ख) 2000

(ग) 2001 (घ) 2002

When New Population Policy was announced ?

(a) 1999 (b) 2000

(c) 2001 (d) 2002

8. किन्हें समाजशास्त्र का जनक कहा जाता है ?

(क) ऑगस्ट कॉम्ट (ख) स्पेंसर

(ग) मार्क्स (घ) मैक्स वेबर

Who is called the father of Sociology ?

(a) August Compte (b) Spencer

(c) Marx (d) Max weber

9. 'दि फेमिली' नामक पुस्तक किसने लिखी ?

(क) बर्गेस एवं लॉक (ख) इलियट एवं मेटिल

(ग) ऑगबर्न एवं निमकॉफ (घ) मार्टिन नूमेचर

Who has written "The family" ?

(a) Berges & Lock (b) Iliot and Metil

(c) Agborn and Nimcoff (d) Martin and Numecher

10. भारत में पंचवर्षीय योजना कब आरंभ की गई ?

(क) 1950 (ख) 1951

(ग) 1952 (घ) 1954

Five years plan started in India ?

(a) 1950 (b) 1951

(c) 1952 (d) 1954

11. इनमें से कौन समुदाय का उदाहरण है ?

(क) विघालय (ख) गा¡व

(ग) धर्म (घ) जाति

Which is the example of Community ?

(a) School (b) Village

(c) Religion (d) Caste

12. अस्पृश्यता का संबंध किससे है ?

(क) वर्ग व्यवस्था (ख) संपदा

(ग) जाति प्रथा (घ) दास प्रथा

Untouchability is related with ?

(a) Class system (b) Property

(c) Caste system (d) Slavery System

13. 'कास्ट एण्ड रेस इन इण्डिया' पुस्तक के लेखक कौन है ?

(क) हट्टन (ख) माइकल

(ग) कुले (घ) धूरिये

Who is author of the book "Caste and Race in India" ?

(a) Hutton (b) Michael

(c) Chooley (d) Ghuriay

14. साप्ताहिक बाजार कौन है ?

(क) जो सप्ताह में दो बार लगता है (ख) सप्ताह में एक बार लगता है

(ग) प्रतिदिन लगता है (घ) सप्ताह में तीन बार लगता है

Which one is weekly market ?

(a) Held two times in a week (b) Held one time in a week

(c) Held one time in a week (d) Held three times is a week

15. Family Kinship and Marriage in India नामक पुस्तक के लेखक कौन है?

(क) कर्वे (ख) कपाडिया

(ग) देसाई (घ) पेटिªशिया ओबराय

Who is the author of "Family Kinship and Marriage in India" ?

(a) Curvey (b) Kaparia

(c) Desai (d) Peterisia Oberai

16. सामाजिक परिवर्तन में भूमिका निभाते है-

(क) टी०वी० (ख) समाचारपत्र

(ग) रेडिया (घ) सभी

Which playing role in social change-

(a) T.V. (b) Newspaper

(c) Radio (d) All of these

17. वर्तमान समय में जनजातियों की प्रमुख समस्या क्या है ?

(क) निर्धनता (ख) बाल मजदूरी

(ग) आवास (घ) पर संस्कृति ग्रहण

Today the main problems of Tribals ?

(a) Poverty (b) Child labour

(c) House (d) De-Sanskritization

18. भारतीय अर्थव्यवस्था का मॉडल किस प्रकार का है ?

(क) पूंजीवादी (ख) मिश्रित अर्थव्यवस्था

(ग) समाजवादी (घ) साम्यवादी

Which type of model of Indian Economy ?

(a) Capitalistics (b) Mix Economy

(c) Sociolish (d) Communist

19. 'सोशियोलॉजी एण्ड फिलॉसफी' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(क) डरखाइम (ख) मेकाइवर

(ग) फ्रायड (घ) कुले

Who is the author of sociology and Philosophy ?

(a) Durkheim (b) MacIver

(c) Fried (d) Colley

20. सबसे छोटे परिवार को क्या कहते है ?

(क) मूल परिवार (ख) पितृ सत्तात्मक परिवार

(ग) मातृ सत्तात्मक परिवार (घ) संयुक्त परिवार

The smallest type of family is known as ?

(a) Nuclear family (b) Paternity family

(c) Matrernity family (d) Joint family

21. सामाजिक स्तरीकरण के प्रकारों में कौन सा इसका प्रकार नहीं है ?

(क) दास प्रथा (ख) जाति व्यवस्था

(ग) समुदाय (घ) वर्ग

Which one is not type of social stratisfication ?

(a) Slavery sysytem (b) Caste system

(c) Community (d) Class

22. भू-दान आंदोलन की शुरूआत किनके द्वारा की गई थी ?

(क) लोकमान्य तिलक (ख) विनोबा भावे

(ग) महात्मा गा¡धी (घ) राजेन्द्र प्रसाद

Who started Bhudaan Andolan ?

(a) Lokmanya Tilak (b) Binoba Bhave

(c) Mahatma Gandhi (d) Rajendra Prasad

23. कृषि के लिए कौन परिवार अनुकूल है ?

(क) एकल परिवार (ख) संयुक्त परिवार

(ग) मिश्रित परिवार (घ) उपर्युक्त सभी

Which type of family is favourable for agriculture ?

(a) Nuclear family (b) Joint family

(c) Mix family (d) All of these

24. डेमोग्राफी शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम सबसे पहले किस विद्वान द्वारा किया गया ?

(क) गुईलार्ड (ख) सोरोकिन

(ग) लेविस (घ) वार्कले

The word Demography is used by whom ?

(a) Guilard (b) Sorokin

(c) Lewis (d) Warkle

25. भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या का प्रमुख कारण है ?

(क) अशिक्षा (ख) गरीबी

(ग) नगरीकरण (घ) एकल परिवार

What is the main causes of increasing population in India ?

(a) Illiteracy (b) Poverty

(c) Urbanisation (d) Nucleare family

26. शारदा एक्ट कब पास हुआ ?

(क) 1829 ई० (ख) 1929 ई०

(ग) 1954 ई० (घ) 1955 ई०

When Sharda Act. Was Passed ?

(a) 1829 (b) 1929

(c) 1954 (d) 1955

27. भारतीय समाज की सबसे प्रमुख विशेषता है ?

(क) अनेकता में एकता (ख) वर्ण व्यवस्था

(ग) जजमानी व्यवस्था (घ) उपर्युक्त सभी

What is the main charactrisrtic of Indian Society ?

(a) Strength in Diversity (b) Varna System

(c) Jajmani system (d) All of these

28. पूर्वाग्रह की प्रक्रिया किस प्रकार की होती है ?

(क) सकारात्मक (ख) समान्य

(ग) औपचारिक (घ) नकारात्मक

Which type of process prejuidice ?

(a) Positive (b) Normal

(c) Formal (d) Negative

29. जाति व्यवस्था का कौन सा दोष है ?

(क) अस्पृश्यता (ख) सामाजिक शोषण

(ग) गतिशीलता में वृf¼ (घ) इनमें से कोई नहीं

The main demerits of Caste Systems ?

(a) Untouchability (b) Social Exploitation

(c) Increasing mobility (d) None of these

30. किस संकट के कारण कृषि उत्पादन में कमी होता है ?

(क) औद्योगिकीकरण (ख) नगरीकरण

(ग) प्राकृतिक आपदा (घ) इनमें से सभी

Which problem decreases production in agriculture ?

(a) Industrilization (b) Urbanization

(c) Natural disaster (d) All of these

31. जनजातिय विवाह का स्वरूप क्या होता है ?

(क) अन्तर्विवाही (ख) बहुविवाह

(ग) स्वप्रवर अन्तर्विवाही (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Main forms of Tribal Marriage ?

(a) Intercaste marriage (b) Pologamy

(c) Sawaprawar Intercaste marriage (d) None of these

32. किस उद्योग के आरंभ होने को औद्योगिक क्रांति की उत्पति मानी जाती है ?

(क) स्टील उद्योग (ख) बुनाई उद्योग

(ग) चमड़ा उद्योग (घ) तेल उद्योग

Up coming of which industry started Industreal revolution ?

(a) Steel Industry (b) Cotton Industry

(c) Leather Industry (d) Oil Industry

33. अनुसूचित जनजाति को पहले किस नाम से पुकारा जाता था ?

(क) आदिवासी (ख) जंगली जाती

(ग) वन जाति (घ) उपर्युक्त सभी

Earlier scheduled Tribe were called by which of the following ?

(a) Tribal (b) Wild caste

(c) Jungli caste (d) All of these

34. एम. एन. श्रीनिवास ने अपनी पुस्तक 'Social change in Modern India' में कौन-सा मत प्रस्तुत किया है ?

(क) जाति पूर्णतः बन्द व्यवस्था है (ख) जाति पूर्णतः खुली व्यवस्था है

(ग) जाति में गतिशीलता का अवसर नीहित है (घ) जाति वेग की तरह होती है

M.N. Srinivas book 'Social Change in Modern India' describe about which of the following ideas ?

(a) Caste is a close system (b) Caste is a open system

(c) Limit chance of mobility (d) More chance of mobility

35. मंडल आयोग के अध्यक्ष कौन थे ?

(क) बी. पी. मंडल (ख) बिन्देश्वरी दूबे

(ग) मंगनीलाल मंडल (घ) इनमें से कोई नहीं

Who is the Presidend of Mandal Commision ?

(a) B.P. Mandal (b) Bindeswari Dubey

(c) Manganilal Mandal (d) None of these

36. भारतीय जाति व्यवस्था की विशेषताए¡ हैं-

(क) अन्तर्विवाही (ख) निश्चित व्यवसाय

(ग) परिर्वतनशील प्रकृति (घ) क और ख दोनों

What is the charactristics of Indian caste system-

(a) Intercaste marriage (b) Fixed occupation

(c) Changing nature (d) A and B both

37. प्रजातंत्र की विशेषता है-

(क) कानून की दृष्टि में समानता (ख) सार्वभौमिक मताधिकार

(ग) प्रेस की स्वतंत्रता (घ) उपुर्यक्त सभी

What is the characteristics of demography -

(a) All equal before law (b) Vote for all

(c) Freedom of Press (d) All of the above

38. 'होमरूल' के संस्थापक कौन है ?

(क) लाला लाजपत राय (ख) बाल गंगाधर तिलक

(ग) महात्मा गा¡धी (घ) इनमें से कोई नहीं

Who is the founder of Homerule ?

(a) Lala Lajpat Rai (b) Bal Gangadhar Tilak

(c) Mahatma Gandhi (d) None of these

39. जाति (Caste) का मूल शब्द 'कास्टा' किस भाषा का है ?

(क) लैटिन (ख) फ्रेंच

(ग) रोमन (घ) पूर्तगाली

The word of 'Casta' of caste from which language ?

(a) Latin (b) French

(c) Roman (d) Purtgali

40. निम्नलिखित में से कौन-सी सामाजिक समस्या है ?

(क) प्रेम विवाह (ख) नगरीकरण

(ग) भिक्षावृति (घ) आधुनिकीकरण

Which one is Social problem ?

(a) Love marriage (b) Urbanization

(c) Begging (d) Modernization

**खण्ड–ब**

**Group- B**

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

**Short answer type questions**

**प्रश्न संख्या 1 से 10 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 1 to 10 are short answer typequestion. Each question carries 3 marks.**

1. अन्तः विवाह किसे कहते है ?

   What is Endogamy ?

2. उपनिवेशवाद क्या है ? आप इससे क्या समझते हैं ?

   What is Colonialism ? What do you mean by it ?

3. सामाजिक बहिष्कार का उल्लेख करें।

   Discuss the social discrimination.

4. नगरीय एवं ग्रामीण समुदाय से आप क्या समझते है ?

   What do you mean by Urban & Rural Society ?

5. अल्पसंख्यक से आप क्या समझते है ?

   What do you mean by minority ?

6. जनसंचार साधन से क्या अर्थ है ?

   What is the meaning of means of media ?

7. भारत में संविधान का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

   What are the main aims of constitution in India ?

8. परिहास से आप क्या समक्षते है ?

   What do you mean by joking relations ?

9. पंचायती राज को एक त्रिस्तरीय व्यवस्था क्यों कहा जाता है ?

   Why Panchayati Raj is called Tri Level System ?

10. लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का क्या अर्थ है ?

    What is the meaning of Democratic Decentralisation ?

खण्ड-स

**Group- C**

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

**Long answer type questions**

**प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 06 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 11 to 15 are long answer type questions. Each questions carries 06 marks.**

11. चिपको आन्दोलन के कारण एवं परिणामों की चर्चा करें ?

    Describe the causes and effects of Chipko Andolan ?

12. क्षेत्रवाद किस प्रकार राष्ट्रीय एकता में बाधक है ?

    How Regionalism Obstacles in National Unity ?

13. आधुनिक भारत में स्त्रियों की स्थिति की विवेचना करें ?

    Explain the status of women in Modern India ?

14. उपनिवेशवाद क्या है? भारत में औपनिवेशिक शासन के कारणों की विवचेना कीजिए ।

    What is Colonialism? Explain the causes of Colonial rule in India.

15. संयुक्त परिवार को परिभाषित करें। क्या भारत में संयुक्त परिवार विघटित हो रहे हैं ?

    Define the joint family. Are joint families breaking down in India? Justify .

**खण्ड-अ**

**( उत्तरमाला )**

**Group- A**

**Answer Sheet**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1)-क | (2)-ख | (3)-क | (4)-क | (5)-क | (6)-ग |
| (7)-ख | (8)-क | (9)-क | (10)-ग | (11)-ख | (12)-ग |
| (13)-घ | (14)-ख | (15)-घ | (16)-घ | (17)-घ | (18)-ख |
| (19)-क | (20)-क | (21)-ग | (22)-ख | (23)-ख | (24)-क |
| (25)-क | (26)-ख | (27)-क | (28)-घ | (29)-क | (30)-ग |
| (31)-क | (32)-क | (33)-घ | (34)-ग | (35)-क | (36)-ख |
| (37)-घ | (38)-ख | (39)-घ | (40)-ग | | |

## खण्ड-ब

### ( उत्तरमाला )

**उत्तर 1.:-** अन्त: विवाह उस व्यवस्था को कहा जाता है जिसमें किसी व्यक्ति को अपने वैवाहिक सम्बंध किसी निश्चित समूह के अन्दर ही स्थापित करने होते है। भारत में जाति-व्यवस्था के कड़े नियमों के कारण एक व्यक्ति को अपनी जाति के अन्दर ही विवाह-सम्बन्ध स्थापित करने का नियम काफी समय से चला आ रहा है। भारत में जातिया¡ , उपजातिया¡ तथा बहुत सी जन-जातिया¡ अन्त: विवाह समूह है। दूसरे शब्दों में हम यह कह सकते हैं कि अन्त: विवाह वह नियम है जिसके अनुसार व्यक्ति को अपनी जाति, क्षेत्र तथा सामाजिक स्थिति के सदस्य के साथ ही विवाह करने की अनुमति दी जाती है। इससे स्पष्ट होता है कि व्यावहारिक रूप से अन्त: विवाह के नियम का सम्बन्ध तीन प्रकार के अन्त: विवाह से है- (1) जाति अन्त: विवाह (2) क्षेत्र अन्त: विवाह (3) वर्ग अन्त: विवाह

**उत्तर 2.:-** साधारण शब्दों में उपनिवेशवाद एक ऐसी दशा है जिसमें एक क्षेत्र या राज्य का शासन किसी विदेशी सरकार द्वारा अपने स्वार्थों को पूरा करने के लिए किया जाता है। ऐसे शासन का उद्देश्य भेदभाव की नितियों के द्वारा उस क्षेत्र या राज्य के मूल निवासियों का आर्थिक और सामाजिक शोषण करके उन्हें कमजोर बनाना और सरकार द्वारा शक्ति के प्रयोग से अपनी ताकत को निरन्तर बढ़ाना होता है। उपनिवेशवाद लूट-खसोट की व्यवस्था है जिसमें आम जनता के हितों की कोई परवाह नहीं की जाती है। उपनिवेशवाद के संबंध में अनेक विद्वानों ने अपने भी विचार व्यक्त किये है। उनके विचारों से हमें यह पता चलता है कि उपनिवेशवाद का संबंध किसी राज्य पर विदेशी सत्ता का अधिकार होना है, साथ ही वहा¡ के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में भी अपनी संस्कृति के अनुसार परिवर्तन लाने की कोशिश की जाती है।

**उत्तर 3.:-** सामाजिक बहिष्कार वह तौर तरीके हैं जिनके जरिए किसी व्यक्ति या समूह को समाज मे पूरी तरह घुलने-मिलने से रोका जाता है तथा अलग या पृथक रखा जाता है। यह उन सभी कारकों पर ध्यान दिलाता है जो व्यक्ति या समूह को उन अवसरों से वंचित करते हैं, जो अधिकांशत: जनसंख्या के लिए खुले होते हैं। व्यक्ति को भरपूर तथा क्रियाशील जीवन व्यतीत करने के लिए मूलभूत आवश्यकताओं के अतिरिक्त अन्य आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात के साधन, बीमा, सामाजिक सुरक्षा, बैंक, पुलिस एवं न्यायपालिका की भी जरूरत होती है। सामाजिक संरचनात्मक विशेषताओं का परिणाम है। बहिष्कार बहिष्कृत लोगों की इच्छाओं के विरू¼ कार्यान्वित होता है। सामाजिक भेदभाव को कभी-कभी इस गलत तर्क से न्यायसंगत ठहराया जाता है कि बहिष्कृत समूह स्वयं ही

निम्नलिखित होने का इच्छुक नहीं है। बहिष्कृत व्यक्ति स्वयं को मुख्य धारा में शामिल होने के प्रयास को प्राय: बन्द कर देते हैं।

**उत्तर 4.:- नगरीय समुदाय-**

नगरीय समुदाय ऐसे लोगों का समूह होता है जो अपने जीवन की सामान्य आवश्यकताओं की पूर्ति के के लिए किसी ऐसे क्षेत्र में रहते है जहा¡ सुव्यवस्थित व्यापारिक केंद्र, कारखानों, आवागमन के विकसित साधन संचार के साधन, जीवन की सुविधाए¡ जैसे बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा आदि प्रशासनिक संस्थाए¡ , पवक तथा व्यवस्थित रूप में बने निवास हो और जिसका जनसंख्या घनत्व काफी हो।

**ग्रामीण-समुदाय-**

गा¡व को ग्रामीण समुदाय कहा जाता है। लोगों के ऐसे समूह को जिनका मुख्य व्यवसाय कृषि या इससे सम्बन्धित कोई काम होता है, जो संयुक्त परिवार प्रणाली का अनुसरण करते हुए सादा जीवन व्यतीत करते हों और जिनका प्रकृति से सीधा सम्पर्क हो तथा जीवन की आधुनिक सुविधाओं का अभाव हो, ग्रामीण समुदाय कहा जाता है।

**उत्तर 5.:-** भारत के संविधान में अल्पसंख्यक शब्द का कोई निश्चित अर्थ नहीं दिया गया है। व्यवहारिक रूप से जो समुदाय हिंदू धर्म से भिन्न धर्मों को मानने वाले हैं, उन्हीं का अल्पसंख्यक समुदाय कहा जाता है। पारिभाषिक रूप से अल्पसंख्यक समूह वह होता है जिसकी देश के आर्थिक विकास और राजनीतिक जीवन में भागीदारी बहुत कम होती है तथा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बहुसंख्यक समुदाय के अधीन होता है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक तथा समताकारी व्यवस्था वाला देश है जिसमें पारिभाषिक आधार पर किसी भी समुदाय को बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक कह सकना कठिन है।

**उत्तर 6.:-** जनसंचार साधनों के माध्यम से लोगों के लिए सूचनाए¡ प्रसारित की जाती है। जन संचार सूचनाए¡ पहु¡चाने का साधन है। संदेश और सूचना को भेजने वालों से श्रोताओं तक हस्तान्तरण की प्रक्रिया जनसंचार के अन्तर्गत आती है। यह हस्तान्तरण जनसंचार की तकनीकी जैसे- समाचार पत्रों, पत्र-पत्रिकाओं, रडियों, टेलिविजन, कार्यक्रमों, कम्पयूटर के द्वारा होता है।

**उत्तर 7.:-** भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। भारत में संविधान का मुख्य उद्देश्य है धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाये रखने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकारों को स्पष्ट करना। साथ ही ऐसे प्रावधान करना जिनके द्वारा नागरिकों की स्वतंत्रता और समानता के अधिकार सुरक्षित रह सकें। संविधान में समाज में दुर्बल वर्गों को समानता और न्याय का अधिकार प्राप्त हो सके।

**उत्तर 8.** :-शाब्दिक रूप से परिहास का अर्थ है ह¡सी मजाक। नातेदारी व्यवस्था में कुछ संबंधी ऐसे होते है जिनके बीच समाज द्वारा घनिष्ठता और ह¡सी-मजाक के सम्बन्धों को मान्यता दी जाती है। उदाहरण के लिए जीजा-साली, देवर-भाभी, नन्द-भाभी, मामा-मा¡जा एवं चाचा-भतीजा आदि अनेक सम्बन्ध ऐसे हैं जिनमें होने वाली ह¡सी-मजाक को बुरा नहीं माना जाता। इस तरह के सम्बन्ध दो विशेष नातेदारी के बीच अनौपचारिक और घनिष्ठ सम्बन्धों की स्वतंत्रता देते हैं। रेडक्लिफ ब्राउन ने लिखा है कि परिहास सम्बन्धों दो पक्षों के बीच मित्रता बढ़ाने का काम करते हैं। किसी समुदाय के परिहास सम्बन्धों के अन्तर्गत जितने अधिक व्यक्ति आते हैं, उस समाज में स्नेह और मधुरता का वातावरण उतना ही अधिक देखने को मिलता है।

**उत्तर 9.** :-भारत में संविधान संशोधन अधिनियम 1992 के आधार पर पंचायतों का संगठन ग्राम स्तर, खण्ड या क्षेत्र स्तर तथा जिला स्तर पर किया जाता है। ग्राम पंचायत का गठन ग्राम के आधार पर किया जाता है। इस क्षेत्र में आने वाले सभी व्यस्क लोग ग्राम सभा के सदस्य होते हैं। ग्राम पंचायत के प्रधान को मुखिया कहा जाता है। क्षेत्र पंचायत या पंचायत समिति पंचायती राज व्यवस्था की दूसरी ईकाई हैं। प्रखण्ड में आने वाले सभी व्यवस्क इसके सदस्यों का चुनाव करते हैं। इसके प्रधान को प्रमुख कहा जाता है। जिला पंचायत या जिला परिषद्, पंचायती राज व्यवस्था की वह इकाई है जिसका गठन पूरे जिला में संबंधित ग्रामीण विकास के लिए किया जाता है। इसलिए पंचायती राज व्यवस्था को एक त्रि-स्तरीय व्यवस्था कहा जाता है।

**उत्तर 10.** :-विकेन्द्रीकरण का अर्थ संस्थाओं और संगठनों में निर्णय लेने के अधिकार में निचले वर्गों की सहभागिता से है। इसे लोकतांत्रिक इसलिए कहा जाता है कि इस प्रकार की सहभागिता लोकतंत्र और लोकतंत्रात्मकता के मूल सि¼ांतों पर आधारित है। विकेन्द्रीकरण के राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप हो सकते हैं। भारत जैसे देश में जहा¡ धार्मिक, भाषाई, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से विविधता पाई जाती है के कारण योजना तथा प्रशासन के लिए विकेंद्रीकरण की अत्यधिक आवश्यकता है। यह समाज के कमजोर और वंचित सामाजिक वर्गों को शक्ति सम्पन्न बनाता है। स्वतंत्रता के बाद लोकतंत्र के उद्देश्यों की प्राप्ति और विकास के लिए विकेंद्रीकरण बहुत ही आवश्यक हो गया है।

## खण्ड-स

### ( उत्तरमाला )

**उत्तरः**-11 चिपको आन्दोलन की शुरुआत उत्तराखंड के दो तीन गांवों से हुई थी। 'खेजरली' गांव में पर्यावरण आन्दोलन आरम्भ हुआ। खेजरली गांव 'खेजरी' नाम के पेड़ों के लिए प्रसि¼ था। स्थानीय लोग इन पेड़ों की पूजा करते थे लेकिन जब बाहरी लोग इन पेड़ों के अपने विकास के कार्य के लिए काटने को तैयार हुए तो गांव की एक महिला आमृता ने चेताविनी दी की, पेट को काटने के पहले लकड़हारों को उन्हें काटना होगा वे पेड़ों से चिपक गयी। इस तरह यहां से आंदोलन की शुरुआत हुई। इस आंदोलन के कई कारण थे।

1) लकड़ी व्यापारियों ने सरकार से पेड़ काटने के अधिकार प्राप्त कर यहां के अर्निधारित वृक्षों को भी काटना आरंभ कर दिया। वृक्षों को भी काटना आरंभ कर दिया जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ गया।

2) महिलाओं की समस्या में भी वृ¼ हुई उन्हें जलावन के लिए कई मील दूर जाना पड़ता था।

3) पेड़ की कटाई बाहर से आए मजदूर करते थे जिससे रोजी-रोटी की समस्या उत्पादन हुई। रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हुई। रोजी रोटी की समस्या में इन्हें बाहर जाने को बाध्य होना पड़ा।

4) बाहर से आए ठेकेदारों ने यहां की स्थानीय जनता को शराब की आदत दिला दी। इन लोगों का घर का बनाया शराब उतना नशीला नहीं होता था। इससे महिलाओं ने शराबखोरी के लत के खिलाफ भी आवाज उठायी।

प्रभाव- चिपको आंदोलन को सफलता के लिए हिमालयी क्षेत्रों में पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी ताकि इस अवधि में क्षेत्र का वनाच्छादन फिर से ठीक अवस्था में आ जाए। यह आंदोलन स्तर के दशक और उसके बाद के सालों में देश के विभिन्न भागों में उठे अनेक जन आंदोलन का प्रतीक बन गया।

**उत्तरः**-12 व्यावहारिक दृष्टिकोण से क्षेत्रवाद का तात्पर्य आज एक, भौगोलिक क्षेत्र के निवासियों की उस संकीर्ण मनोवृत्ति से है जिसके अन्तर्गत एक क्षेत्र विशेष को केवल अपना और अपने लिए ही मानकर अपने स्वार्थपूर्ण उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सामाजिक आर्थिक तथा राजनीतिक अलगाववाद को प्रोत्साहित देते हैं। क्षेत्रवाद का यही स्वरूप आज हमारी एक प्रमुख समस्या है जिसने 'बंगाल बंगालियों के लिए' आसाम आसामियों

के लिए दक्षिण भारत दक्षिण भारतीयों के लिए जैसे नारों में वृ¼ करके राष्ट्ªीयता के विकास में बाधा उत्पन्न की है।

क्षेत्रवाद में सभी भाषा के आधार पर तो कभी आर्थिक पिछड़ेपन को आधार बनाकर एक क्षेत्र विशेष के निवासी उग्र प्रदर्शनों के आधार पर केन्द्र सरकार पर अधिक सुविधाएं पाने के लिए दबाव डालते हैं और सुविधाएं प्राप्त न होने पर विभाजनकी मांग करते हैं। वर्तमान समय में दूषित, नेतृत्व आर्थिक स्वार्थ भाषायी भिन्नताएं, मनोवैज्ञानिक कारक तथा ऐतिहासिक कारक भी क्षेत्रवाद को बढ़ावा देते हैं जो कि राष्ट्ªीय एकता में बंधक है। क्षेत्रवाद के कारण देश में प्रत्येक क्षेत्र के निवासी अधिकाधिक अधिकारों और सुविधाओं की मांग को लेकर एक - दूसरे के विरोधी बन जाते हैं। धीरे-धीरे क्षेत्रवाद की भावना के कारण केन्द्र सरकार में लोगों की निष्ठा कम होने लगती है। इससे केन्द्र और राज्य सरकारों के सम्बन्ध बिगड़ने लगते हैं। व्यवस्था और प्रशासनतब समस्या का रूप ले लेती है। ये सभी वे परिस्थितियां हैं जो राष्ट्ªीय एकता को चुनौतीदेकर देश की सम्पूर्ण प्रगति को अवरु¼कर देती है।

**उत्तरः**-13 भारतीय समाज में स्त्रियों की स्थिति का धार्मिक, राजनीतिक तथा सामाजिक व्यवस्था से प्रत्यक्ष सम्बन्ध रहा है। वैदिक काल से लेकर आज तक जैसे जैसे इन व्यवस्थाओं में परिवर्तन होता रहा, स्त्रियों की स्थिति भी उसी के अनुसार बदलती रही।

ब्रिटिश शासन काल में ही समाज सुधार आंदोलन शुरु हो गये थे जिनका प्रभाव स्त्रियों की स्थिति पर पड़ा परन्तु स्वतंत्रता के बाद स्त्रियों में, क्रांतिकारी परिवर्तन आया। आधुनिक भारत में स्त्रियों की स्थिति को निम्नलिखित रूप में देखा जा सकता है।

1) पारिवारिक स्थिति- आधुनिक भारत में स्त्रियों का पारिवारिक क्षेत्र में बहुत से अधिकार प्राप्त हो गये हैं। बाल विवाह प्रतिबंध हटा दिया गया। विधवा और अंतर्जातीय विवाह को मान्यता मिल गई है। परिवार के प्रेत्यक, कार्य तथा निर्णय में उनके विचारों व इच्छाओं को महत्व दिया जाता है।

2) आर्थिक स्थिति- पहले स्त्रियों को सम्पत्ति पर कोई अधिकार नहीं था, लेकिन 1956 में हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम पारित हुआ जिसके अनुसार, स्त्रियों को भी अपनी पुश्तैनी सम्पत्ति में अधिकार मिलते हैं। अब स्त्रियों का आर्थिक कार्य करना बुरा नहीं अथवा अनैतिक नहीं समझा जाता।

3) शैक्षणिक स्थिति- ब्रिटिश शासनकाल से ही स्त्री शिक्षा की शुरुआत हो गई। स्वतंत्रता के बाद इसमें काफी प्रसार हुआ। आज विभिन्न शैक्षणिक केंद्रों एवं संस्थाओं में स्त्रियों के लिए सीटों का आसरक्ष भी है।

4) राजनैतिक स्थिति- स्वतंत्रता के बाद, स्त्रियां, राजनैतिक क्षेत्र में सक्रिय भाग लेने लगी हैं। आज ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद में स्त्रियों के लिए पद आरक्षित कर दिये गये हैं। स्त्रियों को मतदान में समान अधिकार दिया गया है। स्त्रियों में बढ़ती हुई राजनैतिक चेतना उन्हें अधिकारों के प्रति सजग तथा जागरूक बना रही है।

5) वर्तमान भारतीय समाज में स्त्रियां अपने सामाजिक अधिकारों के प्रति कहीं अधिक जागरूक हो गयी है। स्त्रियों की सामाजिक जागरूकता के फलस्वरूप ही रुढ़िवादी धर्म तथा व्यर्थ के कार्यकाण्डों का, प्रभाव कम होता जा रहा है। स्वयं स्त्रियों के बीच भी उन स्त्रियों को अधिक सम्मान दिया जाता है जो प्रगतिशील विचारों की हो।

**उत्तरः**-14 उपनिवेशवाद एक ऐसी दशा है जिसमें एक क्षेत्र या राज्य का शासनकिसी विदेशी सरकार द्वारा अपने स्वार्थों को पूरा करने के लिए किया जाता है। ऐसे शासन का उद्देश्य भेद-भाव की नीतियों के द्वारा उस क्षेत्र या राज्य के मूल निवासियों का आर्थिक और सामाजिक शोषण करके उन्हें कमजोर बनाना और सरकार द्वारा शक्ति के प्रयोग से अपनी ताकत को निरन्तर बढ़ाना होता है। उप-निवेशवाद, लूट-खसोट की व्यवस्था है जिसमें आम, जनता के हितों की कोई, परवाह नहीं की जाती। दूसरे शब्दों उपनिवेशवाद वह दशा है, जिसमें एक साम्राज्यवादी देश अपने से दुर्बल देश पर अधिकार करके वहां अपनी शासन और कानून व्यवस्था स्थापित कर लेता है।

**भारत में औपनिवेशिक शासन के कारण**-

भारत पर इंग्लैण्ड का औपनिवेशिक शासन, अनेक कारणों का परिणाम था। इनमें कुछ कारण निम्नलिखित हैं-

1) भारत का क्षेत्रफल बहुत बड़ा होने के साथ ही अलग-अलग क्षेत्रों की संस्कृतियों में काफी भिन्नता थी। इसके फलस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों के बीच किसी तरह का सामंजस्य एवं सन्तुलन स्थापित नहीं हो सका।

2) अठारहवीं शताब्दी के मध्य से मुगल शासन कमजोर पड़ जाने के कारण भारत में राजनीतिक, अस्थिरता अपनी चरम सीमा पर पहुंच गई।

3) संचार एवं यातायात के साधनों के अभाव में राजनीतिक एकता एवं जागरूकता की कमी थी।

4) शिक्षा के अभाव में लोगों के बीच राष्ट्ªीय एकीकरण की जागरूकता का अभाव था। धार्मिक नीच की भावना प्रबल थी। धार्मिक अन्धविश्वासों में वृ¼ि होते रहने के कारण सामाजिक कुरीतियां अपनी चरम सीमा तक पहुंच चुकी थी। कोई सत्ता देश में उस समय ऐसी नहीं थी कि लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने और उनमें सामाजिक चेतना पैदा करने का काम कर पाती।

यही वे कारण हैं जिसके कारण भारत एक औपनिवेशिक राष्ट्र बन गया।

**उत्तरः**-15 भारतीय परिवार का अर्थ संयुक्त परिवार से है। जबसे भारतीय समाज है तभी से संयुक्त परिवार है। इसीलिए मैक्समूलर ने संयुक्त परिवार को आदि परम्परा कहा है। संयुक्त परिवार ऐसे व्यक्तियों का समूह है जो एक ही घर में रहकर एक ही रसोई का भोजन करते हैं और आपस में पारस्परिक अधिकारों एवं कर्तव्यों द्वारा एक-दूसरे से सम्ब¼ रहते हैं। भारत की पूरी सांस्कृतिक विरासत में संयुक्त परिवारों का विशेष महत्व रहा है।

इरावती कर्वे ने संयुक्त परिवार, की परिभाषा देते हुए लिखा है, ''संयुक्त परिवार ऐसे व्यक्तियों का समूह है जो एक ही घर में रहते हैं, एक रसोई में बना भोजन करते हैं जिनकी सम्पत्ति का रूप संयुक्त होता है, पूजा उपासना में मिल जुलकर हिस्सा लेते हैं।''

वर्तमान समय में औद्योगीकरण तथा नगरीकरण के वर्तमान युग में संयुक्त परिवारों की संरचना और कार्यों में तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। आज नगरीकरण के फलस्वरूप कमरों की संख्या कम होना, एवं छोटो होने के कारण परिवार की संख्या भी कम हो रही है। व्यक्तिवादिता मकें वृ¼ के फलस्वरूप प्राथमिक सम्बन्धों के स्थान पर द्वितीयक सम्बन्धों में वृ¼ हो रही है। आज संयुक्त परिवार के सदस्य परम्परागत व्यवसाय को छोड़कर सभी सदस्य अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार अलग-अलग व्यवसाय कर रहे हैं। आज के समय में संयुक्त परिवार को बहुत से कार्य सामाजिक सुरक्षा, सांस्कृतिक सीख, धार्मिक प्रशिक्षण मनोरंजन तथा आर्थिक सुविधाएं का महत्वपूर्ण कार्य दूसरे संगठनों और सीमितियों को हस्तान्तरित हो गये हैं। ऐसी स्थिति में अधिकांश व्यक्तियों द्वारा संयुक्त परिवारों को एक उपयोगी संस्था के रूप में नहीं देखा जाता। इसके फलस्वरूप संयुक्त परिवारों का विघटन हो जाना स्वाभाविक है।

**SET-X**

**SOCIOLOGY**

**A- Soc (opt)**

समयः 3 घंटा 15 मिनट । पूर्णांक-100

**(Time 3 Hours 15 Minutes)** **( Marks 100)**

परीक्षार्थी के लिए निदेंश-

**Instructions to the candidate-**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   **Candidate are requested to give their answers in their own words as for as possible.**

2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   **Figures in the right hand margin indicate full marks.**

3. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ खण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

   **Write groups number and questions number with every answers.**

4. सामान्य निर्देश्य-

इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड 'अ', 'ब' और 'श' हैं। सभी खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य है।

खण्ड अः खण्ड-अ के सभी 40 प्रश्नों के उत्तर दें।

खण्ड बः खण्ड-ब में दिये गये सभी 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन अंक है।

खण्ड सः खण्ड-स में दिये गये सभी 5 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए छः अंक है।

**4. General Instruction-**

**The paper consists of three group i.e. A, B and C. All questions of all group compulsory.**

**Group A : All the 40 question are to be answered in group A. Each question carries 1 mark.**

**Group B : Answer all the 10 questions in group B. Each question carries 3 marks.**

**Group C : Answer all the five question in group C. Each question carries 6 marks.**

## खण्ड-अ
## ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )
## Group- A
## (Objective Type Questions)

**सभी विकल्प का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए।**

**Answer each question by selecting the correct choice.**

1. छुआछूत को संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत प्रतिबंधित किया गया है ?

   (क) अनुच्छेद-23 (ख) अनुच्छेद-14

   (ग) अनुच्छेद-17 (घ) अनुच्छेद-25

   In which Article untouchability is prohibitted in our constitution ?

   (a) Article-23 (b) Article-14

   (c) Article-17 (d) Article-25

2. भारत के लोग मुख्य रूप से आश्रित है-

   (क) नौकरी पर (ख) कृषि पर

   (ग) व्यवसाय पर (घ) उद्योग पर

   Indian people mainly depend upon-

   (a) Service (b) Agriculture

   (c) Ocupation (d) Industry

3. निम्नलिखित में से कौन एक जाति हैं-

   (क) वैश्य (ख) राजपूत

   (ग) शूद्र (घ) उपर्युक्त

   Which one is a caste-

   (a) Vaisya (b) Rajput

   (c) Sudra (d) All of these

4. इनमें से कौन जनजातीय समाज की समस्या नहीं है ?

   (क) छुआछुत (ख) भूमिविलगाव

   (ग) वनरक्षण (घ) उपर्युक्त सभी

   Which one is not the problem of Tribal Society ?

   (a) Untouchebility (b) Land degradation

   (c) Deforestation (d) All of these.

5. भारतीय ग्रामीण समुदाय की विशेषता है-

(क) सामान्य निश्चित क्षेत्र (ख) सामुदायिक एकता

(ग) प्राथमिक सम्बन्धों की प्रधानता (घ) उपर्युक्त सभी

One characterstic of Indian Rural Communities-

(a) Equal Fixed Land (b) Communitical Unity

(c) Importance of Primary Relationship (d) All of these.

6. भूमि सुधार किस राज्य में सर्वाधिक सफल रहा ?

(क) उत्तर प्रदेश (ख) बिहार

(ग) पश्चिम बंगाल (घ) मध्य प्रदेश

Which of the following state had maximum success in land reformation ?

(a) Uttar Pradesh (b) Bihar

(c) Bengal (d) Madhya Pradesh

7. 'लुकिंग ग्लास सि¼ांत' समाजीकरण के अन्तर्गत किसने दिया।

(क) डरखाइम (ख) चार्ल्स कुले

(ग) आर.के. मर्टन (घ) सिगमंड फ्रॉयड

Who gave the 'looking glass self theory' of socialization.

(a) Emile Durkeim (b) Chrales Cooley

(c) R.K. Merton (d) Sigmund Fraid

8. पिछड़ा वर्ग कमीशन बी.पी. मंडल की अध्यक्षता में कब स्थापित किया गया-

(क) 1979 (ख) 1981

(ग) 1980 (घ) 1984

The backward class commission under the chairmanship of B.P. Mandal was set up by the Union Govt. in.

(a) 1979 AD (b) 1981 AD

(c) 1980 AD (d) 1884 Ad

9. कल्चर एण्ड सोसायटी नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(क) मैरिल एवं एल्डि^ज (ख) बॉटोमोर

(ग) मॉर्गन (घ) डेविस

Who is the author of Culture and Society ?

(a) Mrrril and Eldidge (b) Botomore

(c) Morgan (d) Devis

10. जाति ने हिंदू समाज को कितने भागों में बांटा है ?

(क) 1 (ख) 2

(ग) 4 (घ) कोई नहीं

In how many categories Hindu is devided by Caste ?

(a) 1 (b) 2

(c) 4 (d) None.

11. किस वर्ष को विकलांग वर्ष के रूप में घोषित किया है-

(क) 1982 ई. (ख) 1984 ई.

(ग) 1971 ई. (घ) 1981 ई.

Which year is declare as differently Disabled.

(a) 1982 (b) 1984

(c) 1971 (d) 1981

12. मनुस्मृतियों में हिंदू विवाह के कितने प्रकार मिलते हैं ?

(क) 12 (ख) 8

(ग) 4 (घ) 2

Accodring to Manu Smriti how many types of Hindu Marraige are there ?

(a) 12 (b) 8

(c) 4 (d) 2

13. ब्रह्म समाज की स्थापना कब हुई ?

(क) 1830 ई. (ख) 1828 ई.

(ग) 1838 ई. (घ) 1884 ई.

In which year Bramh Samaj was established ?

(a) 1830 (b) 1838

(c) 1838 (d) 1884

14. ''कास्ट एण्ड क्लास इन इंडिया'' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(क) जी.एस. घुर्ये (ख) कॉम्ट

(ग) स्पेंसर (घ) योगेन्द्र सिंह

Who is the author of the book "Caste and Class in India" ?

(a) G.S. Ghurie (b) Comte

(c) Spencer (d) Yogendra Singh

15. ''साामाजिक परिवर्तन से हमारा तात्पर्य सामाजिक सम्बन्धों में होने वाले परिवर्तन से है'' ?
किसने कहा-

(क) मेकाइवर एवं पेज (ख) रेडफील्ड

(ग) जॉनसन (घ) कॉम्ट

Who says social change means the change in social relationship ?

(a) Maciver & Page (b) Redfield

(c) Jonson (d) Compte

16. भारत छोड़ो आन्दोलन का प्रस्ताव कब पास किया गया-

(क) 1942 (ख) 1945

(ग) 1940 (घ) 1935

In which year Quit India Movement Passed-

(a) 1942 (b) 1945

(c) 1940 (d) 1935

17. निम्नलिखित में से कौन सा जनसंख्या वृ¼ का कारण नहीं है-

(क) अशिक्षा (ख) गरीबी

(ग) बाल विवाह (घ) शिक्षा

Which one is not a cause of growth in population-

(a) Illiteracy (b) Poverty

(c) Child marriage (d) Education

18. परिवार नियोजन कार्यक्रम कब शुरु हुआ-

(क) 1952 (ख) 1955

(ग) 1962 (घ) 1959

When was family planning started-

(a) 1952 (b) 1955

(c) 1962 (d) 1959

19. 'अखिल भारतीय महिला परिषद्' की स्थापना कब हुई ?

(क) 1927 (ख) 1929

(ग) 1935 (घ) 1942

When all India womens conference was established-

(a) 1927 (b) 1929

(c) 1935 (d) 1942

20. भारत के किस राज्य में पिछड़ी जाति आन्दोलन सर्वप्रथम प्रारम्भ हुआ ?

(क) बिहार (ख) पश्चिम बंगाल

(ग) आन्ध्र प्रदेश (घ) तमिलनाडू

In which state backward class movement started-

(a) Bihar (b) West Bengal

(c) Andhra Pradesh (d) Tamilnadu

21. मंडल कमीशन के अध्यक्ष कौन थे ?

(क) बी.पी. मंडल (ख) विन्देश्वरी दूबे

(ग) मंगनीलाल मंडल (घ) इनमें से कोई नहीं

Who was the Chairman of Mandal Commission ?

(a) B.P. Mandal (b) Bindeshwari Dubey

(c) Mangni Lal Mandal (d) None of these.

22. निम्न में से भारत के किस राज्य में ईसाइयों की संख्या सर्वाधिक है ?

(क) बिहार (ख) मध्य प्रदेश

(ग) केरल (घ) तमिलनाडु

In which state of India population of Christians is the most ?

(a) Bihar (b) Madhya Pradesh

(c) Kerela (d) Tamilnadu

23. 'नायर' नामक जाति किस राज्य में पाई जाती है ?

(क) केरल (ख) कनार्टक

(ग) तमिलनाडु (घ) आंध्र प्रदेश

In which state 'Nayar' named caste is found ?

(a) Keral (b) Karnataka

(c) Tamilnadu (d) Andhra Pradesh

24. भारत का सबसे बड़ा जनजाति समूह कौन हैं ?

(क) संथाल (ख) मुंडा

(ग) भील (घ) गोंड

Which of the following Tribes are most populated tribes of India ?

(a) Santhal (b) Munda

(c) Bhul (d) Gond

25. हिन्दू विवाह के उद्देश्य हैं ?

(क) व्यक्ति का विकास (ख) समाज के प्रति कर्त्तव्य का निर्वाह

(ग) परिवार के प्रति दायित्वों का निर्वाह (घ) उपर्युक्त सभी

What is the purpose of Hindu Marriage ?

(a) Development of Person (b) Social Duties

(c) Family Duties (d) All of these.

26. स्पेंसर की पुस्तक 'First Principles' में सर्वप्रथम किस शब्द का उपयोग किया गया ?

(क) संस्था (ख) समिति

(ग) प्राथमिक समूह (घ) जाति

Which word is used first time in the Spencor's book 'First Principles' ?

(a) Institution (b) Committee

(c) Prmary Group (d) Caste

27. टॉलयर के अनुसार परिवार का आदिम स्वरूप क्या था ?

(क) पितृवंशीय (ख) मातृसत्तात्मक

(ग) दोनों (a) और (b) (घ) इनमें से कोई नहीं

According to Tylor which one is the primary form of family ?

(a) Patriarchy (b) Matriaarchy

(c) Both (d) None.

28. भारत में निम्न में से किस राज्य में हिंदू लोग अल्पसंख्यक समुदाय हैं?

(क) केरल (ख) पंजाब

(ग) जम्मू व कश्मीर (घ) हरियाणा

In which state of India Hindu People are in Minority Section ?

(a) Keral (b) Punjab

(c) Jammu & Kashmir (d) Haryana

29. सर्वप्रथम औद्योगीकरण का विकास कहां हुआ ?

(क) अमेरिका (ख) इंग्लैण्ड में

(ग) फ्रांस में (घ) जापान में

Where does industrial revolution come first ?

(a) In America (b) In England

(c) In France (d) In Japan

30. निम्न में से किसे प्रजातंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है-

(क) जनसंचार (ख) संसद

(ग) न्यायपालिका (घ) मंत्रिपरिषद्

Which is known as fourth pillar of democracy.

(a) Mass Media (b) Parliament

(c) Judiciary (d) Council of Ministers

31. उपनिवेशवाद का संबंध है-

(क) पूंजीवाद (ख) समाजवाद से

(ग) साम्यवाद से (घ) साम्राज्यवाद से

Colonialism is related to-

(a) Capitalism (b) Socialism

(c) Communism (d) Imperialism

32. परसंस्कृति का सम्बन्ध है-

(क) स्वास्थ्य से (ख) अर्थव्यवस्था से

(ग) संस्कृति से (घ) कृषि से

Acculturation is related to-

(a) Health (b) Economy

(c) Culture (d) Agriculture

33. धर्मनिरपेक्षता का अर्थ क्या है ?

(क) विभिन्न धर्मों का सह अस्तित्व (ख) अन्य धर्मों के प्रति श्र¼ा

(ग) राज्य का अपना कोई धर्म न होना (घ) इनमें से सभी

What is thee meaning of secularism ?

(a) Coexistence of different religion (b) Respect for other religions

(c) The state not having its own religion (d) All of these

34. वर्ग व्यवस्था की निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता नहीं है ?

(क) वंश पर आधारित (ख) प्रतियोगिता

(ग) खुलापन (घ) निर्धारित पेशा

The class system not contains the features of ?

(a) Heredetary (b) Competition

(c) Openness (d) Fixed occupation

35. किस वर्ष को 'महिला सशक्तिकरण वर्ष' के रूप में घोषित किकया गया ?

(क) 2000 (ख) 2001

(ग) 2004 (घ) 2010

In which year is declared as 'Women empowerment year' ?

(a) 2000 (b) 2001

(c) 2004 (d) 2010

36. सीमान्त व्यक्ति की अवधारणा किसने दी ?

(क) राबर्ट पार्क (ख) ऑगबर्न एवं निमकॉफ

(ग) मार्गन (घ) जॉनसन

Who has given the concept of Marginal Man ?

(a) Robert Park (b) Ogburn and Nimcoff

(c) Morgan (d) Joinson.

37. अछूत जाति को किसने दलित जाति के नाम से सम्बोधित किया ?

(क) ज्योतिबा फूले (ख) महात्मा गांधी

(ग) मजूमदार (घ) जे. एच. हट्टन

Who has addressed the word depressed caste in the place of untouchable caste ?

(a) Jayotiba Phoole (b) Mahatma Gandhi

(c) Majumdar (d) J.H. Hulton

38. अनुच्छेद 365 सम्बन्धित है-

(क) लोकसभा एवं राज्य सभा में स्थान सुरक्षित

(ख) किसी जनजाति को अनुसूचित जनजाति घोषित करना

(ग) सार्वजनिक सेवाओं में अनुसूचित जनजातियों का विशेष स्थान

(घ) जनजातीय कल्याण के लिए अलग मंत्रालय

Article 365 is related with-

(a) Lok Shaba and Rajya Sabha

(b) Declare to any tribe to shceulded tribe

(c) Give importance to ST in Civil Services

(d) Different Minsitry for tribes welfare.

39. ''नगर एक ऐसा समाज है जिसके सदस्य सावयवी एकता के द्वारा एक दूसरे से सम्बन्धित रहते हैं।'' किसने कहा ?

(क) डरखाइम (ख) लूमिस

(ग) बर्गेल (घ) सिम्स

Who said, "City is a society those members are related with each other with soliderity " ?

(a) Durkhiem (b) Lumis

(c) Bergal (d) Sims

40. जनसंचार की विशेषता है-

(क) इसकी प्रकृति संगठित है

(ख) यह एक प्रक्रिया है

(ग) सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन का साधन

(घ) उपर्युक्त सभी

The Characterstics of Media-

(a) Its nature is organized

(b) This is a process

(c) The means of social and cultural change

(d) All of these.

**खण्ड-ब**

**Group- B**

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

**Short answer type questions**

**प्रश्न संख्या 1 से 10 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 1 to 10 are short answer typequestion. Each question carries 3 marks.**

1. संयुक्त परिवार को परिभाषित करें।

   Drefine the joint family.

2. समुदाय की परिभाषा दें ?

   Give the Defination of community ?

3. प्रभुजाति किसे कहते हैं ?

   What do you mean by dominant caste ?

4. अनेकता में एकता से आप क्या समझते हैं ?

   What do you mean by unity in diversities ?

5. संस्कृतिकरण प्रक्रिया क्या है ?

   What is the process of Sanskritization ?

6. भूमि सुधार का क्या अर्थ है ?

   What is the meaning of land reform ?

7. पर्यावरण से आप क्या सझते हैं ?

   What do you mean by environment ?

8. भूमंडलीकरण से आप क्या समझते हैं ?

   What do you mean by Globalization ?

9. सीमान्तीकरण का क्या अर्थ है ?

   What is the meaning or marginlization ?

10. 'अन्यक्षा सक्षम' शब्द का अभिप्राय क्या है ?

    What is the relevance of the word differently abled ?

## खण्ड-स
## Group- C

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

**Long answer type questions**

**प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 06 अंक निर्धारित हैं।**

**Question nos. 11 to 15 are long answer type questions. Each questions carries 06 marks.**

11. आधुनिकीकरण क्या है ? भारतीय समाज पर आधुनिकीकरण के प्रभावों का वर्णन कीजिए।

    Wht is Modernization ? Discuss the impacts of Modeniazation on Indian Society.

12. शिक्षा से आप क्या समझते हैं ? इसकी विशेषताओं की विवेचना करें ।

    What do you mean by education? Discuss the characterstics.

13. पश्चिमीकरण का क्या अर्थ है? पश्चिमीकरण के प्रभावों की विवेचना कीजिए।

    What is the meaning of Westernization ? Discuss the effects of Westernization.

14. राज्य से आप क्या समझते हैं ? राज्य के आवश्यक तत्व कौन-कौन से हैं ।

    What do you mean by state? What is the essential elements of the state.

15. जनसंख्या वृ{¼ का समाज पर पड़ने वाले प्रभावों की विवेचना करें।

    Discuss the effects of over popolation on society.

**खण्ड-अ**

**( उत्तरमाला )**

**Group-A**

**Answer Sheet**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1)-घ | (2)-ख | (3)-ख | (4)-क | (5)-घ | (6)-ख |
| (7)-ख | (8)-क | (9)-क | (10)-ग | (11)-घ | (12)-ग |
| (13)-ख | (14)-क | (15)-क | (16)-क | (17)-घ | (18)-क |
| (19)-क | (20)-घ | (21)-क | (22)-ग | (23)-क | (24)-घ |
| (25)-घ | (26)-क | (27)-ख | (28)-क | (29)-ख | (30)-क |
| (31)-घ | (32)-ग | (33)-घ | (34)-क | (35)-ख | (36)-क |
| (37)-क | (38)-ग | (39)-क | (40)-घ | | |

## खण्ड-ब
## ( उत्तरमाला )

**उत्तर-1:-** संयुक्त परिवार ऐसे व्यक्तियों का समूह है जो एक ही घर में रहकर एक ही रसोई का भोजन करते हैं, एक साझी सम्पत्ति रखते हैं तथा आपस में मिलकर एक पूजा में भाग लेते हैं और आपस में पारस्परिक अधिकारों एवं कर्त्तव्यों के द्वारा एक दूसरे से सम्ब¼ रहते हैं। संयुक्त परिवार को कार्वे ने परिभाषित करते हुए कहा है कि ''एक संयुक्त परिवार उन व्यक्तियों का समूह है जो एक ही छत के नीचे रहते हैं, जो एक ही रसोई का पका भोजन करते हैं, जो समान्य सम्पत्ति के अधिकारी होते हैं जो समान्य पूजा में भाग लेते हैं तथा जो परस्पर एक दूसरे के विशिष्ट नातेदारी से संबंधित है।

**उत्तर-2:-** समुदाय निश्चित भू-भाग में रहने वाले व्यक्तियों का ऐसा समूह है, जो हम की भावनाओं से बंधे होते हैं और एक समान्य, संस्कृति का निर्माण कर अपने व्यापक उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं, इसलिए बोगार्डस ने कहा है कि ''समुदाय का विचार पड़ोस से शुरु होकर सम्पूर्ण संसार तक पहुंच जाता है।'' ऑगबर्न एवं निमकॉक के अनुसार, ''समुदाय किसी सीमित क्षेत्र के भीतर सामाजिक जीवन का पूर्ण संगठन है।''

**उत्तर-3:-** किसी क्षेत्र विशेष में हम उस जाति को प्रभु जाति कहते हैं, जिसकी संख्या शक्ति अधिक होने के साथ ही उसकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होने के कारण उसे सामाजिक और राजनीतिक प्रतिष्ठा प्राप्त हो जिस जाति के पास संख्या शक्ति तथा सत्ता हो वो उस समाज विशेष का प्रभु जाति हो सकता है। एम. एल. श्रीनिवास ने प्रभु जाति की अवधारणा को दिया। उनका विचार है कि ''जाति प्रबल तब होती है, जब यह दूसरी जाति से संख्या में अधिक होती है, जब उसे आध्यात्मिक व राजनीतिक सत्ता प्राप्त होती है तथा जब यह स्थानीय जातीय संस्तरण में उच्च सांस्कृतिक प्रस्थिति लिए होती है।

**उत्तर-4:-** भारत एक विभिन्नताओं का देश है। भारतीय समाज एवं संस्कृति अपनी विशेषताओं के कारण भारतीय समुदाय एक अनुपम समाज है किन्तु वर्तमान दशाओं में भारत को एक विविधतापूर्ण समाज कहा जा सकता है। भारतीय समाज अनेक प्रजातियों, जातियों, धर्मों, भाषाओं और विश्वासों से मिलकर बना है। जलवायु के दृष्टिकोण से यह समाज विभिन्न भौगोलिक, क्षेत्रों में बंटा हुआ है तथा विभिन्न क्षेत्रों की जनसंख्यात्मक आधार पर भी भारतीय समूह विभिन्न समूहों में विभाजित है। विभिन्न धर्मों का एक समन्वय स्थल है भारत। इतनी सारी विभिन्नताओं के बाद भी इनमें सांस्कृतिक एकता के दर्शन होते हैं। भारत में सभी धर्म और सम्प्रदाय एक दूसरे के पूरक हैं। सामाजिक उत्सवों तथा त्योहारों में प्रत्येक

धर्म, जाति और प्रदेश के लोग साथ साथ भाग लेते हैं। यहां की सभी भाषाओं का मूल संस्कृत भाषा है। यहां सभी मिलकर, राष्ट्ªीय पर्व मनाते हैं। भारतीय समाज की सांस्कृतिक एकता का सबसे ठोस स्वरूप यहां की वह राजनीतक एकता है जो धर्मनिरपेक्षता, समानता तथा स्वतन्त्रता पर आधारित है। भारत एक राष्ट्ª है तथा प्रत्येक जाति, धर्म तथा क्षेत्र के निवासी इसी राष्ट्ª के अंग हैं।

**उत्तर-5:-** संस्कृतिकरण की प्रक्रिया परिवर्तन की वह प्रक्रिया है, जिसके अन्तर्गत निम्न जातियां उच्च जातियों की सांस्कृतिक विशेषताओं को ग्रहण करके जाति संरचना में अपनी प्रस्थिति को ऊ¡चा उठाने का प्रयत्न करती है। परम्परागत रूप से भारतीय समाज में जाति व्यवस्था की प्रकृति बन्द थी, जिसमें किसी को भी अपनी प्रस्थिति में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं थी। संस्कृतिकरण की अवधारणा एम. एन. श्रीनिवास ने दिया है। संस्कृतिकरण को परिभाषित करते हुए श्रीनिवास ने लिखा है ''संस्कृतिकरण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा कोई निम्न हिन्दू जाति या जनजाति अपने से उच्च किसी जाति और प्राय: द्विज जातियों के समान ही अपने रीति रिवाजों, कर्मकाण्डों विचारों और जीवन शैली को बदलने लगती है।'' दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि आज निम्न जातियां सामाजिक और धार्मिक, जीवन में वे सभी व्यवहार करने लगी हैं, जिनकी अनुमति पहले केवल उच्च जातियों को दी जाती थी। उदाहरण के रूप में जेनऊ धारण करना शाकाहारी भोजन करना, सोने, चा¡दी के आभूषण पहनना तथा धार्मिक कर्मकाण्डों का पालन करना इसी के व्यवहार हैं। संस्कृतिकरण की प्रक्रिया निम्न जातियों की परम्परागत सामाजिक प्रस्थिति में होने वाले, परिवर्तन और सुधार को स्पष्ट करती है। यह प्रक्रिया स्वयं सामाजिक ढा¡चे में कोई परिवर्तन नहीं लाती।

**उत्तर-6:-** भूमि सुधारों का अभिप्राय कृषि भूमि के स्वामित्व एवं परिचालन में किये जाने वाले सुधारों से है। काश्तकारी सुधारों के अतिरिक्त भू-जोतों की सीमा निर्धारण, चकबन्दी, सहकारी, खेतों, भूमिहीनों के मध्य भूमि का वितरण, मिट्टी के गुणों को सुधार के आवश्यक अंग हैं। भूमि, सुधारों के कार्य में संरचना एवं संगठन में परिवर्तन करना है जिसमें भूमि के उपयोग व प्रबंध की वैज्ञानिक विधियों को बढ़ावा मिलता है और समस्त कृषिगत अर्थव्यवस्था अधिक उत्पादक, कार्यकुशल व न्यायसंगत बन जाती है। व्यापक अर्थ में भूमि सुधार एक ऐसा कार्यक्रम है जो आर्थिक और सामाजिक विकास की बाधाओं को दूर करने के लिए बनाया जाता है।

**उत्तर-7:-** पर्यावरण शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है-'परि' तथा 'आवरण' परि का अर्थ है चारों ओर जबकि आवरण का अर्थ होता है ढ़¡के हुए। इससे स्पष्ट होता है कि पर्यावरण का

तात्पर्य उन सभी प्राकृतिक और सामाजिक दशाओं से है, जो एक प्राणी के जीवन को चारों ओर से ढंके अथवा घेरे रहती है। पर्यावरण का जीवों के जीवन में बड़ा महत्व होता है। यह अपना अस्तित्व बनाये रखने के लिए पर्यावरणीय परिस्थितियों के साथ सदैव अनुक्रिया या समायोजन करते रहते हैं। प्रकृति में जो कुछ भी हमें परिलक्षित होता है वे सभी तथ्य जैसे-वायु, जल, मुद्रा, पेड़-पौधे तथा प्राणी सभी सम्मिलित रूप से पर्यावरण की रचना करते हैं। पर्यावरण और जीवन एक दूसरे से जुड़े हुए है। और पर्यावरण से पृथक किसी जीवन की कल्पना करना भी सम्भव नहीं है।

**उत्तर-8:-** भूमंडलीकरण का तात्पर्य विश्व की अर्थव्यवस्था में एकीरण की प्रक्रिया से है। इन प्रक्रिया में विभिन्न देशों के बीच व्यापारिक प्रतिबन्धों की कमी पूंजी का मुक्त प्रवाह तथा अन्तर्राष्ट ªीय व्यापार का समावेश होता है। पूरी दुनिया आज एक विश्व गा¡व के रूप में बदल रही है। इसके अन्तर्गत एक देश की पूंजी प्रौद्योगिकी तथा व्यावसायिक क्षमता में होने वाले विकास का उपयोग बहुत शीघ्र दूसरे देशों में भी होने लगता है। इसी दशा को हम भूमंडलीकरण कहते हैं। इस प्रक्रिया के फलस्वरूप जीवन तथा वस्तुओं की गुणवत्ता में सुधार हुआ, विकसित देशों की संस्कृति का दूसरे देशों में प्रसार होने लगा, संस्कृति तथा कला ने व्यावसायिक रूप ले लिया, संचार के साधनों में तेजी से वृ¼ हुई तथा विभिन्न देशों की सांस्कृतिक दूरियां कम होने लगी। विभिन्न देशों के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक सम्बन्ध बढ़ने से एक मिश्रित संस्कृति का विकास होता है।

**उत्तर-9:-** परिवर्तन की अनेक दूसरी प्रक्रियाओं को सम्मान सीमान्तीकरण की प्रक्रिया भी एक विशेष प्रक्रिया है। यह एक नकारात्मक प्रक्रिया है जिसके द्वारा विभिन्न आधारों पर कोई विशेष समूह या समुदाय सम्पूर्ण समाज से अलग-थलग होने लगता है। यह प्रक्रिया नियोजन के रूप में किया गया। यह वास्तव में परिवर्तन और विकास के अकार्यात्मक पक्ष से संबंधित है। जब किसी देश में सरकार द्वारा समाज के सभी दुर्बल वर्गों के प्रयत्न करने के बाद भी नीतियों को दोषपूर्ण होने या स्वयं दुर्बल समूहों के सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन में कुछ कमियां पैदा हो जाने के कारण एक बड़ा समूह या समुदाय देश और समाज की मुख्य धारा से अलग-थलग पड़ने लगता है तब इस दशा को सीमान्तीकरण कहा जाता है।

**उत्तर-10:-** विभिन्न प्रकार के, शारीरिक एवं मानसिक विकलांग, लोगों में अनेक ऐसी क्षमताए¡ होती हैं कि वे किसी दूसरे सामान्य व्यक्ति से अच्छा कार्य, कर सकते हैं। वर्तमान दशाओं में विकलांग लोगों के प्रति जनसाधारण के विचारों और मनोवृतियों में परिवर्तन होना आवश्यक है। शारीरिक या मानसिक रूप से असमर्थ व्यक्तियों को विकलांग कहना उनकी

भावनाओं को और अधिक ठेस पहुंचाता है। विकलांग की प्रतिभा और क्षमता को देखते हुए उनके लिए अन्यथा सक्षम शब्द का उपयोग करना अधिक उपयुक्त है।

## खण्ड–स
## ( उत्तरमाला )

**उत्तर–11:–** भारतीय समाज की संरचना में परिवर्तन लाने वाली एक अन्य प्रक्रिया, आधुनिकीकरण है। अपने दैनिक जीवन में हम आधुनिक, आधुनिकता तथा आधुनिकीकरण जैसे शब्दों का प्रयोग बहुत प्रचुरता के साथ, करते हैं। साधारणतया हम यह समझते हैं कि नये फैशन के कपड़े पहनना, घर की आधुनिक शैली से सज्जा करना, पश्चिमी ढंग से व्यवहार करना ही आधुनिकता है। इसके विपरीत किसी समाज में जब धार्मिक विश्वासों की जगह वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृf¼ होने लगती है, धार्मिक कट्टरता की जगह धर्म, निरपेक्षता का महत्व बढ़ता है, कुटीर उद्योगों की जगह प्रौद्योगिक विकास होने लगते हैं। तब इस दशा को हम आधुनिकीकरण कहते हैं।

आधुनिकीकरण की परिभाषा देते हुए डॉ. एस. सी. दूबे ने कहा है ''आधुनिकीकरण परिवर्तन का एक विशेष रूप है जिसमें सामाजिक संरचना, सामाजिक मूल्यों तथा व्यवहार की प्रेरणाओं का तार्किक व्यवहारों, सामाजिक समानता और गतिशीलता पर आधारित होता है।''

**भारतीय समाज पर आधुनिकीकरण के प्रभावः–**

**Effects of Modernization on Indian Society**

भारत में स्वतंत्रता के बाद जिस नयी राजनीतिक, आर्थिक तथा शैक्षणिक व्यवस्था का विकास हुआ। उसके शैक्षणिक व्यवस्था का विकास हुआ। उसके फलस्वरूप भारतीय सामाजिक संरचना में, तेजी से परिवर्तन होना आरम्भ हो गया। लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना से सामाजिक समानता, सामाजिक न्याय और छात्रों के प्रति समानता, सामाजिक न्याय और धर्मों के प्रति समानता को प्रोत्साहन मिला तो दूसरी ओर नयी शिक्षा व्यवस्था से तार्किक, विचारों, व्यवहारों और वैज्ञानिक आविष्कारों में वृf¼ हुई।

1) प्रौद्योगिक विकास– भारत में प्रौद्योगिक विकास ब्रिटिश शासन के दौरान ही आरम्भ हो गया था। लेकिन स्वतंत्रता के बाद आर्थिक नियोजन के कारण इसमें बहुत वृf¼ हुई। प्रोद्यौगिक विकास के फलस्वरूप जब नये आविष्कार बढ़ने लगते हैं तो एक ओर प्रति व्यक्ति आय में वृf¼ होती है।

2) कृषि का आधुनिकीकरण– भारत में गा¡ वों में कृषि की नयी प्रविधियों का उपयोग होना आधुनिकीकरण का एक मुख्य प्रभाव है।

3) शिक्षा का प्रसार - आधुनिकीकरण के फलस्वरूप शिक्षा के क्षेत्र में नयी तकनीकों का प्रसार तेजी से हो रहा है।

4) समाज सुधार को प्रोत्साहन- यातायात के साधनों, प्रौद्योगिक तकनीकों, शिक्षा के प्रसाार के फलस्वरूप भारतीय अंधविश्वासों को त्यागकर समाज में व्याप्त अनेक कुप्रथाओं तथा कुरीतियों को त्यागने लगे हैं।

5) सामाजिक मूल्यों और मनोवृत्तियों में परिवर्तन- आज धार्मिक कट्टरता के स्थान पर धर्मनिरपेक्ष विचारों का प्रभाव बढ़ा है।

**उत्तर-12:-** शिक्षा अंग्रेजी शब्द Education का हिन्दी रूपान्तरण है। यह शब्द लैटिन भाषा Educatum से आया है। 'Ed' का अर्थ 'अन्दर' से होता है तो 'Cetum' का अर्थ होता है, 'विकास करना'। अत: शिक्षा का शाब्दिक अर्थ अन्दर से विकास करना।

शिक्षा को अनेक शिक्षा शास्त्रियों ने अलग-अलग रूप से परिभाषित किया है।

**स्वामी विवेकानन्द** ''मानव की आन्तरिक पूर्णता का प्रकटीकरण ही शिक्षा है।''

**हरबर्ट के अनुसार,** ''शिक्षा पूर्ण और सफल जीवन की तैयारी है।''

**फ्रोबेल के अनुसार,** ''शिक्षा वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा बालक की जन्मजात शक्तिया¡ बाहर प्रकट होती है।''

उपरोक्त परिभाषाओं से स्पष्ट है कि शिक्षा वह प्रक्रिया है जो व्यक्ति के अन्तर्निहित गुणों का विकास करती है, और समाज के उत्तरदायी सदस्य के रूप में तैयार करती है।

**शिक्षा का विशेषताए¡ :-**

1) शिक्षा मानव की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है। शिक्षा के द्वारा मानव ज्ञान का अर्जन कर सही गलत का भेद स्पष्ट करता है तथा अपना विकास करता है।

2) शिक्षा के द्वारा व्यक्ति के अन्तर्निहित गुणों का विकास होता है जिससे वह समाज का एक उत्तरदायी सदस्य के रूप में तैयार हो जाता है।

3) समाजीकरण की प्रक्रिया में भी शिक्षा सहायक होती है। अर्जन ज्ञान को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्ताक्षरित करने में शिक्षा सहायक भूमिका निभाती है।

4) शिक्षा व्यक्तियों का मानसिक व्यावसायिक, राजनीतिक और कलात्मक विकास करके न केवल समाज को अद्योपतन से रक्षा करती है वरन् इसको स्थिरता भी प्रदान करती है।

5) शिक्षा के द्वारा व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। वह समाज को हर क्षेत्र में कार्य करने के लिए तैयार हो जाता है।

6) शिक्षा एक औपचारिक एवं अनौपचारिक प्रक्रिया है जो मानव प्राणियों की क्षमताओं के विकास में सहायता करती है।

7) शिक्षा वह कला है जिसके द्वारा प्रत्येक व्यक्ति अतीत के संगठित ज्ञान को प्राप्त करता है।

8) शिक्षा एक सामाजिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति चयनित तथा नियंत्रित पर्यावरण के अधीन रहकर सामाजिक क्षमता का वैयक्तिक विकास को प्राप्त करते हैं।

**उत्तर-13:-** समाज परिवर्तनशील है। सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन का व्यापक सि¼ांत यह मानकर चलता है कि परिवर्तन के स्रोत व्यवस्था के भीतर भी पाए जाते हैं और बाहर भी। सरल शब्दों में कहा जा सकता है कि पश्चिमीकरण वह प्रक्रिया है जो पश्चिमी संस्कृति से उत्पन्न होने वाले प्रभावों को स्पष्ट करती है। वास्व में पश्चिमीकरण का अर्थ इस सामान्य अर्थ से बहुत भिन्न है।

एम. एन. श्रीनिवास ने पश्चिमीकरण के अर्थ को स्पष्ट करते हुए लिखा है, ''पश्चिमीकरण का तात्पर्य भारतीय समाज के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में पैदा होने वाले उन सभी परिवर्तनों से है जो, पश्चिम की प्रौद्योगिकी व्यवहार के नियमों, विचारों और सामाजिक मूल्यों से सम्बन्धित है।'' इससे स्पष्ट होता है कि जब किसी समाज में व्यवहार के तरीके और सामाजिक मूल्य पश्चिमी देशों की संस्कृति के अनुसार बदलने लगते हैं तब इस दशा को हम पश्चिमीकरण कहते हैं।

श्रीनिवास ने भारत में 150 वर्षों के ब्रिटिश शासन के फलस्वरूप यहां की संस्कृति और समाज में होने वाले परिवर्तनों के लिए पश्चिमीकरण शब्द का प्रयोग किया। उन्होंने लिखा है कि ब्रिटिश शासन के दौरान यहां प्रशासन, कानून, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, परिवहन और संचार के क्षेत्र मे एक नयी व्यवस्था लागू की गयी। इसी के फलस्वरूप यहां लोगों के सोचने के तरीकों, व्यवहार के ढ़ंगों तथा सामाजिक आर्थिक संस्थाओं में व्यापक परिवर्तन उत्पन्न हुए। परिवर्तन की इसी प्रक्रिया का नाम पश्चिमीकरण है।

**भारतीय समाज पर पश्चिमीकरण के प्रभाव-**

1) धार्मिक जीवन में परिवर्तन- पश्चिमीकरण के प्रभाव से भारत में 19वीं शताब्दी से एवं व्यापक समाज सुधार आन्दोलन आरम्भ हुआ। पश्चिमी संस्कृति के मानवतावाद और सामाजिक समानता से प्रभावित होकर अनेक कुप्रथाओं एवं कुरीतियां का विरोध बढ़ने लगा।

2) शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन-स्वतन्त्रता के बाद परम्परागत शिक्षा व्यवस्था की जगह 'वैज्ञानिक और व्यावसायिक शिक्षा को अधिक महत्व दिया जाने लगा। इसके फलस्वरूप नयी पीढ़ी की मनोवृतियों और विचारों में परिवर्तन हो जाने से मनुस्मृति में दिये गये धर्म और संस्कृति सम्बन्धी व्यवहारों का विरोध बढ़ने लगा।

3) स्त्रियों की दशा में सुधार- पश्चिमीकरण के प्रभाव से जब वैयक्तिक स्वतन्त्रता और स्त्री पुरुषों की समानता के विचारों को महत्व मिलने लगा तो स्त्रियों ने भी आर्थिक जीवन में प्रवेश करना आरम्भ कर दिया।

4) जाति व्यवस्था में परिवर्तन-पश्चिमीकरण के फलस्वरूप वैयक्तिक स्वतंत्रता और सामाजिक समानता के कारण समाज के हर व्यक्ति की स्थिति को ऊ¡चा उठाने का अवसर मिला।

5) विवाह एवं परिवार संस्था में परिवर्तन-पश्चिमीकरण के फलस्वरूप नगरों का विकास हुआ। संयुक्त परिवार की प्रणाली टूटने लगी। बहुविवाह के स्थान पर एक विवाह की प्रथा का चलन बढ़ा। अन्तर्जातीय विवाहों में वृ¼ होने लगा।

**उत्तर-14:**- राज्य समाज की सबसे अधिक महत्वपूर्ण तथा प्रभावकारी राजनीतिक संस्था है और समाज में सबसे अधिक शक्तिशाली व्यवस्था है। सामाजिक व्यवस्था में जितनी भी उप व्यवस्थाएं हैं राज्य उन सबसे श्रेष्ठ हैं तथा उन सब पर इसका प्रभाव और नियंत्रण रहता है। लोगों के व्यवहार को नियमित तथा नियंत्रित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

'राज्य' शब्द को अंग्रेजी में (State) कहा जाता है, जिसकी उत्पत्ति लैटिन भाषा के शब्द स्टेटस (Status) से हुई है। स्टेटस शब्द का अर्थ एक व्यक्ति के सामाजिक स्तर से है।

अरस्तु ने राज्य की परिभाषा इस प्रकार दी है, ''राज्य परिवारों तथा ग्रामों का एक संघ होता है, जिसका उद्देश्य एक पूर्ण तथा आत्म निर्भर जीवन की स्थापना है, जिससे हमारा अभिप्राय एक सुखी और उदारपूर्ण जीवन से है।''

अमेरिका के राष्ट्ª पति वुडरो विलसन के अनुसाार, ''एक निश्चित भू-भाग पर कानून के लिए संगठित जनता का नाम राज्य है।

**राज्य के आवश्यक तत्व**- राज्य के चार तत्व आवश्यक है।

1) जनसंख्या-जनसंख्या, राज्य का पहला महत्वपूर्ण तत्व है। मनुष्यों के बिना राज्य की कल्पना नहीं की जा सकती। एक राज्य की संख्या अलग-अलग होती हैं लेकिन राज्य की संख्या इतनी होनी चाहएि कि उनके खान-पान का प्रबन्ध किया जा सकें तथा समय पड़ने पर अपनी रक्षा में समर्थ हो।

2) निश्चित भू-भाग- राज्य का आवश्यक तत्व निश्चित भू-भाग है। जब जनसंख्या स्थायी रूप से किसी न किसी निश्चित भर-भाग पर निवास करने लगती हैं, तभी राज्य की स्थापना हो सकती है।

3) सरकार- राज्य का तीसरा आवश्यक तत्व है। निश्चित भू-भाग पर रहने वाली जनसंख्या जब तक कानून के लिए राजनैतिक दृष्टि से संगठित न हो तब तक राज्य का निर्माण नहीं हो सकता। सरकार ही राज्य का वह अंग है जो शान्ति तथा व्यवस्था को बनाए रखती है।

4) प्रभुसत्ता- प्रभुसत्ता राज्य का चौथा आवश्यक तत्व है। प्रभुसत्ता का अर्थ है आन्तरिक प्रभुसत्ता दो प्रकार की होती है आन्तरिक प्रभुसत्ता तथा बाहरी प्रभुसत्ता। आन्तरिक प्रभुसत्ता का अर्थ है कि राज्य को अपनी सीमा के अन्दर रहने वाले सभी व्यक्तियों संस्थाओं तथा समुदायों पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त है। बाहरी प्रभुसत्ता का अर्थ है राज्य की सीमा के बाहर भी कोई ऐसा व्यक्ति अथवा संस्था नहीं है जो राज्य को आदेश दे सके तथा उसका पालन करवा सके।

**उत्तर-15:-** भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या ने अनेक सामाजिक, आर्थिक, एवं प्रशासनिक कठिनाइयां पैदा कर दी है। अधिक जनसंख्या के कारण समाज पर विभिन्न प्रभावों को निम्नलिखित रूप में देखा जा सकता है-

1) जनसंख्या वृf¼ और शिक्षा- जनसंख्या वृf¼ के साथ-साथ पढ़ाई के आयु के बच्चे की संख्या बढ़ जाती है। अतः जनसंख्या वृf¼ शिक्षा के विस्तार की समस्या खड़ी कर देती है। इससे देश के लिए शिक्षा पर खर्च बढ़ाना आवश्यक हो जाता है।

2) जनसंख्या वृf¼ और आवास, समस्या- जनसंख्या वृf¼ होने पर लोगों को बसाने और उनके लिए स्थास्थ्यप्रद, मकानों की व्यवस्था करने की समस्या पैदा होती है। शहरों में बढ़ती जनसंख्या के कारण विकास की योजनांए अस्त-व्यस्त हो जाती है।

3) जनसंख्या वृf¼ और आर्थिक विकास- जनसंख्या वृf¼ से आर्थिक विकास पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है, क्योंकि बचत का अधिकांश भाग जनसंख्या पर खर्च होने से राष्टªीय आय एवं प्रति व्यक्ति आय बहुत ही कम रह जाती है।

4) जनसंख्या वृf¼ और खाद्य, समस्या- जनसंख्या वृf¼ होने से पिछड़े एवं विकासशील राष्टªों में भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो जाती है, विदेशों से अनाज की आपूर्ति करनी पड़ती है जिससे ज्यादा पैसा देश के बाहर चला जाता है साथ ही संतुलित भोजन प्राप्त नहीं होने के कारण लोगों का पर्याप्त शारीरिक एवं मानसिक विकास नहीं हो पाता है तथा अनेक बीमारियां पनपती हैं, जिसके परिणामस्वरूप मृत्यु दर मे वृf¼ होती है एवं लोगों की कार्यक्षमता गिरती है।

5) जनसंख्या एवं मूल्य वृf¼-जनसंख्या के बढ़ने से वस्तुओं की प्रभावपूर्ण मांग में वृf¼ हो जाती है किन्तु उसी मात्रा में पूर्ति न होने पर वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाती है। महंगाई के कारण आम जनता अपनी आवश्यकता की पूर्ति करने में असमर्थ रहते हैं।

6) जनसंख्या वृf¼ एवं बेकारी- बढ़ती जनसंख्या किसी देश में बेकारी, अ¼Z बेकारी एवं छिपी बेकारी को जन्म देती है। जनसंख्या तो बढ़ती है किन्तु उसकी तुलना में उपलब्ध साधनों एवं पूंजी आदि की कमी के कारण अतिरिक्त श्रम की खपत नहीं हो पाती है जिसके कारण बेकारी बढ़ जाती है।

7) जनसंख्या वृ¼ एवं जीवन स्तर-परिवार में जनसंख्या बढ़ने पर सीमित आय को भी सभी सदस्यों, पर खर्च, करना होता है। ऐसी स्थिति में सदस्यों के लिए भोजन, वस्त्र, शिक्षा, मनोरंजन खेल-कूद आदि की सुविधा समुचित रूप से नहीं जुटायी जा सकती। अत: जनसंख्या की वृ¼ निम्न जीवन स्तर के लिए उत्तरदायी है।